ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

सोमवार, 27 मई 2024
वर्ष 2, अंक 276, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा 16

मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही 2



**मैली हो रही गंगा**

कानपुर में गंगा में हर दिन एक करोड़ लीटर गंदा पानी उड़ेल रहा है सीसामऊ नाला। इस नाले को 2019 में टैप किया गया था और यहां सेल्फी प्वाइंट बनाया गया था। तब 20 करोड़ लीटर गंगा पानी गंगा में गिरता था। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट बंद होने की वजह से अब गंदा पानी गंगा में उड़ेला जा रहा है। ● मनोज तिवारी

**बंगाल और प. बंगाल के समुद्र तटों से टकराएगा तूफान, एक लाख से अधिक लोगों को सुरक्षित जगह पहुंचाया गया**

# चक्रवात रेमल : प्रधानमंत्री ने की तैयारियों की समीक्षा

नई दिल्ली, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने को लेकर की गई तैयारियों की समीक्षा के लिए रविवार को बुलाई गई बैठक की अध्यक्षता की। जिसमें चक्रवाती तूफान रेमल से निपटने के उपायों पर चर्चा के साथ निर्देश दिए गए। तूफान के बांग्लादेश व पश्चिम बंगाल के बीच के समुद्र तटों पर आधी रात को दस्तक देने की आशंका है। चक्रवात से पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों और कोलकाता में भारी बारिश हुई है।



दक्षिण 24 परगना में लोगों को सतर्क करते एनडीआरएफकर्मी। ● एजेंसी

मौसम कार्यालय के अनुसार, रेमल के रविवार आधी रात तक भीषण चक्रवाती तूफान के रूप में सागर द्वीप और खेपुपाड़ा के बीच बांग्लादेश और पश्चिम बंगाल के तटों पर दस्तक देने की आशंका है। इससे प्रभावित तटवर्ती इलाकों में 110-120 किमी प्रति घंटे की गति से हवा चलेगी और यह गति 135 किमी प्रति घंटा तक पहुंच सकती है। कोलकाता हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर से 21 घंटे के लिए उड़ानें निलंबित कर दी गई हैं। पूर्वी और दक्षिण पूर्वी रेलवे ने कई ट्रेन का परिचालन रद कर दिया है। तटीय क्षेत्रों से लगभग 1.10 लाख लोगों को सुरक्षित आश्रय स्थलों में पहुंचाया है।

### ओडिशा के 4 जिलों में बारिश की चेतावनी

**भुवनेश्वर।** चक्रवाती तूफान 'रेमल' के तेज गति से तट की तरफ बढ़ने के मद्देनजर मौसम विभाग ने ओडिशा के चार जिलों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की है। चक्रवात के प्रभाव से भद्रक, बालासोर, केंद्रपाड़ा और मयूरभंज जिलों में सात से 11 सेंटीमीटर तक भारी बारिश का अनुमान है।

### त्रिपुरा में चार जिलों में जारी किया रेड अलर्ट

**अगरतला।** त्रिपुरा सरकार ने रविवार को चार जिलों-दक्षिण, धलाई, खोवाई और पश्चिम में रेड अलर्ट जारी किया। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ तूफान आने, 60 से 70 किमी प्रति घंटे की गति से हवाएं चलने और बहुत भारी बारिश होने की आशंका है, इसलिए यहां रेड अलर्ट जबकि शेष जिलों में ऑरेंज, येलो अलर्ट जारी किया गया है।

## एक नजर

### बीएसएफ ने ड्रोन व 11 किलो हेरोइन पकड़ा

**जालंधर।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमा पार से संचालित नार्को-सिंडिकेट्स को ध्वस्त करते हुए पंजाब के गुरदासपुर और अमृतसर के सीमावर्ती क्षेत्रों से एक ड्रोन और 11 किग्रा हेरोइन बरामद किया। शनिवार रात को बीएसएफ जवानों ने गुरदासपुर के सीमावर्ती क्षेत्र में एक ड्रोन की गतिविधि पर नज़र रखी और संदिग्ध स्थानों पर जवानों को तैनात किया। रविवार सुबह 5 :20 बजे बीएसएफ को गुरदासपुर के गांव अगवान में हेरोइन के दो पैकेट मिले। इसमें 11 किलो 36 ग्राम हेरोइन थी।

### मणिपुर में बांध के पास मिले तीन आईईडी

**इंफाल।** मणिपुर में सेना ने रविवार को इंफाल पूर्वी जिले के मफौ बांध के पास तीन इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) को सफलतापूर्वक निष्क्रिय कर एक बड़ी घटना को टाल दिया। सेना के प्रवक्ता ने कहा कि माफौ बांध के पास नोंगडैम तांगखुल और एतम तांगखुल गांवों को जोड़ने वाली सड़क पर ये आईईडी बरामद किए गए। नियमित गश्त के दौरान, सेना के जवानों ने सड़क के किनारे एक साथ रखे हुए तीन आईईडी को बरामद किया और सुरक्षित तरीके से निष्क्रिय कर दिया।

# सपा सरकार में लोग डर से कांपते थे, अब थर-थर कांपता है माफिया

## मिर्जापुर में बोले प्रधानमंत्री, योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ एजेंसी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार माफिया की सफाई अभियान को बड़ी बहादुरी के साथ पूरा कर रही है। योगी माफिया की गर्मी उतारने में एक्सपर्ट हैं। कहा कि सपा सरकार में जनता थर-थर कांपती थी, मगर भाजपा सरकार में माफिया थर-थर कांप रहे हैं। मोदी रविवार को मिर्जापुर जिले के मझवां में मिर्जापुर लोकसभा सीट से अपना दल की प्रत्याशी अनुप्रिया पटेल, रॉबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल और दुद्धी (सोनभद्र) विधानसभा उपचुनाव के लिए प्रत्याशी श्रवण कुमार गौड़ के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इंडी गठबंधन घोर साम्प्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी है। ये लोग धार्मिक आधार पर आरक्षण लागू करके बाबा साहब की पीठ में



● मोदी ने कहा-सपा का कानून व्यवस्था से छत्तीस का आंकड़ा

छुरा भोंकना चाहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता के एक-एक वोट की ताकत से जहां एक तरफ अयोध्या में श्रीराम मंदिर बना है तो वहीं दूसरी ओर मां विंध्यवासिनी का नव्य-भव्य धाम भी तेजी से बन रहा है।

मोदी ने कहा कि इंडी गठबंधन वालों को देश अच्छी तरह से जान गया है। सपा ने अपने परिवार के अलावा किसी अन्य यादव को टिकट नहीं दिया। कहा कि कानून व्यवस्था और सपा का छत्तीस का आंकड़ा रहा है। जीवन और जमीन कब छिन जाए कोई नहीं जानता था। सपा में माफिया को भी वोट बैंक के हिसाब से देखा जाता था। मगर, अब ऐसा नहीं है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि अब इनके निशाने पर हमारे देश का पवित्र संविधान है। ये दलित, पिछड़ों और आदिवासियों का हक लूटना चाहते हैं। संविधान साफ-साफ कहता है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो ही नहीं सकता। 2012 में उप्र. विधानसभा चुनाव के समय जनवरी में सपा ने अपना घोषणापत्र जारी किया था। तब उसमें कहा था कि जैसे दलितों, पिछड़ों को आरक्षण मिला है वैसे ही मुसलमानों को आरक्षण दिया जाएगा। यहां मुख्यमंत्री योगी, उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु, संजीव गौड़, सांसद पकौड़ी लाल कोल, राज्यसभा सांसद राम सकल सहित अन्य मौजूद रहे।

### हम घर का मिस्त्री नहीं बदलते ये पीएम बदलेंगे

प्रधानमंत्री ने कहा हम जब अपना घर बनाते हैं तो हर महीने नया मिस्त्री नहीं लगाते। इंडी गठबंधन कह रहा है कि पांच साल में पांच प्रधानमंत्री होंगे। जब हम एक घर बनाने के लिए पांच बार मिस्त्री नहीं बदलते तो पांच प्रधानमंत्री कैसे रखेंगे। कोई प्रधानमंत्री अपनी कुर्सी बचाने में ही लगा रहेगा तो वो देश को मजबूत कैसे बनाएगा, इसलिए मजबूत देश के लिए प्रधानमंत्री भी मजबूत होना चाहिए।

### मेरा बचपन कप-प्लेट धोते धोते बीता

अपना दल के चुनाव चिह्न कप-प्लेट की ओर इशारा करते हुए मोदी ने मिर्जापुर की उम्मीदवार अनुप्रिया पटेल और राबर्ट्सगंज से प्रत्याशी रिंकी कोल की सराहना करते हुए कहा, मैं बचपन में कप प्लेट धोते-धोते बड़ा हुआ हूं। चाय पिलाते-पिलाते बड़ा हुआ हूं। उन्होंने कहा कि इस बात का विशेष ध्यान रहे कि आप सिर्फ एमपी नहीं, पीएम भी चुन रहे हैं।

# पूर्वी दिल्ली के बच्चा अस्पताल में लगी आग, सात शिशुओं की मौत

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्वी दिल्ली के विवेक विहार में बच्चों के एक अस्पताल में आग लगने से सात नवजात शिशुओं की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 'बेबी केयर न्यू बॉर्न' अस्पताल में शनिवार रात करीब 11:30 बजे आग लग गई और जल्द ही यह दो अन्य इमारतों में भी फैल गई। संभागीय अग्निशमन अधिकारी राजेंद्र अटवाल ने कहा कि दो मंजिला इमारत में रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में विस्फोट हुआ, जिससे आसपास की इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं।

घटना में दो बुटीक, बगल की इमारत में संचालित इंडसइंड बैंक का एक हिस्सा और भूतल पर स्थित एक दुकान भी क्षतिग्रस्त हो गई। इमारत के बाहर खड़ी एक एम्बुलेंस और एक स्कूटी भी क्षतिग्रस्त हुई है।

डीएफएस प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि 12 नवजात शिशुओं को अस्पताल से निकाला गया लेकिन उनमें से सात की मौत हो गई। पांच शिशुओं का एक अन्य अस्पताल में इलाज किया जा रहा है और उनमें से कुछ मामूली रूप से झुलसे हैं। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) सुरेंद्र चौधरी ने कहा कि अस्पताल के मालिक नवीन किची के खिलाफ विवेक विहार पुलिस थाने में विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने मुख्य सचिव नरेश कुमार को अस्पताल में आग लगने की घटना की जांच के निर्देश दिए हैं। रविवार को एक्स पर शोकसंतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की। दिल्ली के मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा है कि घटना के दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।



घटनास्थल की जांच के लिए पहुंची पुलिस, एकत्र किए नमूने। ● एजेंसी

● ऑक्सीजन सिलेंडर में ब्लास्ट के बाद लगी आग, जांच के आदेश

● आसपास की कई इमारतें, वाहन और एम्बुलेंस हुई क्षतिग्रस्त

### इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कृष्णा नगर इलाके में शनिवार देर रात चार मंजिला आवासीय इमारत में आग लगने से तीन लोगों की मौत हो गई। दिल्ली अग्निशमन सेवा के अधिकारियों ने रविवार को बताया कि 66 वर्षीय परमिला शाद नाम की महिला का जला हुआ शव इमारत की पहली मंजिल पर मिला। 18 वर्षीय केशव शर्मा एवं 34 वर्षीय अंजू शर्मा की अस्पताल में मौत हो गई। आग से पार्किंग में खड़े 11 दोपहिया वाहन भी राख हो गए।

# माफिया की नई श्रेणी में पशु और शिक्षा माफिया

विनय सिंह, लखनऊ

● शिक्षा माफिया अभी एक, पशु माफिया में 30 नाम

● पहले खनन, शराब व भूमाफिया की बनती थी श्रेणी

**अमृत विचार :** उप्र. पुलिस ने माफिया को चिन्हित करने की कड़ी में दो अन्य तरह के माफिया के लिए अलग से श्रेणी बनाई है। ये दो नई श्रेणियां हैं, शिक्षा माफिया और पशु माफिया। अब पशु और शिक्षा के क्षेत्र में गैरकानूनी कार्य करने वालों को सामान्य माफिया की श्रेणी में न रखकर अलग से बनाई गई श्रेणी में रखा गया है। लखनऊ जोन के दोनों परिक्षेत्रों को मिलाकर शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम दर्ज हुआ है। जबकि पशु माफिया 30 की संख्या में हैं।

राज्य सरकार माफिया उन्मूलन को लेकर सख्त कार्रवाई कर रही है। पुलिस ने लखनऊ जोन के घोषित पांच माफिया का तंत्र ध्वस्त कर दिया है। पुलिस खनन, शराब और जमीनों को लेकर गैरकानूनी कार्य करने वालों पर भी कार्रवाई कर रही है। खनन, शराब और जमीनों से जुड़े मामलों में माफिया को पुलिस पहले भी चिन्हित करके कार्रवाई करती रही है, लेकिन परीक्षाओं आदि में पेपर लीक कराने, परीक्षा सेंटर आवंटित कराने वाले व सामूहिक नकल कराने वाले माफिया और प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी आदि करने वाले माफिया की अलग से श्रेणी नहीं बनी थी।

### सर्वाधिक पशु-शराब माफिया बाराबंकी में

लखनऊ जोन में सर्वाधिक पशु माफिया बाराबंकी में हैं। यहां 10 पशु माफिया घोषित हैं। इस जिले में सर्वाधिक 11 शराब माफिया भी सक्रिय हैं। अमेठी में खनन, पशु, जमीन और शिक्षा की श्रेणी में एक भी माफिया नहीं है।

### जोन में किस श्रेणी के कितने माफिया हैं

लखनऊ जोन के माफिया की सूची में खनन माफिया की संख्या दो है। जबकि शराब माफिया की संख्या 45 है। भू-माफिया की संख्या 10 और पशु माफिया की संख्या 30 है। अन्य तरह के कुल 49 माफिया भी सूची में दर्ज हैं।

### शिक्षा माफिया की श्रेणी में अभी एक ही नाम

पुलिस ने शिक्षा माफिया की श्रेणी बनाने के बाद नाम भी दर्ज करना शुरू कर दिया है। अभी इस श्रेणी में केवल एक ही नाम दर्ज है। अंबेडकरनगर जिले के लखमीपुर थाना आलापुर निवासी मनोज गोस्वामी को लखनऊ जोन में घोषित शिक्षा माफिया की श्रेणी में रखा गया है। मनोज पर जिले के आलापुर और टांडा थाने में छह मामले दर्ज हैं। यहीं से गैंगेस्टर लगाया गया है। इसके अलावा आजमगढ़ के मुबारकपुर में भी कई मुकदमे दर्ज हैं।

# अवैध खनन के विरोध पर मंत्री के पति को जान से मारने की धमकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात



● राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति अनिल शुक्ला वारसी का मामला

● खनन करा रही कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ एफआईआर

**अमृत विचार :** अवैध मिट्टी खनन का विरोध करने पर खनन करवा रही कंपनी के प्रबंध निदेशक ने राज्यमंत्री के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी को जान से मारने की धमकी दी और अपशब्द कहे। वारसी की तहरीर पर पुलिस ने रविवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर जांच शुरू की है।

उत्तर प्रदेश सरकार में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला के पति पूर्व सांसद अनिल शुक्ला वारसी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि अकबरपुर-रनियां विधानसभा क्षेत्र में मिट्टी चोरी व अवैध खनन का कार्य राज कारपोरेशन लिमिटेड (आरसीएल कंपाउंड स्टेशन रोड मैनपुरी) कर रही है। जिससे सड़कें बदहाल हो रही हैं। इसकी शिकायत राज्यमंत्री ने कोतवाली शिवली, एसपी, डीएम व आयुक्त कानपुर मंडल से की थी। पूर्व सांसद ने बताया कि 25 मई की दोपहर कंपनी के प्रबंध निदेशक मनोज यादव ने उन्हें फोन किया और धमकी देने लगे। जिसका विरोध करते हुए उन्होंने कहा कि गरीब किसानों की जमीन पर बिना सहमति रात में मिट्टी खुदाई की जा रही है। ओवरलोड खनन वाहनों ने सड़कें भी खराब हो रही हैं। वारसी का आरोप है कि उक्त बात कहने पर प्रबंधक निदेशक ने भड़कते हुए उन्हें अपशब्द कहे और धमकी दी। पूर्व सांसद ने आरोपी से स्वयं व परिवार को खतरा बताया है। इस संबंध में शिवली कोतवाल संजय गुप्ता ने बताया कि पूर्व सांसद की तहरीर पर कंपनी के प्रबंधक निदेशक के खिलाफ धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। छानबीन की जा रही है।

## अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल पर लगाएं प्रतिबंध

● सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को दिए निर्देश

**नई दिल्ली।** सरकार ने दूरसंचार कंपनियों को भारतीय मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने वाली सभी इनकमिंग अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल को प्रतिबंधित करने का निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग (डीओटी) ने रविवार को जारी बयान में कहा कि यह बताया गया है कि जालसाज भारतीय नागरिकों को भारतीय मोबाइल नंबर दिखाकर अंतर्राष्ट्रीय फर्जी कॉल कर रहे हैं और साइबर अपराध और वित्तीय धोखाधड़ी कर रहे हैं। बयान के अनुसार, प्रतीत होता है कि ऐसी कॉलें भारत के भीतर से उत्पन्न हो रही हैं।

# बताएं, किस कानून से चल रहा था गेम जोन

अहमदाबाद, एजेंसी

**गेम जोन हादसा**

● हाईकोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान अधिकारियों से मांगी रिपोर्ट

गुजरात हाईकोर्ट की विशेष पीठ ने रविवार को राजकोट के गेम जोन में आग लगने की घटना का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे प्रथम दृष्टया मानव निर्मित आपदा बताया है। इस हादसे में 27 लोगों की मौत हो गई थी। न्यायमूर्ति बीरेन वैष्णव और न्यायमूर्ति देवन देसाई की खंडपीठ ने कहा कि ऐसे गेमिंग जोन और मनोरंजक सुविधाएं सक्षम अधिकारियों से आवश्यक मंजूरी के बिना बनाए गए हैं। पीठ ने अहमदाबाद, वडोदरा, सूरत और राजकोट नगर निगमों के अधिवक्ताओं को निर्देश दिया कि वे सोमवार को इस निर्देश के साथ उपस्थित हों कि कानून के किन प्रावधानों के तहत अधिकारियों ने इन इकाइयों को अपने अधिकार क्षेत्र में स्थापित किया या संचालित करना जारी रखा।

राजकोट में शनिवार शाम लगी भीषण आग में 27 लोगों की मौत हो गई थी, जिसमें 12 साल से कम उम्र के चार बच्चे भी शामिल थे।

## सेना प्रमुख जनरल पांडे का कार्यकाल एक माह बढ़ा



**नई दिल्ली।** सरकार ने एक महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का कार्यकाल एक महीने बढ़ा दिया है। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को बताया कि जनरल पांडे 31 मई को सेवानिवृत होने वाले थे लेकिन अब वह 30 जून को सेवानिवृत्त होंगे। कहा गया कि केंद्रीय मंत्रिमंडल की नियुक्ति मामलों की समिति ने सेना नियमों 1954 के नियम 16ए (4) के तहत यह निर्णय लिया है। जनरल पांडे को दिसंबर 1982 में सेना की इंजीनियर कोर में कमीशन मिला था।

# नैनीताल में उमड़े पर्यटक, ट्रैफिक व्यवस्था हुई ध्वस्त

**सरोवर नगरी के रास्तों पर लगा 10-15 किमी लंबा जाम -पर्यटकों के साथ ही स्थानीय लोगों को हुई समस्या**

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

**अमृत विचार :** ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू होते ही सरोवर नगरी नैनीताल में पर्यटकों की भीड़ उमड़ पड़ी। हजारों की तादाद में पर्यटकों के पहुंचने पर पुलिस का ट्रैफिक प्लान धड़ाम हो गया। नैनीताल जाने वाले हर रास्ते पर सात-आठ घंटे तक जाम लगा रहा। इस जाम में पर्यटकों, स्थानीय लोगों के वाहनों समेत कई एंबुलेंस भी फंसी रहीं। पुलिस ने मशक्कत के बाद सुबह लगा जाम शाम तक खुलवाया।

दिल्ली, उत्तर प्रदेश समेत मैदानी राज्यों में पड़ रही भारी गर्मी व स्कूलों में अवकाश के बाद अचानक पर्यटकों की भीड़ नैनीताल की ओर



नैनीताल में पर्यटकों के उमड़ने से रविवार को माल रोड पर जाम में फंसी गाड़ियां।

रुख कर रही है। इस वजह से नैनीताल व आसपास के सभी होटल पैक हो चुके हैं वहीं रास्तों पर भी हजारों वाहनों के पहुंचने से जाम लग रहा है। रविवार को नैनीताल जाने वाले सभी रास्तों पर 10 से 15 किमी लंबा जाम लग गया। सुबह 10-11 बजे से जाम लगने का सिलसिला शुरू हुआ जो शाम 4-5 बजे तक जारी रहा। पुलिस ने जाम से निबटने के लिए अलग-अलग रूटों पर पार्किंग एवं शटल सेवा, जिन पर्यटकों की सरोवर नगरी में बुकिंग थी, सिर्फ उन्हीं को नैनीताल में जाने की अनुमति देने समेत कई नियम बनाए मगर पुलिस के ये इंतजाम नाकाफी रहे। सभी रास्तों पर वाहनों की लंबी कतारें लगने से सिर्फ पर्यटक नहीं बल्कि स्थानीय लोगों को भी दिक्कतें हुई।


### कैंचीधाम से भीमताल तक रेंगते रहे वाहन

बाबा नीब करौरी महाराज के दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की संख्या बढ़ती जा रही है। इस वजह से कैंचीधाम में भी कई किमी लंबा जाम लगा रहा। कैंचीधाम से भीमताल तक लगभग 40 किमी का सफर में वाहन रेंगते रहे। वहीं भीमताल, भवाली की प्रमुख मार्ग पर वाहनों की कतार लगने से क्षेत्रवासियों को भारी परेशानी हुई।

मैदानी क्षेत्रों से पर्यटक बहुत बड़ी संख्या में आ रहे हैं, इस वजह से सड़कों पर यातायात का बोझ बढ़ गया है। अधिकांश पुलिस बल को ट्रैफिक में लगाया गया है। शटल सेवा चलाई जा रही है। जिन पर्यटकों की होटल में बुकिंग नहीं है, उन्हें बाहर ही रोका जा रहा है। - **प्रहलाद नारायण मीणा**, एसएसपी, नैनीताल

# फाइनल में लड़खड़ाई हैदराबाद

## केकेआर ने रचा इतिहास, खिताबी मुकाबले में सबसे कम 113 रन पर सनराइजर्स को किया ढेर




चेन्नई, एजेंसी

कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजों ने घातक गेंदबाजी का मुजाहिरा करते हुए रविवार को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के खिताबी मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद को 18.3 ओवर में 113 रनों के स्कोर पर समेट दिया है। बता दें कि आईपीएल के इतिहास में किसी भी फाइनल मुकाबले में यह सबसे कम स्कोर है। इससे पहले साल 2013 में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने 9 विकेट गंवाकर 125 रन का स्कोर खड़ा किया था।

सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी हैदराबाद की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने पहले ही ओवर में अभिषेक शर्मा (2) का विकेट गवां दिया। अभिषेक को मिचेल स्टार्क ने बोल्ड आउट किया। अगले ही ओवर में वैभव अरोड़ा ने ट्रैविस हेड (शून्य) को भी पवेलियन भेज दिया। पांचवें ओवर में राहुल त्रिपाठी (9) भी मिचेल का शिकार बन गये। एडन मारक्रम और नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया।

कोलकाता के गेंदबाजों के आगे हैदराबाद का कोई भी बल्लेबाज नहीं टिक सका और एक के बाद एक खिलाड़ी आउट होते गये। सातवें ओवर में हर्षित राणा ने नितीश कुमार रेड्डी (13) को आउट कर दिया। उसके बाद 11वें ओवर में हर्षित ने एडन मारक्रम (16) को बोल्ड आउट किया। शाहबाज अहमद (8), अब्दुल समद (4), जयदेव उनादकट (4) रन बनाकर आउट हुए।

कप्तान पैट कमिंस 18 गेंदों में सर्वाधिक 24 रनों की पारी खेली। हैदराबाद की टीम 18.3 ओवर में 113 रन पर सिमट गई। कोलकाता नाइट राइडर्स की ओर से आंद्र रसल को तीन विकेट मिले। मिचेल स्टार्क और हर्षित राणा ने दो-दो विकेट लिए। वैभव अरोड़ा, सुनील नारायण और वरूण चक्रवर्ती ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

**2013** में मुंबई इंडियंस के खिलाफ चेन्नई सुपर किंग्स ने बनाया था 125 रन का स्कोर

**हैदराबाद 113/10** — 18.3 ओवर, अतिरिक्त : 13

| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| अभिषेक शर्मा बोल्ड स्टार्क | 2 | 5 | 0/0 |
| ट्रेविस हेड कैच गुरबाज बो वैभव | 0 | 1 | 0/0 |
| राहुल त्रिपाठी कैच रमनदीप बो स्टार्क | 9 | 13 | 1/0 |
| एडेन मारक्रम कैच स्टार्क बो रसल | 20 | 23 | 3/0 |
| नीतिश रेड्डी कैच गुरबाज बो हर्षित राणा | 13 | 10 | 1/1 |
| हेनरिच क्लासेन बोल्ड हर्षित राणा | 16 | 17 | 1/0 |
| शहबाज अहमद कैच नरेन बो वरूण | 8 | 7 | 0/1 |
| अब्दुल शमद कैच गुरबाज बो रसल | 4 | 4 | 0/0 |
| पैट कमिंस कैच स्टार्क बो रसल | 24 | 19 | 2/1 |
| जयदेव उनादकट पगबाधा नरेन | 4 | 11 | 0/0 |
| भुवनेश्वर कुमार नाबाद | 0 | 1 | 0/0 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 3-0-14-2, वैभव अरोरा 3-0-24-1, हर्षित राणा 4-0-24-2, सुनील नरेन 4-0-16-1, आंद्रे रसल 2.3-0-20-3, वरूण चक्रवर्ती 2-0-9-1



फाइनल मुकाबले में हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड को शून्य पर आउट करने के बाद जश्न मनाते केकेआर के खिलाड़ी।



चेन्नई के मैदान में आईपीएल फाइनल में अपनी-अपनी टीम का उत्साहवर्धन करने पहुंचे लोग

## दमखम और कौशल पर काम कर रही हैं मुक्केबाज नीतू

**नई दिल्ली।** झटकों से विचलित हुए बिना भारतीय मुक्केबाज नीतू गंघास अपने दमखम और कौशल पर मेहनत करते हुए इस साल विश्व चैंपियनशिप और 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक की तैयारी कर रही हैं।

नीतू ने 48 किलो वर्ग में शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन यह श्रेणी ओलंपिक में शामिल नहीं है। उसने 2022 राष्ट्रमंडल खेल और 2023 विश्व चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता। निकहत जरीन ने 50 किलो वर्ग में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है जिससे नीतू को 54 किलो में जाना पड़ा। वह हालांकि नए वर्ग में एशियाई खेलों (पहले ओलंपिक क्वालीफायर) की टीम में जगह नहीं बना सकी चूंकि प्रीति पंवार का स्कोर बेहतर था। प्रीति ने एशियाई खेलों से ही पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया। नीतू ने भारतीय खेल प्राधिकरण के फिट इंडिया चैंपियंस में कहा, मैं कदम दर कदम रणनीति बनाऊंगी और 54 किलो वर्ग में मजबूत होने की कोशिश करूंगी।

## खिलाड़ियों को जल्दी वापस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की

चेन्नई, एजेंसी



पूर्व कप्तान माइकल वॉन का मानना है कि पाकिस्तान के खिलाफ टी20 श्रृंखला खेलने के लिए अपने क्रिकेटरों को आईपीएल से वापिस बुलाकर इंग्लैंड ने गलती की क्योंकि उन्हें प्लेआफ में दबाव के हालात में खेलने का अनुभव नहीं मिल सका जो टी20 विश्व कप में काम आता। इंग्लैंड के कप्तान जोस बटलर (राजस्थान रॉयल्स), फिल साल्ट (कोलकाता नाइट राइडर्स) और विल जैक्स (रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू) को इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड ने पाकिस्तान के खिलाफ चार मैचों की टी20 श्रृंखला के लिए वापिस बुला लिया था जिसकी सुनील गावस्कर समेत भारत के पूर्व क्रिकेटरों ने आलोचना की थी।

वॉन ने क्लब प्रेयरी फायर पॉडकास्ट में कहा अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट पहले है लेकिन आईपीएल में दबाव उससे कम नहीं। इन खिलाड़ियों को प्रशंसकों, मालिकों और सोशल मीडिया के जिस दबाव का सामना करना होता है, वह बहुत बड़ा है। इंग्लैंड ने खिलाड़ियों को वापिस बुलाकर उस दबाव के अनुभव से वंचित कर दिया। आईपीएल प्लेआफ के दबाव, दर्शकों के दबाव से तैयारियां पाकिस्तान के खिलाफ टी20 खेलने से कहीं बेहतर होती। खास तौर पर साल्ट और जैक्स को तो बहुत कुछ सीखने को मिलता और उनकी तैयारी मजबूत होती। मैं पाकिस्तान या इंग्लैंड टीम का अपमान नहीं कर रहा लेकिन आईपीएल में दबाव बहुत होता है और इसका स्तर उस द्विपक्षीय श्रृंखला से बेहतर है।

## ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक नहीं खेलेंगे नीरज

नई दिल्ली, एजेंसी

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने रविवार को स्पष्ट किया कि वह चोटिल नहीं हैं लेकिन हाल ही में अभ्यास के दौरान मांसपेशियों में कुछ महसूस होने के बाद उन्होंने एहतियात के तौर पर चेक गणराज्य में 28 मई को होने वाली ओस्ट्रावा गोल्डन स्पाइक 2024 एथलेटिक्स मीट में भाग नहीं लेने का फैसला किया।

चोपड़ा ने कहा कि ओलंपिक वर्ष में वह कोई जोखिम नहीं लेना चाहते थे लिहाजा इस टूर्नामेंट में नहीं खेलेंगे। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा हाल ही में एक थ्रोइंग सत्र के बाद मैने ओस्ट्रावा में नहीं खेलने का फैसला किया क्योंकि मुझे एडक्टर मांसपेशी में कुछ महसूस हुआ। पहले भी मुझे



इसमें दिक्कत रही है और इस समय मैं जोखिम नहीं लेना चाहता। मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि मैं चोटिल नहीं हूं लेकिन मैं ओलंपिक वर्ष में कोई जोखिम नहीं लेना चाहता। यही वजह है कि मैने यह फैसला लिया। पूरी तरह उबरने के बाद मैं फिर स्पर्धाओं में भाग लूंगा। चोपड़ा ने इस सत्र में दो स्पर्धाओं दोहा डायमंड लीग और फेडरेशन कप में भाग लिया है। वह अतिथि के तौर पर इस टूर्नामेंट में पहुंचेंगे। चोपड़ा के स्पष्टीकरण से चंद घंटे पहले आयोजकों ने कहा था कि वह चोट के कारण टूर्नामेंट में नहीं खेल रहे हैं। आयोजकों ने एक बयान में कहा था चोपड़ा को दो सप्ताह पहले अभ्यास के दौरान मांसपेशी में चोट लगी थी जिसकी वजह से वह ओस्ट्रावा में नहीं खेल सकेंगे लेकिन अतिथि के तौर पर यहां आएंगे। मौजूदा ओलंपिक और विश्व चैंपियन चोपड़ा ने दोहा डायमंड लीग में रजत पदक जीता और भुवनेश्वर में फेडरेशन कप में स्वर्ण पदक हासिल किया था। चोपड़ा को मूल रूप से गोल्डन स्पाइक में भाग नहीं लेना था लेकिन दोहा डायमंड लीग के दौरान उन्होंने कहा था कि वह इसमें खेलेंगे। चोपड़ा की जगह अब यूरोपीय चैंपियन जर्मनी के जूलियन वेबर इसमें भाग लेंगे।

## खेल डायरी

### एशियाई चैंपियनशिप में दीपा ने स्वर्ण जीत रचा इतिहास

**ताशकंद।** शीर्ष भारतीय जिमनास्ट दीपा करमाकर रविवार को यहां महिला वॉल्ट स्पर्धा में पीला तमगा हासिल कर एशियाई सीनियर चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाली देश की पहली जिमनास्ट बन गईं। दीपा (30 वर्ष) ने प्रतियोगिता के आखिरी दिन वॉल्ट फाइनल में 13 .566 का औसत स्कोर बनाया। उत्तर कोरिया की किम सोन हयांग (13 .466) और जो क्योंग ब्योल (12 .966) ने क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। रियो ओलंपिक 2016 में वॉल्ट फाइनल में चौथे स्थान पर रही दीपा ने 2015 चरण में इसी स्पर्धा में कांस्य पदक जीता था। आशीष कुमार ने 2015 एशियाई चैम्पियनशिप में व्यक्तिगत फ्लोर एक्सरसाइज में कांस्य पदक जीता था। प्रणति नायक ने भी 2019 और 2022 चरण में वॉल्ट स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया था। डोपिंग उल्लघंन के कारण 21 महीने के निलंबन के बाद पिछले साल वापसी करने वाली दीपा आगामी पेरिस ओलंपिक की दौड़ से बाहर हैं।

### फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में पहुंची ओसाका

**पेरिस।** जापान की नाओमी ओसाका ने फ्रेंच ओपन 2024 के शुरुआती दिन रविवार को यहां लूसिया ब्रोंजेटी के खिलाफ महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की। फ्रेंच ओपन टेनिस में सातवीं बार खेल रही ओसाका ने शुरुआती सेट की निराशा से उबरते हुए विश्व रैंकिंग में 48वें पायदान पर काबिज ब्रोंजेटी पर 1-6, 6-4, 7-5 की जीत दर्ज की। रोलां गैरां में ब्रोंजेटी की तीन प्रयास में यह तीसरी हार है। दयान यास्त्रेमस्का ने अजला टोमलजानोविक को शिकस्त दी तो वहीं डोना वेकिच के खिलाफ पीठ दर्द की समस्या के कारण लेसिया त्सुरेंको पहले सेट के बीच में ही मैच से हट गईं। पुरुषों के ड्रा में विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज आंद्रे रुबलेव ने टारो डेनियल को हराया।

### श्रीहरि ने मेयर नोस्ट्रम तैराकी में रजत जीता

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी तैराक श्रीहरि नटराज ने फ्रांस में चल रहे 30वें मेयर नोस्ट्रम तैराकी टूर्नामेंटमें 50 मीटर बैकस्ट्रोक में रजत पदक जीता। तोक्यो ओलंपिक खेल चुके नटराज ने 25 .50 सेकंड का समय निकालकर हंगरी के एडम जास्जो के बाद दूसरा स्थान हासिल किया। ब्रिटेन के स्कॉट गिब्सन को कांस्य पदक मिला। नटराज का इस वर्ग में व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 25 .11 सेकंड का है। 50 मीटर बैकस्ट्रोक ओलंपिक स्पर्धा नहीं है। पेरिस ओलंपिक के लिए अभी तक कोई भारतीय तैराक क्वालीफाई नहीं कर सका है। तोक्यो ओलंपिक में साजन प्रकाश और नटराज ने क्वालीफाई किया था।

### भारतीय महिला हॉकी टीम अर्जेंटीना से हारी

**एंटवर्प (बेल्जियम)।** भारतीय महिला हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के बेल्जियम चरण में हार का सिलसिला जारी रहा और उसे रविवार को अर्जेंटीना से 0-3 से पराजय मिली। भारत के बेल्जियम चरण के अंतिम मैच में अर्जेंटीना के लिए सेलिना डि सैंटो (पहले मिनट), मारिया कैंपॉय (39वें) और मारिया ग्रेनाटो (47वें मिनट) ने गोल किए। अर्जेंटीना ने पहले ही मिनट में बढ़त बना ली जब डि सैंटो ने ग्रेनाटो के शॉट पर गोल दागा। दीपिका भारतीय टीम को मिले एक पेनल्टी कॉर्नर का फायदा नहीं उठा सकीं। भारत को तीसरे क्वार्टर की शुरुआत में पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन कोई गोल नहीं हुआ।

### लिम से हारी दीपिका, विश्व कप से लौटेंगी खाली हाथ

**येचियोन (दक्षिण कोरिया)।** मां बनने के बाद अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर वापसी कर रही दीपिका कुमारी तीरंदाजी विश्व कप में लगातार दूसरे पदक से चूककर दुनिया की दूसरे नंबर की तीरंदाज लिम सिहियोन और तीसरे नंबर की अलेजांद्रा वालेंशिया से हार गई। भारतीय तीरंदाजों को विश्व कप के दूसरे चरण से रिकर्व वर्ग से खाली हाथ लौटना पड़ेगा जबकि कंपाउंड वर्ग में एक स्वर्ण और एक रजत पदक जीता है। रिकर्व स्पर्धाएं ओलंपिक का हिस्सा हैं। भारत ने कंपाउंड वर्ग में महिला टीम स्पर्धा का स्वर्ण और मिश्रित टीम स्पर्धा का रजत पदक जीता है लेकिन दीपिका को छोड़कर रिकर्व वर्ग में कोई तीरंदाज पदक दौर में नहीं पहुंचा। दक्षिण कोरिया की 20 वर्ष की लिम ने सेमीफाइनल में जीत दर्ज की।

## फाइनल में फिर नरम पड़ी सिंधू की कलाई

कुआलालंपुर, एजेंसी

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधू का पिछले दो साल से चला आ रहा खिताब का इंतजार और लंबा हो गया क्योंकि उन्हें मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में रविवार को यहां विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज चीन की वांग झी यी से हार का सामना करना पड़ा। ओलंपिक में दो बार की पदक विजेता सिंधू तीन गेम तक चले 79 मिनट के मुकाबले के निर्णायक गेम में 11-3 की बड़ी बढ़त के बावजूद 21-16 5-21 16-21 से हार गई। वांग ने वापसी करते हुए आखिरी 23 में से 18 अंक जीत कर खिताब अपने नाम किया।

विश्व रैंकिंग में 15वें स्थान पर काबिज सिंधू इससे पहले 2022 सिंगापुर ओपन खिताब अपने नाम करने में सफल रही थी और पिछले साल मैड्रिड स्पेन मास्टर्स में उपविजेता रही थी। पांचवी वरीयता प्राप्त सिंधू अगर चैंपियन बनती तो



• मलेशिया मास्टर्स के खिताबी मुकाबले में वांग से हारीं सिंधू

सोने पर सुहागा होता लेकिन फाइनल तक के सफर में इस प्रभावशाली प्रदर्शन से पेरिस ओलंपिक से पहले उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। सिंधू मैच के अधिकांश मौजूदा एशियाई चैंपियन वांग के खिलाफ दबदबा बनाने में सफल रही लेकिन निर्णायक गेम में ब्रेक के बाद उन्होंने लय गंवा दी और वांग ने शानदार वापसी कर जीत दर्ज की।

दिलचस्प बात यह है कि सिंधू ने अपना पिछला फाइनल सिंगापुर ओपन में वांग के खिलाफ ही जीता था। वह हालांकि पिछले साल आर्कटिक ओपन में वांग से हार गई थीं, लेकिन उन्होंने इससे पहले तीन मुकाबलों में चीन की खिलाड़ी को दो बार हराया था।

सिंधू ने पिछले काफी समय से कैरोलिना मारिन, ताई त्जु यिंग, चेन यू फेई और अकाने यामागुची जैसी बड़ी खिलाड़ियों को हराने में विफल रही है और पेरिस ओलंपिक में उन्हें इन खिलाड़ियों के कड़ी चुनौती मिल सकती है। घुटने की चोट से उबर कर खेलों में वापसी कर रही सिंधू का फाइनल में पहुंचने से आत्मविश्वास जरूर बढ़ेगा। सिंधू अब मंगलवार से शुरू होने वाले सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में चुनौती पेश करेंगी। यह खिलाड़ी बेंगलुरु के प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकादमी में अभ्यास करती हैं। वह वांग के खिलाफ जीतने की स्थिति में होने के बावजूद मैच गंवाने की खामी को दूर करना चाहेंगी।

## टी20 में वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हराया

**किंगस्टन।** रॉस्टन चेज नाबाद (67) और कप्तान ब्रेंडन किंग (36) की शानदार बल्लेबाजी और उसके बाद गुडाकेश मोती की 22 रन पर तीन विकेट की घातक गेदबाजी के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे टी-20 में मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को 16 रन से हरा दिया है। इसी के साथ वेस्टइंडीज तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली है।

शनिवार देर रात सबाइना पार्क में 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीका ने शानदार शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 81 रन जोड़े। डिकॉक 17 गेंदों में 41 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, हेंड्रिक्स 18 गेंदों में 34 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका का कोई भी बल्लेबाज गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका। दक्षिण अफ्रीका सात विकेट पर 191 रन ही बना सकी और 16 रन से मुकाबला हार गई।

## प्रशासक की नियुक्ति के बाद विकल्प तलाश रहा है ईएफआई

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय घुड़सवारी महासंघ (ईएफआई) अपने कामकाज के संचालन के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा तदर्थ समिति के गठन के बाद कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहा है। ईएफआई ने कहा कि अदालत के इस फैसले से इस गरीब खेल महासंघ पर भारी वित्तीय बोझ पड़ जाएगा जो या तो समिति को फीस दे सकता है या खेल के विकास के लिए काम कर सकता है। अदालत ने राजस्थान घुड़सवारी संघ की याचिका पर यह फैसला सुनाया था।

आरईए ने ईएफआई कार्यकारी समिति के सदस्यों के कार्यकाल में विस्तार को चुनौती देते हुए कहा था कि यह खेल कोड के खिलाफ है। एक अलग याचिका में आरईए ने आरोप लगाया था कि ईएफआई ने क्लबों और संस्थानों को मताधिकार देकर खेल कोड का उल्लंघन किया है क्योंकि प्रदेश संघों को ही मतदान का अधिकार है। ईएफआई के एक सूत्र ने कहा हमारा सालाना राजस्व दो करोड़ रूपये हैं और कम से कम एक करोड़ तदर्थ समिति की फीस में चला जाएगा अगर वह एक साल तक काम करती है। आदेश के तहत ईएफआई को समिति के अध्यक्ष को प्रतिमाह पांच लाख रूपये और दो सदस्यों को एक एक लाख रूपये देने होंगे। ईएफआई गरीब महासंघ है और इतना पैसा एक समिति को नहीं दे सकता। ईएफआई के चयनित सदस्यों ने अपने काम के लिये एक रूपया तक नहीं लिया है। वे निस्वार्थ काम करते आये हैं। अगर समिति को भुगतान करना पड़ा तो कोचिंग शिविर बंद करने पड़ेंगे तथा टूर्नामेंटों की संख्या में कटौती करनी होगी।

## अमेरिका में ऐतिहासिक होगा टी-20 विश्व कप : प्रधान

न्यूयॉर्क, एजेंसी

न्यूयॉर्क में भारत के महा वाणिज्यदूत बिनय श्रीकांत प्रधान ने कहा है कि अमेरिका में टी20 विश्व कप ऐतिहासिक टूर्नामेंट होगा जिसे लेकर भारतवंशियों के साथ अमेरिकी लोगों में भी इसे लेकर काफी उत्साह है और क्रिकेट को देश में मुख्यधारा में लाने में यह अहम भूमिका निभाएगा।

प्रधान ने कहा पहली बार अमेरिकी धरती पर क्रिकेट का विश्व कप खेला जा रहा है। इसे लेकर भारतवंशियों में ही नहीं बल्कि अमेरिका के लोगों में भी भारी उत्साह है।अमेरिकी कांग्रेस सदस्य, सीनेटर, जन प्रतिनिधि सभी इसके बारे में बात कर रहे हैं। टी20 विश्व कप अमेरिका और वेस्टइंडीज में दो से 29 जून तक खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम पांच जून को आयरलैंड के खिलाफ यहां नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में अपने अभियान का आगाज करेगी। भारत और पाकिस्तान का मैच यहां नौ जून को होना है। प्रधान ने कहा मुझे यकीन है कि यह ऐतिहासिक आयोजन होगा। टीम इंडिया कई तरह से भारत का प्रतिनिधित्व करती है। हम उनका स्वागत करने को बेताब हैं और उनकी हौसलाअफजाई भी करेंगे। भारतीय टीम पहली बार अमेरिका की टीम से खेलेगी, यह बड़ा पल होगा। भारत-पाकिस्तान मैच को लेकर उन्होंने कहा इसे लेकर काफी उत्साह है। कई जानी-मानी हस्तियां इसे देखने पहुंचेंगी। बाकी मैच भी महत्वपूर्ण हैं लेकिन भारत-पाकिस्तान मैच हमेशा चर्चा का केंद्रबिंदु रहता है।

ICC MEN'S T20 WORLD CUP WEST INDIES & USA 2024

## बॉलीवुड हलचल



### मनोरंजन से भरपूर होगी मिस्टर एंड मिसेज माही

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव का कहना है कि उनकी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही, मनोरंजन से भरपूर फिल्म है और उसमें दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। राजकुमार राव और जाह्नवी कपूर इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। राजकुमार राव ने बताया है कि फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही में दर्शकों को रोमांस, इमोशन,फाइट सब कुछ देखने को मिलने वाला है। उन्होंने बताया, मिस्टर एंड मिसेज माही यह आप सभी की कहानी है। इस फिल्म में मेरे किरदार का नाम है महेंद्र, जो एक असफल क्रिकेटर है। महेंद्र अपना सपना पत्नी के जरिए जीते हैं। पहले महिमा क्रिकेट खेलती थीं और महेंद्र उन्हें सपोर्ट करेंगे। शरण शर्मा द्वारा निर्देशित और जी स्टूडियो और धर्मा प्रोडक्शंस द्वारा निर्मित, मिस्टर एंड मिसेज माही 31 मई को रिलीज होगी।

### मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब बोनी

**मुंबई।** बॉलीवुड के जाने-माने फिल्मकार बोनी कपूर अपनी सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया का सीक्वल बनाने के लिए बेताब हैं। बोनी कपूर ने वर्ष 1987 में अनिल कपूर, श्रीदेवी और अमरीशपुरी को लेकर सुपरहिट फिल्म मिस्टर इंडिया बनाई थी। शेखर कपूर के निर्देशन में बनी फिल्म मिस्टर इंडिया, 25 मई 1987 को प्रदर्शित हुई थी। मिस्टर इंडिया के सीक्वल पर बोनी कपूर ने एक अपडेट दिया है। इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है, जिसमें 'मिस्टर इंडिया' के सेट से पर्दे के पीछे की कई फोटोज हैं। बोनी ने कैप्शन में लिखा, दिखाई नहीं देने वाली घड़ी अभी भी ऑर्बिट में है। इसने 37 साल पूरे कर लिए हैं। इस जादू को फिर से चलाने के लिए रिचार्ज हो रहा हूं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
**संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी,** 0512-2548300 (कार्यालय), **ईमेल-** amritvicharkanpur@gmail.com (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

# सम्मेलनों में व्यापारियों ने लिया एकजुटता का संकल्प

कानपुर। व्यापारियों ने रविवार को प्रेरणा, संकल्प व शहीद दिवस को मनाते हुए विभिन्न सम्मेलन आयोजित किए। इस दौरान व्यापारियों ने एकजुटता का संकल्प लिया। अलग-अलग व्यापारिक संगठनों के सम्मेलनों में बुजुर्ग कारोबारियों को सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रमों में युवाओं को बुजुर्ग कारोबारियों की ओर से मेहनत करने का गुरु मंत्र दिया गया।

- व्यापार मंडलों ने बुजुर्ग कारोबारियों का किया सम्मान
- समारोह में युवा कारोबारियों को दिया गया श्रम का मंत्र


किदवईनगर में व्यापारियों का सम्मान किया गया। अमृत विचार


श्याम बिहारी गुट ने भी समारोह आयोजित किया। अमृत विचार



प्रेरणा दिवस पर व्यापारी सम्मानित हुए। अमृत विचार

### कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव का विरोध

**कानपुर।** भारतीय उद्योग व्यापार मंडल की ओर से किदवई नगर में संकल्प दिवस व सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कारोबारियों ने कॉमर्शियल काम्प्लेक्स के प्रस्ताव का विरोध किया। मंडल के प्रदेश वरिष्ठ महामंत्री ज्ञानेश मिश्र व महानगर अध्यक्ष गुरुज़िन्दर सिंह सहित अन्य पदाधिकारियों ने वरिष्ठ व्यापारियों को पगड़ी, शॉल व मोती की माला पहनाकर सम्मानित किया। व्यापारी नेता हरिश्चन्द्र अग्रवाल की पुण्यतिथि पर हुए आयोजन को संकल्प दिवस के रूप में मनाया। जयराम दास आहूजा, मार्बल मार्केट व्यापारी एसो के अध्यक्ष अशोक केसरवानी, दयानन्द अग्रवाल, रज्जन जायसवाल और विनोद शुक्ला गुड्डू को सम्मानित किया गया। अशोक शुक्ला, राजेश आहूजा, श्याम शुक्ला, गुलशन आनंद आदि रहे।

### पांच वरिष्ठ व्यापारियों का हुआ सम्मान

**कानपुर।** कानपुर उद्योग व्यापार मंडल 'श्याम बिहारी गुट' की ओर से रविवार को शहीद व समर्पण दिवस पर पांच वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया। होटल महादेवा रिजेंसी में हुए सम्मान समारोह में रामेश्वर गुप्ता, गोपी ओमर, मंसूर अली, सुनील खन्ना व विश्वनाथ अरोड़ा को प्रशस्तिपत्र, शॉल व पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष मुकुंद मिश्रा ने शहीद हुए व्यापारियों के बारे में बताया। संचालन महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी ने किया। इस दौरान विजय पांडे, राजेंद्र शुक्ला, धीरेंद्र गुप्ता, गीता गुप्ता, सतीश गुप्ता, राकेश पांडे, विराट गुप्ता, विनय अरोड़ा राकेश सिंह, सुशील गुप्ता सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

### छह वरिष्ठ व्यापारी सम्मानित किए गए

**कानपुर।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल का प्रेरणा दिवस रविवार को फजलगंज स्थित नमन गेस्ट हाउस में मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान 6 वरिष्ठ व्यापारियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वाले वरिष्ठ व्यापारियों में नरेंद्र कुमार मित्तल, श्याम मनोहर शुक्ला, गोपी बाजपेई, रमेश कुमार चुग, भारत टंडन व अजय कालरा को पगड़ी, शॉल व प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अध्यक्ष नरेंद्र तिवारी ने की। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अतुल द्विवेदी ने किया। इस दौरान व्यापारी नवीन शर्मा, असद इमरान , उपाध्यक्ष आशू शर्मा, आरके सफ्फड़, प्रेम मनोहर गुप्ता, अभिषेक द्विवेदी, जलज द्विवेदी, अमित गुलाटी, वैभव अरोड़ा, यशपाल भाटिया, नितेश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे।

# दिल्ली से लापता इवेंट मैनेजर का शव मिला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बैग में 24,500 रुपये, पैन और आधार कार्ड मिला, मौत की वजह स्पष्ट नहीं
- 21 मई से परिजन कर रहे थे तलाश, सेंट्रल स्टेशन पहुंचे बेटे ने की शिनाख्त

**अमृत विचार।** पांच दिन से लापता दिल्ली के इवेंट मैनेजर का शव रविवार को सेंट्रल स्टेशन पर मिला। प्लेटफार्म नौ पर आउटर की तरफ शव के समीप ही पड़े बैग में मिले कागजात के आधार पर परिजनों को सूचना दी गई। सेंट्रल स्टेशन पहुंचे बेटे ने शव की शिनाख्त की।

नार्थ वेस्ट दिल्ली के मॉडल टाउन थानाक्षेत्र निवासी गोपालदास बिनानी (65) 21 मई को लापता हुए थे। उनके बेटे नीरज ने बताया कि पिता कारपोरेट इवेंट मैनेजर थे। 21 मई की रात को जब पिता वापस घर नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। तब से लगातार उनकी खोजबीन की जा रही थी। रविवार सुबह जीआरपी से फोन आया तब कानपुर के लिए रवाना हुए। नीरज ने बताया कि पिता कैसे लापता हुए, यह बताना मुश्किल है। उन्होंने किसी से रंजिश होने से इंनकार किया है। जीआरपी प्रभारी अनिल कुमार शर्मा ने बताया कि बैग में 24,500 रुपये, पैन व आधार कार्ड, मोबाइल मिला है। शरीर पर कोई गहरा जख्म आदि भी नहीं है। गोपालदास सेंट्रल स्टेशन कैसे पहुंचे और मौत कैसे हुई। इस संबंध में जांच की जा रही है।

### स्टेशन के बाहर मृत पड़ा मिला ई-रिक्शा चालक

**कानपुर।** रेलबाजार थानाक्षेत्र में शुक्रवार रात ई-रिक्शा चालक स्टेशन के बाहर मृत पड़ा मिला। पुलिस ने शव के पास मिले कागजात से शव की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। प्रयागराज, खुल्दाबाद निवासी गुड्डू ने बताया कि उसका बड़ा भाई पप्पू साहू (40) बीते कई वर्षों से शहर में रह कर ई-रिक्शा चलाता था। वह कैंसर की बीमारी से ग्रसित था। शनिवार शाम सिटी साइड स्टेशन के साइड उनकी मौत हो गई। रेलबाजार पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

## एक नजर

### महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार

**कानपुर।** किदवई नगर थानाक्षेत्र में गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया। कुछ दिन पूर्व महिला का गांजा बेचते हुए वीडियो वायरल हुआ था। किदवई नगर थाना प्रभारी बहादुर सिंह ने बताया कि कंजड़नपुरवा गली से कुछ दूरी पर मधु पत्नी पिंटू निवासी सतबरी रोड हीरानगर नौबस्ता को गिरफ्तार किया गया है। महिला के पास से पुलिस को 260 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। महिला पर पहले भी मादक पदार्थों की तस्करी के मामले दर्ज हैं।

### लिंक भेजकर 80 हजार रुपये पार किये

**कानपुर।** बजरिया निवासी राहुल सिंह ने बताया कि उनके वाट्सएप पर लिंक भेज कर अज्ञात युवक ने उनके खाते से 80 हजार रुपये पार कर दिए। पीड़ित के मुताबिक बीती तीन अप्रैल को उनके फोन पर एक लिंक आया था। जिस पर क्लिक करते ही खाते से रुपये पार हो गए। पीड़ित ने बजरिया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### रामबाग में घर से सरिया और तसले ले गए चोर

**कानपुर।** रामबाग निवासी अर्जुन अवस्थी घर से ही भवन निर्माण संबंधी सामग्री, औजार, तसले, सरिया और सीमेंट बेचने का काम करते हैं। पीड़ित ने बताया कि बीते 24 मई की रात दो अज्ञात व्यक्ति घर में घुस आए और लगभग 30 तसले और 40 किलो सरिया चोरी कर ले गए। बजरिया थाना प्रभारी अजय सिंह ने बताया तहरीर के रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

### दुकान से नकदी चोरी

**कानपुर।** मंगला विहार द्वितीय में लोहे और स्टील उपकरण की दुकान का ताला तोड़ कर चोरों ने नकदी पार कर दी। पीड़ित ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। दहेली सुजानपुर निवासी वीरेंद्र सिंह की मंगला विहार द्वितीय में रुद्र ट्रेडर्स के नाम से लोहे और स्टील उपकरण की दुकान है। वीरेंद्र ने बताया कि 16 मई को चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर 2100 रुपये और डीवीआर चोरी कर लिए थे। इसके बाद बीते 23 मई को चोरों ने 3100 रुपये पार कर दिए। पीड़ित ने थाने में शिकायत की।

# टक्कर के विरोध पर घर में घुसकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- आरोपियों के खिलाफ चकेरी थाने में रिपोर्ट

**अमृत विचार।** चकेरी थानाक्षेत्र में बाइक सवार युवक ने तीन साल की बच्ची को टक्कर मारकर घायल कर दिया। परिजनों के विरोध करने पर आरोपी ने अभद्रता की। पीड़ित के घर में घुस कर मारपीट की और सोने की चेन लूट कर फरार हो गए। पीड़ित ने कोर्ट के आदेश पर चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया है।

अहिरवां, संजीव नगर निवासी शिव विजय सिंह ने बताया कि बीते सात अक्टूबर 2023 की शाम को उनकी तीन साल की बेटी घर के बाहर खेल रही थी। तभी सीताराम नगर निवासी चंद्रजीत यादव उर्फ राहुल तेज रफ्तार से बाइक चलाते हुए आया और उनकी बेटी को टक्कर मार दी, जिससे बेटी बुरी तरह से घायल हो गई। विरोध करने पर राहुल पिता को दरोगा बताते हुए अभद्रता करने लगा। जिस पर उन्होंने डायल 112 को सूचना दी। आरोप है कि पुलिस से भी आरोपी व उसके परिजनों ने अभद्रता की। चौकी, थाने में शिकायत करने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस से शिकायत करने की जानकारी होने पर 12 अक्टूबर 2023 को राहुल अपनी मां, बहन समेत आधा दर्जन लोगों के साथ घर में घुस आया और पीड़ित व उनकी पत्नी संग मारपीट की। आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान आरोपी उनकी पत्नी की चेन लूट कर भाग गए।

# गंगा में डूबे युवकों का बैग दोस्त ने जंगल में जला दिया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- भाजपा नेता ने बेटे के दोस्त पर लगाया हत्या का आरोप
- सीसीटीवी कैमरे में मृतक का बैग ले जाती युवती हुई कैद

**अमृत विचार।** सिविल लाइंस स्थित बाबा घाट में गंगा में डूबे तीन युवकों के मामले में रविवार को नया मोड़ सामने आया। मृतक कैंट निवासी प्रखर तिवारी के पिता भाजपा नेता सुमित तिवारी ने बेटे के दोस्त राजवीर सिंह पर षडयंत्र कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। परिजनों ने पुलिस को एक सीसीटीवी फुटेज भी सौंपी है, जिसमें एक युवती प्रखर का बैग लेकर जाती हुई दिख रही है। पुलिस ने राजवीर की निशानदेही पर मैस्कर घाट के जंगल से तीनों युवकों के मोबाइल फोन व जला हुआ बैग बरामद किया। रात में सैकड़ों भाजपाई कोतवाली पहुंच गए और हंगामा किया।

कैंट निवासी पूर्व सभासद प्रस्तावना तिवारी व उनके पति भाजपा नेता सुमित तिवारी का 19 वर्षीय बेटा प्रखर उर्फ प्रेम अपने दोस्त आदर्श सिंह उर्फ रौनक, सुतरखाना निवासी आयुष्मान दुबे व राजवीर सिंह उर्फ आयुष के साथ बीते शुक्रवार को फूलबाग स्थितंतरणताल में नहाने की बात कह कर घर से निकले थे। तरणताल बंद होने के कारण चारो दोस्त बाबा घाट गंगा नहाने चले गए थे।

नहाने के दौरान प्रखर, आदर्श, व आयुष्मान गंगा में डूब गए थे। घटना से दहशतजदा चौथा साथी राजवीर मौके से फरार हो गया था।

रविवार को मृतक प्रखर के पिता सुमित तिवारी ने बाबा घाट की दो सीसीटीवी फुटेज पुलिस को सौंपते हुए राजवीर पर हत्या का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की जिसमें चारों दोस्त घाट जाते दिख रहे है।

वहीं दूसरे सीसीटीवी फुटेज में एक युवती प्रखर का बैग लेकर जाते हुए दिख रही है, जिसमें पीछे से राजवीर जाता दिखाई पड़ रहा है। पुलिस ने राजवीर से पूछताछ कि तो पता चला कि उसने दहशत में मेस्कर घाट के जंगलों में मृतक साथियों का मोबाइल फेंक दिया था और बैग जंगल में जला दिया था। पुलिस ने राजवीर की निशानदेही पर मोबाइल बरामद किए।

इस संबंध में डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने बताया कि राजवीर चारों दोस्तों में सबसे कम उम्र का है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने से मौत की पुष्टि हुई है। पूछताछ में राजवीर ने बताया कि चारों दोस्त बिना बताए गंगा नहाने को निकले थे, हादसे में वह अकेला बचा था। जिसके बाद दहशत में आकर उसने यह कदम उठाया है।


मैस्कर घाट के जंगल से मोबाइल बरामद करती पुलिस।


घाट जाने के दौरान सीसीटीवी में कैद चारों दोस्त।

### इन बिंदुओं पर पुलिस कर रही जांच

- हादसे के बाद राजवीर ने किसी को सूचना क्यों नहीं दी
- अगर डर गए थे तो तीनों के मोबाइल, बैग और हेलमेट लेकर क्यों भागे
- बैग को मैस्कर घाट पर ले जाकर क्यों जलाया
- घाट से निकलने के दौरान आगे चल रही लड़की कौन थी
- मृतक आयुष्मान दुबे की गायब स्कूटी कहां है

# बिना अनुमति नहीं जा सकते विदेश

कार्यालय संवाददाता कानपुर देहात

- बीईओ व बीएसए की रिपोर्ट पर बेसिक शिक्षा सचिव भ्रमण की देते अनुमति

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित प्राथमिक उच्च प्राथमिक और कंपोजिट विद्यालयों में तैनात शिक्षक यदि बिना विभागीय अनुमति के विदेश घूमने गए तो सख्त कार्यवाही की जाएगी। इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं।

अधिकारियों का कहना है कि स्कूलों में यदि ग्रीष्मावकाश है तो भी विदेश भ्रमण की अनुमति लेना जरूरी है। नियम के मुताबिक शिक्षक हो या कर्मचारी किसी को भी विदेश जाने के लिए पहले बीएसए के पास आवेदन करना होता है। उसके बाद बीएसए बीईओ से रिपोर्ट लेते हैं।

फिर बीएसए विदेश जाने की अनुमति के लिए बेसिक शिक्षा विभाग के सचिव के पास फाइल भेजते हैं। फिर सचिव ही शिक्षकों को विदेश जाने की अनुमति देते हैं। अगर कोई शिक्षक बिना अनुमति के विदेश जाता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही होती है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धी पांडेय का कहना है कि कोई भी शिक्षक हो या विभागीय कर्मचारी बिना विभाग के अनुमति के वह विदेश नहीं जा सकता है। बिना अनुमति के यदि पकड़े गए तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**बिना अनुमति विदेश जाने में सर्विस बुक पर दर्ज होगा रिकॉर्ड:** मौजूदा समय में सभी सरकारी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश चल रहा है। इस बार यदि कोई शिक्षक बिना अनुमति के विदेश गया तो उसे अनुशासनहीनता माना जाएगा और इसका रिकॉर्ड सर्विस बुक पर भी चढ़ाया जाएगा। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि अगर किसी शिक्षक को विदेश जाना है तो पहले वह बीएसए के पास आवेदन करे क्योंकि वही उसका नियुक्ति प्राधिकारी होता है। उसके बाद बीईओ से शिक्षक की कार्यशैली की जांच कराई जाती है। फिर सचिव परिषद को फाइल भेज दी जाती है। फिर सचिव पर निर्भर रहता है कि वह विदेश जाने की अनुमति देते हैं कि नहीं।

### इसलिए अनुमति लेने से डरते शिक्षक

अनुमति मिलने के बाद भी शिक्षक पर नो वर्क नो सैलरी का फॉर्मूला लगाया जाता है। ऐसे में शिक्षक अपना वेतन कटने के डर से गुपचुप वाला रास्ता अपनाते हैं। इस बारे में अभी तक कई अलग-अलग जनपदों में कई शिक्षकों पर कार्यवाही हो चुकी है।

# गांव के तीन घरों में लगी आग, गृहस्थी राख

संवाददाता, रसूलाबाद

- असालतगंज के मजरा कधिया गांव में हुआ हादसा

**अमृत विचार।** असालतगंज के मजरा कधिया गांव में संदिग्ध हालात में तीन घरों मे आग लग गई। सूचना पर मौके पहुंचें दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से घरों में रखी गृहस्थी का सामान और अनाज जलकर राख हो गया। असालतगंज के कधिया गांव में संदिग्ध हालात में रविवार दोपहर को बबुआ के घर में रखे भूसे में आग लग गई। आग से पड़ोसी रामसेवक और भईयालाल के घर भी चपेट में आ गए। ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। आग की चपेट में आने से रामसेवक के घर में रखे 17 कुंतल गेहूं और 7 कुंतल धान समेत गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। तहसीलदार सुभाष चन्द्र यादव ने बताया कि क्षति का आकलन करा मुआवजा दिलाया जायेगा।

### चिंगारी गिरने से घर में लगी आग

**सिकंदरा।** मालवीय नगर निवासी रईस अहमद ने बताया कि वे रविवार को बाहर गए थे। तभी शाम को पड़ोसी ने खेत के खरपतवार में आग लगा दी। जिसकी चिंगारी उनके घर तक पहुंच गई। आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। लोगों ने जब तक आग पर काबू पाया, तब तक गृहस्थी का पूरा सामान जलकर राख हो गया।

## सार-संक्षेप

### ट्रक ने फुटवियर कारोबारी को रौंदा, मौत

**कानपुर।** रायपुरवा थानाक्षेत्र में बीते 23 मई को ट्रक की टक्कर से घायल फुटवियर कारोबारी की शुक्रवार देर रात इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया। रतनलाल नगर निवासी पुनीत गांधी (36) का मूलगंज में फुटवियर का गोदाम है। छोटे भाई मोहित ने बताया कि बीते 23 मई को पुनीत तगादा करने के लिए स्कूटी से उन्नाव गए थे। वापस लौटने के दौरान रायपुरवा थानाक्षेत्र स्थित जीटी रोड के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनको टक्कर मार दी थी। हादसे में पुनीत गंभीर रूप से घायल हो गए थे। परिजनों ने उन्हें रीजेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। शनिवार देर रात इलाज के दौरान पुनीत की मौत हो गई। रायपुरवा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

# ट्रेनों पर चुनाव ड्यूटी से लौट रहे सिपाहियों का कब्जा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के छठें चरण का मतदान कराकर लौटे सिपाही, दरोगाओं ने दिल्ली-हावड़ा, मुंबई और फर्रुखाबाद रूट की ट्रेनों पर कब्जा कर लिया। जहां भी जगह मिली सिपाहियों ने यात्रियों को हटाकर सीट कब्जा ली। टीटीई से लेकर चेकिंग स्टाफ ने यात्रियों की समस्या को अनसुना कर दिया। यात्रियों ने रेल मंत्री, डीआरएम और जीएम को ट्वीट किया पर राहत नहीं मिली।

दिल्ली-हावड़ा, मुंबई और फर्रुखाबाद रूटों पर रविवार को यात्री बहुत परेशान रहे। चुनाव कराकर लौट रहे पुलिसकर्मियों की मनमानी से कंफर्म सीट पर यात्रा कर रहे यात्रियों को भी गलियारों में खड़ा होना पड़ा। स्लीपर ही नहीं एसी कोच के यात्री भी परेशान रहे। पुलिसकर्मी एसी कोचों में भी यात्रियों को धकियाकर चढ़ गए और सीटों पर बैठ गए। ब्रह्मपुत्र, एनई, रीवा, साबरमती, सीमांचल, जोधपुर-हावड़ा, नीलांचल सहित अन्य ट्रेनों के रिजर्व कोचों में पुलिसकर्मियों का कब्जा रहा। परेशान यात्रियों ने ट्वीट कर रेलवे अधिकारियों को इसकी जानकारी दी, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई। यात्रियों ने बताया कि शिकायत के बाद भी स्टेशन पर कोच खाली नहीं कराए गए।

**जनसमस्या** — सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन शुरू न होने की वजह से समस्या, निराला नगर के बाहर कूड़े का अंबार

# ट्रांसफर स्टेशन में ताला, बाहर बजबजा रहा कूड़ा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** स्मार्ट सिटी में स्मार्ट तरह से कूड़े का निपटान नहीं हो पा रहा है। सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन में ताला लगा होने की वजह से सफाई कर्मचारी बाहर की कूड़ा फेंक जा रहे हैं। ट्रांसफर स्टेशनों में मशीनरी न लगी होने की वजह से कूड़े का स्मार्ट तरीके से स्टोर नहीं हो पा रहा है।

इससे राहगीरों को गंदगी का सामना करना पड़ रहा है। निराला नगर में बनकर तैयार ट्रांसफर स्टेशन पर ताला जड़ा है। इसी तरह किदवई नगर संजय वन, बाकरगंज, जाजमऊ में, परमपुरवा, सूटरगंज, कल्याणपुर में बने ट्रांसफर स्टेशनों के बाहर ताला लगा हुआ है। इससे समस्या पहले जैसी ही बनी हुई है।

कानपुर में खुले में कूड़ा घरों को खत्म कर नगर निगम ने 72 स्मार्ट कूड़ाघर (सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन) बनवा रहा है।

निर्माण के लिए 16 अक्टूबर 2023 को साई बिल्डर्स को वर्क ऑर्डर जारी किया गया। कंपनी ने नगर आयुक्त से शिकायत करते हुए कहा है, कि कई जगहों पर आम जनता की आपत्ति के बाद काम बंद करना पड़ा। वहीं, कई जगहों पर पास स्थित सरकारी विभाग द्वारा काम रुकवा दिया गया। इससे निर्माण कार्य पूरा करने में देरी हो रही है। वहीं, जो बन गये हैं उनको अब तक हस्तांतरित नहीं किया जा पा रहा है।

इससे सफाई कर्मचारी सड़क पर ही कूड़ा डंप कर रहे हैं। स्मार्ट सिटी के अधिकारियों के अनुसार शहर को कूड़ा फ्री बनाने को लेकर 31 ट्रांसफर पूरी तरह से बनकर तैयार भी हो चुके हैं, और 20 ट्रांसफर स्टेशन शहर के अलग-अलग जोनों में बनाये जा रहे हैं। जबकि 11 ट्रांसफर स्टेशन का काम रुका पड़ा है। वहीं इनमें से 9 ट्रांसफर स्टेशनों में स्मार्ट तरीके से कूड़ा संग्रहण शुरू हो गया है। जोन एक में सबसे ज्यादा सात जगह ट्रांसफर स्टेशन बनाया जाना है। एक स्टेशन को बनाने में नगर निगम कुल 13 लाख 82 हजार रुपये खर्च करेगा।



निराला नगर स्थित सॉलिड वेस्ट ट्रांसफर स्टेशन के बाहर पड़ा कूड़ा। अमृत विचार

### नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिये

नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय संखवार ने कहा कि 34 जगह पीसी कॉम्पैक्टर प्रस्तावित हैं। इसमें नौ जगह पीसी कॉम्पैक्टर रख दिये गये हैं। पांच अलग-अलग कंपनियों को ठेका दिया गया है। अब शहर में प्रतिदिन 300 मीट्रिक टन कूड़ा सीधा कंटेनरों में बंद किया जा रहा है। द्वारिकापुरी, भैरोघाट, ग्रीन पार्क के पीछे सिविल लाइंस, बजरिया, संगीत टाकीज के बगल में टेनरी, डीप्टी पड़ाव के पीछे कंजरिया, एलआईसी फूलबाग, बबुपुरवा एनएलसी चौकी, एमआईजी तिराहा पनकी में पीसी कॉम्पैक्टर के जरिये कूड़ा एकत्र किया जा रहा है।

# चकेरी में घायल पड़ा मिला युवक अस्पताल में मौत

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र में शुक्रवार संदिग्ध हालत में घायल युवक पड़ा मिला। पुलिस ने घायल को कांशीराम अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देकर शव पोस्टमार्टम भिजवाया।

महाराजपुर थानाक्षेत्र के महुआ गांव निवासी शुभम (25) मजूदरी करता था। वह तीन भाईयों अजीत, सुरजीत में सबसे छोटा था। शनिवार सुबह शुभम पीएसी मोड़ स्थित साइट पर जाने के लिए घर से निकला था।

कोयला नगर चौकी क्षेत्र के पास शुभम घायल पड़ा हुआ मिला था। कांशीराम अस्पताल में देर रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम भिजवाया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सूचित हो कि हम **पंकज सिंह प्रियदर्शी पुत्र रविन्द्र सिंह एवं पूजा सिंह पत्नी पंकज सिंह प्रियदर्शी, निवासी-सेक्टर K-808बी, आशियाना, लखनऊ,** मो0- 8795488888, हमारे मकान की एलाटमेंट लेटर, रजिस्ट्री दिनांक 01.12.2014 को बही सं0-1, जिल्द सं0-18238, पृष्ठ सं0-261 से300 पर क्रमांक-26113 रजिस्ट्रीकृत किया गया था एवं करेक्शन डीड नम्बर-01, जिल्द नम्बर 118 के पृष्ठ 23 में नम्बर 7783 आ0फा0 बुक- 01, जिल्द नम्बर 130 के पृष्ठ 401 से 408 दिनांक-15. 11. 2000 उपनिबन्धक कार्यालय में पंजीकृत है, एवं अन्य कई मूल महत्वपूर्ण कागजात भी चोरी हो गये हैं। चोरी की एफ0आई0आर0 थाने में 01.06.2017 को दर्ज है। उपरोक्त मकान से सम्बन्धित किसी को आपत्ति हो तो अगले 15 दिनों में सूचना दे।

**Notice**

I, Mohammad Afzalur Rahman, son of Basharat Ali, resident of 245 Moh. Numaish Purva Distt. Hardoi, My name Afazalur Rehman is mentioned in the passport of my daughter Humaira Fatima. Whereas my real name is Mohammad Afzalur Rahman which should be considered and understood correctly.

**सूचना**

सूचित हो कि मैं **लीलावती पुत्री वीरेन्द्र कुमार, निवासी- C-48 माहाराजापुरम, केसरी खेरा, कृष्णा नगर, लखनऊ,** मेरा जी.एन.एम. की परीक्षा वर्ष 2017 जिसका रोल नम्बर- 141706546 का डिप्लोमा वास्तव में खो गया है।

## एक नजर

### किशोरी ने पिता पर लगाया दुष्कर्म के प्रयास का आरोप

**औंग।** थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले व्यक्ति के खिलाफ रविवार को 112 नम्बर की पुलिस को सूचना दी गई है कि आरोपित व्यक्ति ने अपनी 13 वर्षीय पुत्री के साथ दुष्कर्म का प्रयास किया । फिलहाल पुलिस ने ऐसी किसी तरह की सूचना मिलने से अनभिज्ञता जताई है। कहा कि शिकायत आने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### डुंडरा में शुरू हुआ श्री सीताराम महायज्ञ

**औंग।** देवमई ब्लॉक के डुंडरा गांव में श्री सीताराम महायज्ञ की रविवार को शुरुआत हो गई। जहां अयोध्या और मथुरा वृंदावन से पहुंचे संतों ने बताया है कि दिन में कलश यात्रा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शाम को यज्ञ का शुभारंभ हुआ। ग्राम प्रधान गोरेलाल ने बताया है कि पिछले सप्ताह श्रीधाम बूढ़े बाबा स्थल पर यज्ञ के लिए महन्त श्री श्री 108 बलरामदास रामायनी जी महराज के कर कमलों से ध्वजारोहण सम्पन्न हुआ था।

# फांसी पर लटके मिले दंपति, मचा कोहराम

## शादी की पहली सालगिरह से दो दिन पहले उठाया आत्मघाती कदम, कारणों का नहीं चल सका पता

कार्यालय संवाददाता किशनपुर



परिजनों से पूछताछ करती पुलिस। अमृत विचार

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के बिकौरा मजरे गुरुवल गांव में अज्ञात कारणों के चलते पति व पत्नी फांसी के फंदे पर झूल गए। जिसमें दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। सुबह परिजनों ने दोनों के शवों को फांसी के फंदे पर लटका देखा तो कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि दो दिन बाद दोनों की शादी की पहली साल गिरह थी।

थाना क्षेत्र के बिकौरा गांव निवासी रामस्वरूप के 25 वर्षीय पुत्र लवलेश यादव की शादी असोथर थाना क्षेत्र के कटरा गांव निवासी शिवभवन यादव की पुत्री आरती देवी (22) के साथ करीब साल भर पूर्व हुई थी। शादी के बाद से दोनों एक साथ रहते थे। करीब तीन माह पहले पति लवलेश यादव प्राइवेट जॉब करने के लिए नासिक शहर गया हुआ था। इधर पत्नी अपने सास ससुर के साथ रहती थी। करीब दो दिन पहले पत्नी ने पति को फोन कर गांव बुलाया था। पत्नी के फोन के बाद पति नासिक से शनिवार की दोपहर करीब तीन बजे गांव पहुंचा था। शनिवार की सुबह आरती देवी के पिता शिवभवन भी उसके घर आए थे देर शाम वह वापस चले गए। इसके बाद रात करीब दोनों पति-पत्नी खाना खाकर अपने कमरे में सोने चले गए। इसी दौरान दोनों ने कमरे में लगे छत के पंख को खोल कर नीचे जमीन में रख दिया और पंखे के चुल्हे में ही साड़ी के सहारे फांसी लगा ली। सुबह काफी देर तक जब दोनों बाहर नहीं आए तो परिजनों ने कमरे में जाकर देखा जिसमें दोनों फांसीं के फंदे पर लटक रहे थे। इसके बाद लड़की के परिजनों को भी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव को फांसी के फंदे से बाहर निकाल अंतिम संस्कार के लिए ले गए। परिजन दोनों के अंतिम संस्कार की तैयारी में जुटे थे कि कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। जहां पुलिस ने दोनों के परिजनों को दोनों के शवों के पोस्टमार्टम कराने की बात कही लेकिन दोनों के परिजन पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर अड़े रहे। जिसके बाद पुलिस को दोनों के परिजनों से लिखापढ़ी कर वापस लौटना पड़ा। मामले में थानाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंचकर परिजनों को पोस्टमार्टम कराने के लिए कहा गया। लेकिन परिजन अपनी जिद पर अड़े रहे। दोनों पक्ष के लोगों ने आपसी सहमति से शवों का अंतिम संस्कार कर दिया है।



लवलेश।

### कमरे में मिले टूटे मोबाइल, फोन में छिपा हो सकता है मौत का राज

सूचना के बाद जब पुलिस मौके पर पहुंची तो पुलिस को कमरे में पड़े बेड पर दोनों पति-पत्नी के मोबाइल फोन मिले हैं। मिले हुए दोनों मोबाइल फोन के डिस्प्ले टूटे हुए थे। उन्ही मोबाइल फोन पर दोनों की आत्महत्या का राज छिपा होने की आशंका है। मिले हुए दोनों मोबाइल फोन को पुलिस अपने साथ ले गई है।

# आत्महत्या के लिए उकसाने पर दो लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- कोर्ट के आदेश पर बहनोई समेत दो लोगों पर कार्रवाई
- चांदपुर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर शुरू की जांच

**अमृत विचार।** बहनोई समेत दो के खिलाफ युवक को आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया गया है। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। चांदपुर थाने के बुढ़ंदा निवासी विद्यासागर की पत्नी राजरानी ने बताया कि पुत्र शालू कुमार ने लोन पर पिकअप खरीदी थी।

पिकअप अपने कल्यानपुर थाने के मवइया निवासी बहनोई धर्मेन्द्र के यहां रहकर किराये पर चलवाता था। पिकअप चालक मवइया गांव का बड़का है। उसका किराया 30 हजार रुपये उधार हो गया था। बड़का ने बाद में देने का वादा किया था। बाकी किराया धर्मेंद्र अपने रखता था। धीरे-धीरे धर्मेंद्र के पास एक लाख रुपया और बड़का के पास 30 हजार जमा थे। किस्त जमा करने के लिए शालू ने कई बार दोनों से रुपयों की मांग की। रुपये न देने पर लोन की किस्तें जमा नहीं हो सकी। रुपये मांगने पर शालू को गाली गलौज कर अपमानित करते रहे। पिकअप भी फाइनेंसर खींच ले गए। मानसिक रूप से प्रताड़ित होने की वजह से 12 फरवरी को शालू ने आम के पेड़ पर फंदे से लटक खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक बीएल प्रसाद ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर आत्महत्या के लिए उकसाने का दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। जांच की जा रही है।

# महिला के खाते से पार किए चार लाख

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पीड़िता ने कोतवाली पुलिस से की शिकायत
- पुलिस ने साइबर सेल को दी मामले की जानकारी

**अमृत विचार।** महिला के खाते से साइबर अपराधियों ने चार लाख की रकम पार कर दी। घटना की जानकारी होने पर महिला के बेटे ने पुलिस से शिकायत की हैं।

सदर कोतवाली क्षेत्र के सनगांव निवासी आशीष कुमार गुप्ता ने बताया की उनकी माँ जय देवी का खाता बैंक ऑफ बदौड़ा नउआबाग मे खुला हुआ हैं। खाते मे पिता की पारिवारिक पेंशन की धनराशि आती हैं। मां का खाता ऑनलाइन भी नहीं हैं। माँ जब 22 मई को बैंक मे रुपया निकालने गई तो उन्हें जानकारी हुई कि उनके खाते से 7 मई से 13 मई के बीच मे चार लाख रुपया यूपीआईडी के माध्यम से किसी जयंत ऑनलाइन मे ट्रांसफर किया गया हैं। पीड़ित ने मामले की शिकायत पुलिस से की हैं।

### फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर युवक से ठगे पांच लाख रुपये

**फतेहपुर।** रेलवे का फर्जी नियुक्ति पत्र भेजकर युवक के साथ पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई। कोर्ट के आदेश पर कोतवाली पुलिस ने मंडल के यूनियन लीडर, होटल संचालक समेत तीन पर मुकदमा दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के जोशियाना मोहल्ला निवासी परवेज रजा नकवी नई दिल्ली के रशीद मार्केट में रहता है। उसने एफआईआर में बताया कि खेलदार मोहल्ले के होटल संचालक सलीम अख्तर ने उसे इलाहाबाद मंडल रेलवे में चतुर्थ श्रेणी पद पर नौकरी दिलाने की बात कही थी। सलीम ने अपने परिचित गंगा प्रसाद सिंह निवासी अंशुमान विला कुंडा प्रतापगढ़ को उत्तर रेलवे मंडल का यूनियन का लीडर बताया। उसके जरिए ही पांच लाख रुपये में सीधी भर्ती होने की बात कही। नौकरी के लालच में उसने पत्नी के जेवर बेचकर 12 अप्रैल 2019 को सलीम अख्तर के हाईवे स्थित होटल पर उसे पांच लाख रुपये दिए। सलीम ने एक फार्म भराकर, फोटो लगवाई। होटल पर मौजूद श्रीवास्तव नामक व्यक्ति से बातचीत की। कुछ दिन बाद श्रीवास्तव ने नियुक्ति पत्र मिलने की बात कही। इसके बाद अलग-अलग तारीखों का नियुक्ति पत्र उत्तर रेलवे इलाहाबाद मंडल के चेयरमैन की मुहर लगे आए, नौकरी चार साल बाद भी नहीं लग सकी। उसकी रकम भी नहीं लौटाई। मंडल कार्यालय से पता लगा कि पत्र विभाग से जारी नहीं हुए है। कोतवाल राजेंद्र सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पुरानी खुन्नस में जमकर चले लाठी-डंडे, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- खखरेरू का मामला, पुलिस ने घायलों को मेडिकल के लिए भेजा अस्पताल
- पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की

**अमृत विचार।** खखरेरू थाना क्षेत्र के रहमतपुर गांव निवासी तोहीद पुत्र जब्बीर अहमद ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार को बेटी सुमैया व सायमा के साथ रोजी पत्नी मलाहत व ताहा पुत्र मलाहत पुरानी खुन्नस को लेकर गाली गलौज की थी।

पीड़ित ने बताया कि रविवार सुबह वह अपने दरवाजे पर बैठा था तभी उसी बात को लेकर ताहा, मंसूर निवासी रहमतपुर, साद उल्ला निवासी शिवपुरी शोएब उतला निवासी कोट एक राय होकर लाठी डण्डा लेकर उसे मारने पीटने लगे। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। बायें हाथ की कलाई के ऊपर की हड्डी टूट गई और शरीर में अन्य जगह काफी चोटें आयी है। शोर मचाने पर पत्नी उमर फातमा बचाने पहुंची तो उस पर भी लाठी से हमला कर दिया।

लोगों को आते देख गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और भाग निकले। मामले की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

# घर में मिला अधेड़ का शव

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- पत्नी बोली, उनके पति की हुई है हत्या
- भाई से संपत्ति को लेकर चल रहा था विवाद

**अमृत विचार।** एक बुजुर्ग का घर के अंदर हत्या युक्त शव पड़ा मिलने से हड़कंप मच गया। पड़ोसी ने शव देखकर परिवार के लोगों को जानकारी दी। घर पहुंचे परिजनों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को सूचना दी।

सदर कोतवाली क्षेत्र के अमरजई मोहल्ला के रहने वाले राजीव मिश्रा घर पर अकेले थे। राजीव मिश्रा की पत्नी नीरजा मिश्रा किसी काम से बाहर गई थी। पत्नी ने पति को फोन मिलाया तो फोन नहीं उठाने पर पड़ोसी को घर भेजा। तो दरवाजे पर कुंडी नहीं लगी थी। पड़ोसी शोभा श्रीवास्तव ने घर के अंदर जाकर देखा तो खून से लथपथ शव पड़ा था। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने पुलिस को सूचना दी। मृतक की पत्नी नीरजा मिश्रा ने आरोप लगाया कि पति के भाई से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा है। उसी केस के मामले में वह कानपुर गई थी। उनके पति की हत्या की गई है।

पत्नी का आरोप है की कई बार पति को जान से मारने की धमकी भी दी गई थी। कोतवाली प्रभारी राजेन्द सिंह ने बताया कि एक व्यक्ति का शव घर के अंदर मिला है। शव कई दिन पुराना लग रहा है। सिर पर चोट लगने से व शरीर पर घाव होने से मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई होगी।



घर पर गमगीन बैठे परिजन। अमृत विचार

# जिला अस्पताल में दवाओं के रखरखाव में लापरवाही

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

- तापमान मेंटेन को लेकर गंभीर नहीं है अस्पताल प्रशासन
- दवाओं व वैक्सीन के खराब होने की रहती है संभावना

**अमृत विचार।** भीषण गर्मी में जिला अस्पताल प्रशासन दवाओ के रख रखाव को लेकर गंभीर नहीं है। दवा वितरण केंद्र पर दवाओ के तापमान मेंटेन को कोई साधन नहीं है। जिससे दवाओ के खराब होने की संभावना बनी रहती है। गर्मी अपनी चरम पर है। पारा 44 डिग्री के पार हो चुका है। इस भीषण गर्मी में जिला अस्पताल में दवाओं के रखरखाव को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा है। दवा वितरण केंद्र पर दवाओ के रख रखाव के उचित व्यवस्था नहीं है। दवाओं को ठंडे वातावरण में रखा जाता है। इसके लिए वातानुकूलित कमरा या दवाओ को रखने को फ्रिज का होना आवश्यक है। जिससे दवाओं का आवश्यक तापमान मेंटेन किया जा सके। ठंडे वातावरण में दवाएं सुरक्षित रहती हैं।

**कंपनी दवाओ पर तापमान के बारे में देती है एडवाइजरी :** दवाओ को रखने को निर्माता कंपनी तापमान मेंटेन के लिए एडवाइजरी भी जारी करती है। कोई दवा 20 डिग्री तो कोई 30 डिग्री सेंटीग्रेड पर रखना आवश्यक है। बच्चो के हो या वयस्को के हो सभी सीरप ठंडे व डार्क स्थान पर रखना आवश्यक है। सीरप पर इस प्रकार की एडवाइजरी दी गई है। दवा वितरण केंद्र पर दवाई रखने को कोल्ड चेन की कोई व्यवस्था नहीं है। वहां कमरे में एसी नहीं लगा है। वही फ्रिज की भी कोई व्यवस्था नहीं है।

> दवा वितरण केंद्र पर दवा बंटने को आती है। कुछ समय में ही वह मरीजों को बांट दी जाती है। मुख्य दवा भंडारण गृह में व्यवस्था पूरी तरह सही है।
>
> -डा. पीके सिंह, सीएमएस

# करंट की चपेट में आई वृद्धा की मौत

**असोथर।** बकरी चराने गई एक बुजुर्ग महिला एक नलकूप में पानी पीने पहुंची और पानी पीकर वापस लौटते समय टूटे पड़े हाईटेंशन लाइन की तार की चपेट में आ गई और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

असोथर थाना क्षेत्र के रिठवां गांव निवासी जगन्नाथिया (60) वर्ष पत्नी जगतपाल शनिवार को बकरी चराने के लिए जंगल में गई थी। दोपहर बाद करीब चार बजे पानी पीने के लिए गांव के ही एक नलकूप में पानी पीने के लिए गई थी।

पानी पीने के बाद वापस लौटते समय टूटे पड़े बिजली के हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर वह अचेत हो गई। वहीं मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा लेकिन तब तक महिला की मौत हो चुकी थी।



स्वीमिंग पूल में मौजमस्ती करते बच्चे। अमृत विचार

# समर कैंप में बच्चों ने जमकर मचाया धमाल

संवाददाता चौडगरा, फतेहपुर

- पांच दिवसीय समर कैंप का समापन, बच्चों ने किया प्रतिभाग
- योगा, डांस, वाटर एक्टिविटी में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**अमृत विचार।** मलवां विकास खंड के वाणी इंटरनेशनल एकेडमी अलीपुर मे पांच दिवसीय समर कैंप का रविवार को धूमधाम से समापन हो गया। इस अवसर पर बच्चों ने खूब धमाल मचाया। उनको स्कूल की ओर सम्मानित किया गया। शुभारंभ प्रबन्धक वीरेंद्र प्रताप सिंह ने दीप प्रज्जवलित कर किया।

समर कैंप के अंतिम दिन स्वस्थ रहने के लिए बच्चों को सुबह यौगिक क्रियाएं कराई गईं। ताइक्वांडो, स्विमिंग, वाटर एक्टीविटी, नॉन फायर कुकिंग, डांस, सिंगिंग, इंस्ट्रूमेंट म्यूजिक आदि गतिविधियों में बच्चों ने प्रतिभाग किया। वॉलीबॉल मैच स्विमिंग पूल में ही खेला गया। इस कार्यक्रम में बालिका वर्ग में प्रांशी प्रथम, प्रतिज्ञा द्वितीय, अंजू तृतीय रहीं व बालक वर्ग में धैर्य, नवनीत प्रथम, शैलेंद्र व ऋषि द्वितीय, अनुराग व अंश तृतीय रहे। अव्वल आये प्रतिभागियों को प्रबंधक वीरेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य सत्यनारायण तिवारी व युवा विकास समिति के प्रवक्ता आलोक गौड़ ने मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्रबंधक वीरेंद्र प्रताप ने कहा की ऐसे कैंप बच्चों को नए अवसर तलाशने, नए वातावरण में समय बिताने और नई चीजों को आजमाने का मौका देते हैं। इस मौके पर शिवशरण सिंह, कवि भूपेंद्र सिंह, प्रशंसा, सौरभ श्रीवास्तव, आलोक सिंह, पंकज यादव, ध्रुवेंद्र आदि रहे।

## सार-संक्षेप

### गैंगरेप के आरोपियों की तलाश जारी

**किशनपुर।** थाना क्षेत्र के एक गांव में गुरुवार को 15 वर्षीय एक किशोरी को अगवा कर तीन लोगों ने गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया था। दुष्कर्म के बाद परिजनों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी थी। पुलिस ने शुक्रवार देर रात पिता की तहरीर पर तीनों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए भेजा था। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गैंगरेप के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने कई स्थानों में दबिश दी। लेकिन आरोपियों तक पहुंचने में पुलिस नाकाम रही। घटना के बाद से आरोपी मौके से फरार है। वहीं पुलिस टीम के साथ फॉरेंसिक टीम रविवार को आरोपी झुर्री के घर की कोठरी में पहुंच कर साक्ष्य जुटाए हैं। वहीं पास में पड़े कपड़ों आदि के टुकड़े भी इकट्ठा किए।

### नई-नवेली दुल्हन घर से लापता, गुमशुदगी दर्ज

**असोथर।** थाना क्षेत्र टीकर गांव में एक व्यक्ति की नई-नवेली दुल्हन घर से फरार हो गई है। थाना प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौर्य ने बताया कि टीकर गांव के दुर्गेश पुत्र छुन्नू लाल ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया कि 19 अप्रैल को उसकी शादी मोनी देवी निवासी चौबे की सराय थाना सुल्तानपुर घोष में हुई थी। पुलिस को दी तहरीर में युवक का आरोप है कि 19 अप्रैल को उसकी शादी हुई थी। एक माह बाद उसकी दुल्हन घर से लापता हो गई है। दुर्गेश ने बताया कि गुमशुदगी की सूचना दी गई है। पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इस बीच पीड़ित ने शक जाहिर किया है कि उसकी पत्नी किसी के साथ चली गई है। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य के अनुसार पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। वहीं लापता महिला की तलाश की जा रही है।

पारा @ 44 .3 डिग्री

10 सालों में सबसे गर्म रहा नौतपा का दूसरा दिन, डॉक्टरों ने जारी की एडवाइजरी, कहा- जरूरत पर ही घरों से निकलें

# रविवार को तंदूर की तरह धधका दोआबा, सभी रहे हलकान

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** दोपहर 2 बजकर 15 मिनट, अधिकतम पारा 44.3 डिग्री, धधकता सूरज, हर तरफ सन्नाटा और नौतपा का दूसरा दिन। शनिवार सुबह सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करते ही नौतपा शुरू हुए और रविवार को सूरज की तपिश से दोआबा तंदूर सा धधक उठा। चिलचिलाती धूप, तीखी लपट और हीट वेव झुलसाती दिखी। वहीं न्यूनतूम तापमान 31 डिग्री होने से रात भी उलझन भरी रही।

रविवार को प्रचंड गर्मी से जन-जीवन अस्त-व्यस्त नजर आया। गुजरे 10 सालों में रविवार का दिन सबसे गर्म दर्ज किया गया। सुबह 5.26 बजे सूर्योदय हुआ। उस समय अधिकतम पारा करीब 31 डिग्री सेंटीग्रेट था। सुबह 10 बजते ही धूप ने छांव तलाशते पर मजबूर कर दिया। लोग हाथबंद दस्ताने, गमछा, टोपी, छाते की ओट में दिखे। 10.30 बजे लपट कान ढंकने को विवश करने लगे। दोपहर 11.30 बजे से हीटवेव का कहर बढ गया। इसके बाद घंटे-दर-घंटे मौसम घरों में कैद होने की मजबूर करने लगा। दोपहर डेढ़ बजे अधिकतम ताप 44 डिग्री का पैमाना पार कर गया। ढाई से से साढ़े चार बजे तक सूरज एक ही धुरी पर टिका रहा। मोबाइल सेट्स पर अधिकतम ताप की 44 डिग्री तो फिलिंग 46 डिग्री सेंटीग्रेट की हुई।

इस बीच घर, दुकान, मकान भीषण तरीके से तप उठे। यहीं नहीं करीब छह घंटे शहर का तापमान 40 डिग्री से ऊपर रहा। शाम 5.30 बजे के बाद तापमान में डाउन हुआ। 6.58 पर सूर्यास्त हुआ लेकिन, गर्माहट पूरे रौ में रही। देर रात तक गर्म हवाएं सताती रहीं। जानकारों की मानें तो आने वाले दिनों में हल्के मध्यम बादल छाए रहेंगे। अधिकतम ताप 45 से 47 के बीच रहने की संभावना है।



नल पर पानी पीकर प्यास बुझाते राहगीर। अमृत विचार

### डॉक्टरों की सलाह

सप्ताह भर से पड़ रही तीखी गर्मी को देखते हुए डॉक्टरों ने बचाव की सलाह दी है। शहर के वरिष्ठ सर्जन डा. नरेश विशाल ने कहा, शरीर में पानी की कमी न होने दें। आंखों पर काले चश्मे का इस्तेमाल करें। सेहत का विशेष ख्याल रखें। कटे, गले फलों का कतई इस्तेमाल न करें। बाल रोग के डा. मूलचन्द्रा ने बताया कि गरमी चरम पर है। बच्चों को विशेष ख्याल रखें। उल्टी-दस्त जैसी बीमारी से बचाव के लिए भोजन ताजा खाएं।

### दिन की छोड़िए रात में भी भीषण गर्मी



गर्मी का सितम सिर्फ दिन तक ही सीमित नही है। रात में गजब की गर्मी पड़ रही है। इससे लोगों को पूरी नींद लेना मुश्किल पड़ रहा है। पंखे और कूलर भी भीषण गर्मी में काम नही कर रहे हैं। ऊपर से बिजली कटौती मुश्किल पैदा कर रही है। पिछले एक पखवारे से दिन का ही नही बल्कि रात का भी तापमान बढ़ा है। इससे लोगों को न तो दिन में चैन है और न ही रात में। काफी मुश्किल में लोग जी रहे हैं। भीषण गर्मी और ऊपर से बिजली कटौती ने लोगों का सोना दूभर कर दिया।

### 10 सालों में सबसे गर्म रहा 26 मई

गर्मी ने गुजरे सालों के रिकार्ड तोड़ दिए। गुजरे साल भी कुछ ऐसी ही गर्म पड़ी थी। उस वक्त 25 मई को अधिकतम ताप 39 डिग्री दर्ज किया गया था। वहीं 2020 में ऐसी ही गर्मी पड़ी थी लेकिन तापमान कम था। उस समय भी 26 मई को अधिकतम ताप 42 डिग्री पहुंचा था। इस बार रविवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री सेल्सियस पार कर गया।

### बढ़े तापमान से हीट स्ट्रोक का खतरा

हर रोज बढ़ रहे तापमान से हीट स्ट्रोक का खतरा बना है। डॉक्टर भी सतर्कता बरतने की सलाह दे रहे हैं। उनकी यही सलाह है कि दोपहर के समय आवश्यक कार्य होने पर ही घर से बाहर निकलें। शरीर में पानी की मात्रा कम न होने दें। उचित हो तो समय समय पर फल, जूस का सेवन करें। दस वर्ष तक के बच्चों पर खासा ध्यान देने की जरूरत है। गर्मी के चलते बुजुर्ग भी अपनी सेहत का ख्याल रखें। मौसम विभाग ने भी हीट बेव को लेकर अलर्ट जारी चुका है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# मतगणना की तैयारी तेज, अपराधियों पर कड़ी नजर

## जल्द शुरू होगी कार्यकर्ताओं के परिचय पत्र बनाने की प्रकिया

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर




मतगणना को लेकर की गई बैरीकेडिंग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव के बाद अब जिला प्रशासन का पूरा फोकस मतगणना की तैयारियों पर है। पिछले दिनों जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक कर संबंधित अधिकारियों को मतगणना की व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए थे। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा में 19-19 टेबल लगाई जाएगी। प्रत्येक चक्र का परिणाम बोर्ड पर अंकित कराया जाएगा। मतगणना के लिए अधिकारी कर्मचारी व राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं के परिचय पत्र बनाने की प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

20 मई को सकुशल चुनाव संपन्न होने के बाद कड़ी सुरक्षा में ईवीएम, सीयू वीवीपैट को मंडी परिसर में बने स्ट्रांग रूम में सुरक्षित कराया गया है। स्ट्रांग रूम की लगातार कड़ी पहरेदारी हो रही है। दो दिन पूर्व डीएम व एसपी ने मंडी समिति का निरीक्षण कर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने की निर्देश दिए थे। जिस पर कैमरे बढ़ाए गए हैं। स्ट्रांग रूम की सुरक्षा पहले से और दुरुस्त कर दी गई है। अब जिला प्रशासन चार जून को होने वाली मतगणना को लेकर तैयारियों में जुटा है। जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार प्रत्येक विधानसभा की मतगणना के लिए 19-19 टेबल लगाई जाएगी। बिना परिचय पत्र के मतगणना स्थल पर प्रवेश संभव नहीं होगा। मतगणना के लिए पर्यवेक्षक, सहायक माइक्रोआब्जर्वर के अलावा अन्य कर्मचारियों की ड्यूटियां लगाई गई हैं। दलों की ओर से एजेंट बनाने के लिए जल्द प्रक्रिया शुरू होगी। चुनाव आयोग के निर्देश पर प्रत्याशियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी ऐसे प्रत्याशी को एजेंट न बनाया जाए जो अपराधिक प्रवृत्ति का हो। मतगणना के लिए नगर पालिका, नगर पंचायत, डीएसओ व मंडी सचिव सभी को जिम्मेदारियां सौंप दी गई हैं।

## जिला प्रशासन ने प्रत्याशियों को बताई गाइड लाइन

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



- नशे की सामग्री के साथ पानी की बोतल व इलेक्ट्रिक गैजेट पर रहेगा प्रतिबंध
- तैयारियों को लेकर प्रशासनिक स्तर पर दिखाई जा रही पूरी गंभीरता

**अमृत विचार।** लोकसभा निर्वाचन में जीत किसकी होगी इसका फैसला चार जून को होने वाला है। प्रशासन वोटों की गिनती के लिए पुख्ता प्रबंधों में जुटा है। प्रत्याशियों के लिए क्या गाइड लाइन है और कार्मिकों को किस तरह से वोटों की गिनती करनी है, उस पर प्रशासनिक स्तर से पूरी गंभीरता दिखाई जा रही है।

सुबह आठ बजे से होने वाली मतगणना से पहले ही कार्मिक मतगणना स्थल मंडी समिति में पहुंच जाएंगे। कार्मिकों को सुबह सात बजे चाय और नमकीन मिलेगी। इसके तुरंत बाद 11 बजे भी कार्मिकों को चाय दी जाएगी। मतगणना की तैयारियों को लेकर रोजाना बैठकों को दौर जारी है।

]इसमें प्रत्याशियों को भी सुझाव दिए जा रहे हैं। प्रत्याशियों के एजेंटों ने बैठक में खाद्य सामग्री उपलब्ध कराए जाने की मांग उठाई है। जिस पर प्रशासन की ओर से व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश हैं। जानकारी दी गई कि प्रत्याशी को जिले में सुरक्षा प्राप्त होगी। वोटों की गिनती आयोग के दिशा निर्देशानुसार सुनिश्चित कराते हुए प्रत्याशियों को जानकारी दी जाएगी।

### नशे की सामग्री सहित इन सामानों पर रहेगा प्रतिबंध

- मतगणना स्थल पर पान, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब, पानी की बोतल, इलेक्ट्रानिक गैजेट पर प्रतिबंध रहेगा। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को जिम्मेदारी दी गई है कि वह खाद्य सामग्री की व्यवस्था सुनिश्चित कराएं। मतगणना सुबह आठ बजे से होगी। मतगणना के बाद ईवीएम कलेक्ट्रेट में आएंगी। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मतगणना अभिकर्ता की नियुक्ति के लिए प्रत्याशी या उनके निर्वाचन अभिकर्ता की ओर से प्रारूप 18 पर मतगणना अभिकर्ता का नाम, पता अंकित कर और हस्ताक्षर कराकर दो प्रतियों में प्रस्तुत करेंगे। 18 वर्ष से अधिक आयु के किसी भी व्यक्ति को मतगणना अभिकर्ता नियुक्त किया जा सकेगा। ऐसे सभी मतगणना अभिकर्ताओं के प्रारूप 18 की फोटो सहित रिटर्निंग आफीसर को मतगणना प्रारंभ के तीन दिन पूर्व प्राप्त हो जानी चाहिए।



आचार्य कुलम में कार्यक्रम संबंधी चर्चा करते पदाधिकारी। अमृत विचार

## आचार्य कुलम की बैठक सम्पन्न

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** आचार्य कुलम की बैठक रविवार को बांके बिहारी मंदिर में संपन्न हुई। जिसमें आगामी कार्यक्रम के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। कार्यक्रम की बैठक अध्यक्षता भोलानाथ मिश्र ने की और संचालन आचार्य विनोद शुक्ला ने किया।

बैठक में चर्चा करते हुए आठ जुलाई को होने वाले उपनयन संस्कार पर स्थान परिवर्तन करते हुए बांके बिहारी मंदिर सर्वसम्मति से तय किया गया। बैठक के दौरान आमजनमानस से आग्रह किया गया कि बटुकों का पंजीकरण यथाशीघ्र संबंधित आचार्य से मिलकर करवा लें। कार्यक्रम की व्यवस्था की जिम्मेदारी आयोजन समिति के अध्यक्ष सुशील मिश्रा को सौंपी गई। कार्यक्रम संबंधी चर्चा समिति की अगली बैठक में तय की जाएगी। बैठक में प्रमुख रूप से आचार्य प्रदीप तिवारी, रामानंद द्विवेदी, अशोक वाजपेई, विनोद शुक्ला, भोलानाथ मिश्र, आशीष तिवारी, प्रदीप तिवारी आदि मौजूद रहे।

# चुनावी चर्चा में दो पक्षों के बीच मारपीट, चाकू से किया हमला

कार्यालय संवाददाता किशनपुर

- जमकर हुई मारपीट में तीन लोग हुए घायल
- दोनों पक्षों की तहरीर पर पुलिस ने शुरू की जांच

**अमृत विचार।** थानाक्षेत्र के रारी गांव में शनिवार रात दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। मारपीट में एक पक्ष ने चाकू से वार कर दो लोगो को गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए भेजा।

किशनपुर थाना क्षेत्र के रघुराजपुर रारी गांव के गड़रियन पुरवा स्थित मंदिर में भंडारा था। जिसमें गांव और दोनों मजरों से लोग शामिल होने आए थे। रात करीब आठ भोजन शुरू हुआ। तभी लोकसभा चुनाव की चर्चा शुरू हो गई। चर्चा के दौरान ही गाली गलौज शुरू हुई तो उसी दौरान वीरेंद्र यादव और अमरजीत सिंह से झगड़ा हो गया। उसी दौरान ट्यूबवेल से खाना दे कर लौट रहे लाला तिवारी को भी एक पक्ष ने मार दिया। कुछ देर में दर्जनों की संख्या में आपस में लोग भिड़ गए और जमकर मारपीट हुई। मारपीट में लाला तिवारी पुत्र कृष्ण चंद्र तिवारी, अमरजीत सिंह पुत्र धर्मपाल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस के द्वारा घायलों को इलाज के लिए भिजवाया गया। वही धारदार हथियार से वार घायल हुए लाला और अमरजीत को सदर अस्पताल से कानपुर रेफर कर दिया गया।

वहीं दूसरी तरफ से वीरेंद्र यादव पुत्र कल्लू घायल हो गया। लाला तिवारी के भाई ने पुलिस को तहरीर देकर रविंद्र, ननकु, वीरेंद्र, देवकरण, जय सिंह, शिव सिंह पर मारपीट का आरोप लगाया है। वहीं बिरेंद्र यादव ने तहरीर दे के अमरजीत, लाला, शिवम और कुछ अज्ञात पर मारपीट का आरोप लगाया है।

## दुर्गंध आने पर मजदूर की मौत की हुई जानकारी

संवाददाता औंग फतेहपुर

**अमृत विचार।** क्षेत्र के एक गांव में रविवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब एक घर से दुर्गंध आने का अहसास हुआ। लोगों ने खिड़की से देखा तो एक युवक का शव अन्दर पड़ा था जो कि पूरी तरह से सड़ चुका था।

औंग थाना क्षेत्र अभयपुर के मजरे बड़ाखेड़ा में रविवार की सुबह से ही गांव वालों को दुर्गंध महसूस हुई। कमरे की कुंडी अंदर से बन्द थी और गांव का छोटू पुत्र रामसुरी का शव नीचे पड़ा था। उसका सिर फटा था और छत से एक लम्बा कपड़ा फटा हुआ लटक रहा था। अनुमान लगाया गया कि 24 घंटे से अधिक का मामला होने के कारण कपड़ा फट गया और शव फंदे से गिर गया होगा। बताया जा रहा है उसी के बगल में टंकी रखी हुई थी। जिससे टकराने से उसका सिर फट गया। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की जानकारी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजे को कटवाकर शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि शव पूरी तरह से सड़ चुका था। ग्रामीणों ने बताया है कि मृतक ईंट भट्ठे में मजदूरी करता था और पूरी कमाई शराब पीकर खर्च कर देता था। इसी के चलते उसकी पत्नी अपने दो बच्चों के साथ मायके में रह रही है।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**फतेहपुर।** घर पर अकेले मौजूद एक युवक ने शनिवार की शाम अज्ञात कारणों ने फांसी के फंदे से लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी पर परिजनों में कोहराम मच गया।

धाता थाना क्षेत्र के आलमपुर गेरिया गांव निवासी गरीबदास का पुत्र नर सिंह ने शनिवार की शाम उस समय घर के अंदर उस फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, जब मां खेतों में काम करने चली गई थी, लौटकर घर आई तो बेटे को फांसी पर लटका देख उसके होश उड़ गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सार-संक्षेप

### महिला से की छेड़खानी, विरोध करने पर दी हत्या की धमकी

**असोथर।** असोथर थाना क्षेत्र में एक दलित महिला के साथ गांव के एक युवक ने छेड़खानी की। महिला के विरोध करने पर युवक ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दे डाली। पीड़िता के अनुसार उसके पति और सास अपने रिश्तेदार के घर गए थे। इसी दौरान गांव का ही एक युवक नागेंद्र सिंह शराब के नशे में घर पहुंच गया और छेड़खानी करने लगा। महिला ने शोर मचाना शुरू कर दिया। शोर सुनकर महिला की दो बेटियां मौके पर पहुंची। महिला के शोर मचाते ही आरोपी गाली गलौज और किसी से शिकायत करने पर जान से मार देने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी विनोद कुमार मौर्य ने कहा कि तहरीर के अनुसार रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। आरोपी युवक की तलाश की जा रही है।

### सड़क हादसों में महिला समेत तीन घायल

**फतेहपुर।** जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों के दौरान महिला समेत तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें उपचार के लिए एंबुलेंस से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राधानगर थाना क्षेत्र के त्रिलोकीपुर गांव निवासी मोहर्रम अली की पत्नी अनवरी अपने अन्य परिवारीजनों के साथ ई-रिक्शा में बैठकर समाजसेवी अशोक तपस्वी के चालक की बारात में शामिल होने जा रहे थे। जैसे ही ये लोग तपस्वीनगर पहुंचे तभी अनियंत्रित होकर ई-रिक्शा पलट जाने से अनवरी बुरी तरह घायल हो गई। उधर थरियांव थाना क्षेत्र के मीरपुर गांव निवासी राजेंद्र का पुत्र योगेंद्र रविवार सुबह बाइक लेकर असोथर रिश्तेदारी में जा रहा था। जैसे ही वह कस्बा के बैलाना गांव के पास पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर बाइक गिर जाने से बुरी तरह घायल हो गया। जबकि गाजीपुर थाना क्षेत्र के पखरौली गांव निवासी राजेंद्र का पुत्र अर्जुन सिंह रविवार सुबह स्कूटी लेकर कस्बा जा रहा था। जैसे ही वह गांव के बाहर निकला तभी अनियंत्रित होकर स्कूटी गिर जाने से घायल हो गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची एंबुलेंस ने सभी घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है।

### 334वीं साप्ताहिक काव्य गोष्ठी संपन्न

**फतेहपुर।** मुराइन टोला स्थित हनुमान मंदिर में शैलेन्द्र साहित्य सरोवर के बैनर तले एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन रविवार को केपी सिंह कछवाह की अध्यक्षता एवं शैलेन्द्र कुमार द्विवेदी के संचालन में हुआ। काव्य गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए के पी सिंह कछवाह ने वाणी वंदना मे अपने भाव प्रस्तुत करते हुए कहा मातु सरस्वती, आइए, कविजन करें पुकार। कविता में रस- छंद भर, दो अनुपम श्रृंगार। कार्यक्रम को गति देते हुए आगे कविता पढ़ी कि आदमी का आदमी अब खो रहा है। देखकर गिरगिट को ताजुब हो रहा है। डाह, ईर्ष्या, द्वेष उसकी संस्कृति है, दर्द मे हंसता, खुशी में रो रहा है। प्रदीप कुमार गौड़ ने पढ़ा कि गर्मी अतिशय ही बढी, होती धूप प्रचंड। नर, पशु, पक्षी सब विकल, दया करो मार्तण्ड। शिव सागर साहू ने अपने भावों को एक छंद के माध्यम से कुछ इस प्रकार प्रस्तुत किया कि आईएनएस विक्रांत से, उड़ा फाइटर प्लेन, भारत के विज्ञान की है यह अद्भुत देन। दिनेश कुमार श्रीवास्तव ने पढ़ा कि बढ़ा प्रकृति का कोप अब, उग्र धूप का रूप। वृक्षारोपण युक्ति है, करें रंक वा भूप। इस मौके पर अनिल कुमार श्रीवास्तव, सुन्दरम सोनी ने भी अपनी रचनाएं पढ़ीं।

### अवैध निर्माण के खिलाफ दिया शिकायती पत्र

**धाता।** नगर पंचायत धाता मे दर्ज सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर रहे लोगों के खिलाफ धाता थाना में शिकायती पत्र देकर कार्य रुकवाने की मांग की है। बताया कि उसी मोहल्ले के निवासी कल्लू पुत्र चन्दी, कालू पुत्र चन्दी, प्रेम पुत्र कालू, कालू पुत्र धर्मपाल, राममिलन पुत्र कालू दुर्गेश आदि द्वारा अवैध रूप से निर्माण कराया जा रहा है। शिकायती पत्र देने वाले सुभाष चंद्र ने बताया कि राजस्व विभाग, स्थानीय थाना एवं नगर पंचायत कार्यालय में शिकायत करने पर भी अभी तक कोई भी मौका मुआयना करने नहीं आया। बताया कि मना करने पर झगड़ा फसाद पर आमादा हो जाते है। महिलाओं द्वारा छेडछाड़ का मुकदमा करवाकर जेल भेजने की धमकी देते है। जिसमें पीडित बब्लू पासी, सुरेश पासी, रामलाल पटेल, घनश्याम, शत्रुघन पटेल, बीरेन्द्र कुमार आदि के तरफ से शिकायती पत्र दिया गया है।

### गर्मी में सोडियम-पोटेशियम घटने से गड़बड़ा रहा बीपी

**फतेहपुर।** इन दिनों तापमान 44 डिग्री तक पहुंच चुका है। ऐसे में तापमान मरीजों के अंदर सोडियम व पोटेशियम का लेवल भी घटा रहा है। इस लेवल के घटने से बीपी गड़बड़ा रहा है। इसके कारण बीपी की दिक्कत वाले मरीजों की संख्या में काफी तेजी से इजाफा हो रहा है। जिला अस्पताल के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एके सक्सेना ने बताया कि रोजाना का औसत देखा जाए तो 25 से 40 मरीज इस तरह के आ रहे हैं। इनमें पोटेशियम और सोडियम की कमी देखने को मिल रही है। इसके कारण ही मरीज के अंदर कभी तो बीपी घटता है, तो कभी बढ़ता है। इस तरह के मरीजों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है।

### 22 जून को भजन-कीर्तन की तैयारी पूरी

**फतेहपुर।** मां भुइंया देवी ट्रस्ट के मुख्य दृष्टि एवं ट्रस्टी गण व सहयोगी संगठन ने रविवार वीरांगना झलकारी बाई सामुदायिक मिलन केंद्र नवैया तालाब दक्षिणी मुराइन टोला में संत शिरोमणि सदगुरु कबीर साहेब के जन्म उत्सव समारोह के अवसर की तैयारी को लेकर बैठक बुलाई गई। बैठक में मुख्य रूप से आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया गया और 22 जून दिन शनिवार को होने वाले विचार गोष्ठी एवं कबीर साहब के भजन कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन की रणनीति बनाई गई। इस अवसर पर मुख्य ट्रस्टी रामखेलावन, सुरेश कुमार, राम अवतार, कन्हैयालाल, राम अवतार, चंद्रभान, राकेश कुमार, सुरेश चंद, राजेश कुमार, सुखभर, रामदुलारे, अभय राज सिंह समेत समाज के तमाम लोग मौजूद रहे।

### दो पर दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज

**औंग।** थाना क्षेत्र के रावतपुर के मजरे शुक्लानगर निवासी दलित महिला केशकली ने गांव के ही हिमांशू व मोहित पुत्रगण दीनदयाल विश्वकर्मा के खिलाफ मारपीट एवं दलित उत्पीड़न की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कराई है। बता दें कि आरोपियों ने घरेलू विवाद में पड़कर वादी के पुत्र राजेश को डंडों से मारपीट कर घायल कर दिया।

### संत सुदेशानंद महाराज का चित्रकूट धाम में निधन

**असोथर।** रामनगर कौहन के पूर्व प्रधान सुदेश बाबा (76) चित्रकूट धाम में चिरलीन हो गये हैं। सुदेश बाबा चित्रकूट धाम में अपना आश्रम बना कर रहते थे अभी दो सप्ताह पूर्व अपने पैतृक गांव रामनगर कौहन पहुंचे थे। यहां से वह अनाज व अन्य सामान भी साथ में लेकर गये थे। शिष्य रामदास के अनुसार स्वामी जी को रात में दिल का दौरा पड़ा था। इसके बाद शरीर त्याग दिया। उनके आकस्मिक निधन को लेकर शिष्यों और परिजनों में शोक की लहर है। सुदेश आनंद वर्ष 1995 से 2000 तक रामनगर कौहन के प्रधान रहे। उनके शिष्य शीशराम, चेतराम, विजय सिंह, आनंद, राजकुमार, बालगोविंद सहित परिजनों में नागेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, रमेश सिंह अंतिम संस्कार में शामिल होने के लिए चित्रकूट धाम पहुंच गए। संत समाज की रीत रिवाज के अनुसार सुदेश बाबा का अंतिम संस्कार तपो भूमि में ही किया गया।

# आपराधिक गतिविधियों को लेकर आईजी ने की चर्चा



जनपद में हो रही घटनाओं की समीक्षा करने पहुंचे आईजी। अमृत विचार

संवाददाता बिंदकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** फिलहाल हुई कई अपराधिक घटनाओं को लेकर पुलिस महानिरीक्षक कोतवाली बिंदकी पहुंचे। पुलिस अधीक्षक सहित कई पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर घटनाओं पर चर्चा की। इसके बाद उस स्थान पर गए जहां तीन लोगों को मारपीट कर अज्ञात बदमाश लाखों रुपए की सरिया ले गए थे।

पुलिस महानिरीक्षक प्रेम गौतम कोतवाली बिंदकी पहुंचे, जहां पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक उदय शंकर सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक विजय शंकर मिश्रा, सीओ सुशील कुमार दुबे व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांडे सहित कई पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों के साथ एक बैठक की। इस दौरान जनपद में हुई कई अपराधिक घटनाओं को लेकर चर्चा की बैठक करने के बाद वह कोतवाली क्षेत्र के मूंज का पुरवा गांव के पास केसरिया बाग भट्टा के पास निर्माणाधीन गेस्ट हाउस पहुंचे जहां पर बुधवार की रात को तीन लोगों के साथ मारपीट कर बदमाश लगभग साढे तीन लाख रुपये की सरिया उठा ले गए थे। पुलिस महानिरीक्षक ने गेस्ट हाउस परिसर में वहां के लोगों से पूछताछ की।

# हाईटच आंगनबाड़ी केंद्रों का किया गया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** मुख्य विकास अधिकारी पवन कुमार मीना नेतृत्व एवं सीएमओ डॉ. इस्तियाक अहमद के निर्देश पर 24 और 25 मई को जिला पोषण पुनर्वास केंद्र के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. रघुनाथ सिंह, डीपीएमयू अलोक कुमार एवं धीरेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा नीति आयोग के मार्गदर्शन में वैन लीर फाउंडेशन एवं विक्रमशिला एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी के संयुक्त प्रयास से जुलाई 2022 से संचालित परियोजना जीवन के प्रथम 1000 दिवस के तहत कई आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण किया गया।

बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र हासिमपुर भेदपुर, तारापुर-धरमपुर और कशेरुआ का निरीक्षण किया गया। साथ ही क्रियान्वयन टीम का मार्गदर्शन, परियोजना से प्राप्त परिणामों का मूल्यांकन, सेवा प्रदाता (ट्रिपल-ए) के ज्ञान कौशल एवं व्यवहार परिवर्तन का अवलोकन भी किया गया। इस दौरान विक्रमशिला टीम की राज्य प्रमुख साक्षी पवार और वैन लीर फाउंडेशन के जिला समन्वयक अनुभव गर्ग ने अधिकारियों को परियोजना के उद्देश्यों और पृष्ठभूमि के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान प्रारंभिक बाल विकास विशेषज्ञ आर्यन कुशवाहा, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन बैंगलोर से अंजली, स्मृतिश्री द्वारा हाई टच आंगनबाड़ी केंद्र में प्रारंभिक बाल विकास के लिए बनाई गई आकर्षक संरचनायें, प्रथम 1000 दिवस का संवेदनशील कोना प्रदर्शित किया गया।

स्वास्थ्य एवं पोषण विशेषज्ञ सोनल रूबी राय, परियोजना अधिकारी प्रशांत पंकज, अनामिका पांडेय द्वारा परवरिश का आंगन, परवरिश की चौपाल, गृह भ्रमण आदि गतिविधियों से सभी अधिकारियों को अवगत कराया गया। इस निरीक्षण के दौरान बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की सेक्टर पर्यवेक्षक ब्लाक हसवा विमला शर्मा, हासिमपुर भेदपुर की आंगनबाड़ी कार्यकत्री नीलम देवी, आशा कार्यकर्ता अनीता साहू, हाईटच ग्राम तारापुर-5 आंगनबाड़ी कार्यकत्री उमा देवी, सीएचओ शालिनी अवस्थी, एएनएम सुनीता देवी, मंजू देवी आशा कार्यकर्ता हितावती देवी की कसेरूवा की आशा सुनीता देवी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री अनुराधा देवी आदि ने जानकारी दी।




आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। अमृत विचार

### परियोजना टीम के कार्यों की सराहना

स्वास्थ्य विभाग द्वारा किए गए निरीक्षण की सीडीओ पवन मीना द्वारा समीक्षा की गई व उसके साथ ही परियोजना टीम के कार्यों की सराहना करते हुए यह भी कड़े निर्देश दिए गए। कहा कि परियोजना में किये जा रहे नवाचारों में से केवल सफल परीक्षण एवं लम्बे स्थाई विकास वाले विषयों को ही दोहराने का कार्य किया जाये, एवं परियोजना में एक ऐसा संस्थागत सामुदायिक विकास ढांचा तैयार किया जाये। जिसमें केंद्र एवं राज्य शासन द्वारा चलाई जा रही समस्त बाल विकास योजनाओं का समावेश हो।

**समस्या** पटरी में दुकानें लगाने वाले दुकानदार डाल रहे नालों में कचरा

# नालों की सफाई में बाधा डाल रहा अतिक्रमण

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर



शादीपुर में फुटपाथ पर सजी दुकानें। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका की ओर से इस समय नाला सफाई का काम तेजी से कराया जा रहा है। 50 फीसदी नाले साफ होने का दावा किया जा रहा है। शेष नालों की सफाई तेजी से चल रही है। कई जगह नालों की सफाई में आसपास के दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण बाधा डाल रहा है।

नगर पालिका की ओर से प्रतिवर्ष बारिश से पूर्व नालों की सफाई कराई जाती है। इस समय शहर में नालों की सफाई का काम युद्ध स्तर पर चल रहा है। जिम्मेदारों की मानें तो 50 फीसदी से अधिक नाले साफ हो चुके हैं। नालों की सफाई में कई जगह दुकानदारों द्वारा किया गया अतिक्रमण बाधा डाल रहा है। जिसके चलते सफाई कर्मचारी नालों की सफाई नहीं कर पा रहे हैं। पालिका के अधिकारियों के अनुसार रानी कालोनी मार्ग में कई स्थानों पर दुकानदारों ने स्थाई रूप से पटियां आदि डालकर अतिक्रमण कर रखा है। जिसके चलते नाला की सफाई नहीं होती है।

इसके अलावा जीटी रोड समेत जिला अस्पताल से स्टेशन तक भी जगह-जगह पटियां पड़ी हुई है। अन्य नाले भी अतिक्रमण की चपेट में है। उन्होंने बताया कि नालों की सफाई के लिए अतिक्रमण हटाना बहुत जरूरी है। ऐसे में नगर पालिका की ओर से अतिक्रमणकारियों को नोटिस भेजने की तैयारी की जा रही है।

### सब्जी विक्रेता नालों में भर देते हैं कचरा

नगर क्षेत्र में कई ऐसे विक्रेता हैं जो दुकानों का निकला कचरा निर्धारित स्थान पर ना फेंक कर उसे नाला में भर देते हैं। जूता चप्पल विक्रेता नाले में गत्ते भर देते हैं। सब्जी वाले खराब सब्जी नालों में डाल देते हैं। जिसके चलते बार-बार सफाई कराने के बावजूद नाले चौक हो जाते हैं।

> नालों पर अतिक्रमण करने वालों को नोटिस देने की तैयारी चल रही है। मतगणना के बाद अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। जेसीबी से नालों के ऊपर से अतिक्रमण हटवाकर नालों की सफाई कराई जाएगी। जिससे बारिश में जल भराव की समस्या ना रहे।
>
> -समीर कश्यप, ईओ

## एमबीबीएस में सफल होने पर प्रगति गुप्ता का किया सम्मान



प्रतीक चिह्न व सम्मान पत्र देते दोसर वैश्य महासमिति के सदस्य।

कार्यालय संवाददाता फतेहपुर

**अमृत विचार।** भारतीय दोसर वैश्य महासमिति के जिलाध्यक्ष नारायण गुप्ता की अगुवाई में दोसर वैश्य समाज के लोगों ने डॉ. प्रगति गुप्ता के आवास सिविल लाइन में जाकर उनके माता-पिता को बधाई देते हुये बेटी प्रगति के एमबीबीएस डॉक्टर बनने पर शुभकामनायें दीं।

महासमिति की ओर से उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये आशा व्यक्त की कि अपने पद के दायित्व का अच्छे ढंग से निर्वहन करते हुये समाज की सेवा करती रहेंगी। महासमिति के पदाधिकारियों ने बेटी प्रगति को अंगवस्त्र, प्रतीक चिह्न व सम्मान पत्र प्रदान करते हुये माता पिता का भी सम्मान किया। राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार गुप्ता ने कहा कि बेटी प्रगति ने एमबीबीएस चिकित्सक के पद पर मनोनीत होकर समाज का गौरव बढाया है। इस मौके पर संजय गुप्ता, अभिलाष गुप्ता आचार्य, साजन गुप्ता, आनंद गुप्ता रहे।

# तापमान 45 डिग्री पार, तोड़ा चार साल का रिकॉर्ड

## नौतपा के दूसरे दिन पारा पहुंचा सातवें आसमान पर, चली लू, उत्तर-पश्चिमी हवा के प्रभाव से रहा साल का सबसे गर्म दिन

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** नौतपा के दूसरे दिन तापमान ने पिछले सारे रिकॉर्ड ध्वस्त कर दिए। रविवार को दिन में 45.2 डिग्री सेल्सियस तापमान रिकॉर्ड किया गया, जो पिछले चार साल में सबसे अधिक है। दिन भर गर्म हवाएं चलने से हीटवेब का असर रहा। ऐसे में बाजार व सड़कों पर सन्नाटा दिखाई दिया। मौसम विभाग के मुताबिक पश्चिमी विक्षोभ और उत्तर-पश्चिमी हवा के प्रभाव से तापमान लगातार बढ़ रहा है।

रविवार को सुबह से ही वातावरण में गर्मी थी। दोपहर दो बजे के करीब अधिकतम तापमान 45.2 डिग्री तो न्यूनतम तापमान 28.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र अनौगी के मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि नौतपा में वर्ष 2020 में सबसे अधिक तापमान 44.8 डिग्री दर्ज किया था। इस बार उससे भी अधिक तापमान है। इस तरह अधिकतम और न्यूनतम तापमान ने पिछले चार साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

उन्होंने बताया कि विक्षोभ अभी भी बरकरार है और तापमान 46 डिग्री तक पहुंचने की संभावना है। इस सीजन में भी 26 मई को सबसे गर्म दिन के रूप में दर्ज किया गया। दोपहर में 12 किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से गर्म हवाएं चलीं, जिससे लोगों को बाहर निकलने में परेशानी हुई। बाइक सवार लोग हाथ-मुंह बांध कर बाहर निकले तो सड़कों पर इक्का-दुक्का वाहन ही दिखाई दिए। इसी तरह बाजारों में भी दुकानों पर सन्नाटा छाया रहा और दुकानदार ग्राहकों के इंतजार में बैठे रहे। शाम को जब तापमान कुछ कम हुआ, तब लोगों ने बाजार की ओर रुख किया।



तालग्राम में फोरेंसिक लैब के बाहर चौराहे पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**इस तरह बढ़ा तापमान (डिग्री सेल्सियस में)**

| वर्ष | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| 2020 | 44.8 | 26.3 |
| 2021 | 42.4 | 24.6 |
| 2022 | 43.3 | 27.2 |
| 2023 | 43.6 | 28.2 |
| 2024 | 45.2 | 28.4 |

**12** किलोमीटर प्रतिघंटा के वेग से गर्म हवाएं चलीं, जिससे लोगों को बाहर निकलने में हुई खासी परेशानी

### किसानों के लिए एडवाइजरी

- फसलों की सिंचाई शाम के समय या रात में करें।
- कीटनाशक या खरपतवारनाशक का छिड़काव दिन में न करें।
- मवेशियों को खुले और छायादार स्थानों पर बांधें।
- दिन में ताजा हरा चार खिलाएं और कई बार पानी पिलायें।
- पालतू पशुओं को शाम के समय अवश्य नहलाएं।

### सूर्य को जल चढ़ाने से कम होगा ताप

गुरसहायगंज, कन्नौज। पंडित बलराम त्रिपाठी बताते हैं कि नौतपा के पहले दो दिन लू न चली तो चूहे बहुत हो जाएंगे। अगले दो दिन न चली तो कातरा (फसल को नुकसान पहुंचाने वाला कीट) बढ़ने की संभावना रहती है। तीसरे दिन से दो दिन लू नहीं चली तो टिड्डियों के अंडे नष्ट नहीं होंगे। चौथे दिन से दो दिन नहीं तपा तो बुखार लाने वाले जीवाणु नहीं मरेंगे। इसके बाद दो दिन लू नहीं चली तो विश्वर यानी सांप-बिच्छू नियंत्रण से बाहर हो जाएंगे। आखिरी दो दिन भी नहीं चली तो आंधियां अधिक चलेंगी। फसलें चौपट कर देंगी। नौतपा में तेज गर्मी से बचने के लिए ठंडी तासीर वाली चीजों का सेवन करना चाहिए। इस अवधि में भगवान सूर्य की पूजा का विशेष महत्व माना गया है। ऐसे में सूर्य देव को प्रतिदिन जल चढ़ाएं। साथ ही उनके वैदिक मंत्रों का जाप करें। सुबह जल्दी उठकर पवित्र स्नान करें। इसके बाद जल के लिए एक तांबे का लोटा लें। तांबे के लोटे में जल, फूल, अक्षत, गुड़, रोली आदि मिला लें। पूर्व दिशा की ओर मुख करके जल चढ़ाएं। सूर्य देव को जल चढ़ाने का सबसे अच्छा समय सूर्योदय माना गया है। जल चढ़ाते समय ओम आदित्याय नमः सूर्य मंत्र या गायत्री मंत्र का जाप करें। भाव के साथ सूर्य नमस्कार करें।



पंडित बलराम त्रिपाठी।

### हर साल बढ़ रहा धरती का तापमान

कृषि विज्ञान केंद्र के मौसम वैज्ञानिक डॉ.अमरेंद्र कुमार ने बताया कि विश्व मौसम विज्ञान की रिपोर्ट के अनुसार प्रतिवर्ष धरती का तापमान 0.06 डिग्री सेल्सियस बढ़ रहा है। यह ग्लोबल वार्मिंग का असर है, जिसके कारण समुद्र का जलस्तर भी बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि इस समय सूर्य की किरणें पृथ्वी पर सीधी पड़ रहीं है, जिसके कारण तापमान और भी तेजी से बढ़ रहा। बढ़ते शहरीकरण और पेड़ों की संख्या कम होने के कारण भी पारा उछाल मार रहा है। इस तरह के मौसम का मानव शरीर, पशु-पक्षियों और फसलों पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।



## अल्टीमेटम का समय पूरा, भाकियू आज करेगी वार्ता

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** 20 मई को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी ने पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बिजली घर का घेराव कर एसडीओ व जेई से बिजली समस्या को लेकर वार्ता की थी। समस्या का निस्तारण पांच दिनों में करने की मांग की थी। समय बीत जाने के बाद भी समस्या का निस्तारण नहीं हो सका। रविवार को भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष मो. शमीम सिद्दीकी ने बताया कि नगर सहित क्षेत्र की अघोषित विद्युत आपूर्ति, ट्रिपिंग व फाल्ट के नाम पर कटौती की समस्या को लेकर एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही व अवर अभियंता विकास कुमार से वार्ता की गई थी।

समस्या का निस्तारण न होने पर सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल एसडीओ व जेई से वार्ता करेगा। समस्या का निस्तारण फिर भी न होने पर आंदोलन की रणनीति तय की जाएगी। बताया कि बिजली विभाग भीषण गर्मी में भी मनमानी कर लापरवाह रवैया अपनाए हुए है। किसानों की फसले सिचाई के अभाव में सूख रही है और आम आदमी बिजली संकट का दंश झेल रहा है। इससे पेयजल संकट भी उत्पन्न हो गया है।

## सार-संक्षेप



पार्क का उद्घाटन करतीं कामिनी कौशल। अमृत विचार

### कामिनी कौशल ने किया पार्क का उद्घाटन

**कन्नौज।** पुलिस लाइन में बच्चों के लिए बने चिल्ड्रन पार्क का जीर्णोद्धार कराया गया। वामा सारथी की अध्यक्ष कामिनी कौशल ने पार्क का उद्घाटन किया। वामा सारथी पुलिस बेलफेयर कार्यक्रम के तहत रिजर्व पुलिस लाइन में बच्चों के लिये तैयार किये गये चिल्ड्रन पार्क का जीर्णोद्धार करवा गया। रविवार को वामा सारथी की अध्यक्ष एसपी अमित कुमार आनंद की पत्नी कामिनी कौशल ने फीता काट कर उद्घाटन किया। यह चिल्ड्रन पार्क पुलिस के सभी जवानों व उनके परिवरीजनों तथा बच्चों के लिए बनाया गया है। इसमें सभी लोग जाकर बैठ सकेंगे, साथ ही बच्चे खेल सकें। इस मौके पर उन्होंने कहा कि पार्क में आउटडोर गेम खेलने से बच्चों के शरीर को मजबूती के साथ-साथ उनकी रचनात्मक शक्ति को भी बढ़ावा मिलेगा। खेल बच्चों को स्वस्थ रखने का आनन्ददायक तरीका है। खेल लम्बे समय से इंसान को स्वस्थ्य, प्रसन्न रखने मे मददगार रहे है और बच्चों, युवाओं एव बुजुर्गों को कई तरह के फायदे भी प्रदान करते है। जमीन पर चलने, बगीचे और खुले वातावरण में खेलने से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास होता है। पार्क में लगे झूले, चकरी, भारोत्तोलन आदि बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए है। इस अवसर पर एसपी अमित कुमार आनंद, अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. संसार सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर कमलेश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी तिर्वा डॉ. प्रियंका बाजपेई मौजूद रहे।



खराब ट्यूबवेल को सही करते कारीगर। अमृत विचार

### कानपुर से बुलाए कारीगर, सही होने लगा नलकूप

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शहर में पेयजल संकट को लेकर पालिका प्रशासन ने कानपुर से कारीगरों को बुलाकर खराब नलकूप की मरम्मत का काम शुरू कर दिया है। इससे अब कई मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति जल्द शुरू हो जाएगी। विदित हो कि नलकूप खराब होने से कई दिनों से विभिन्न मोहल्लों के लोग पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। नगर के मोहल्ला जेरकिला, विरतिया, कानून गोयन, इंदिरा नगर व तिवारियान में पिछले कुछ दिनों से पानी की समस्या चल रही है, जिससे लोगों को एक-एक बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। इन सभी मोहल्लों में बारात घर स्थित ट्यूबवेल नंबर 10 से पानी की सप्लाई होती है। ट्यूबवेल खराब होने के कारण पानी की सप्लाई बंद हो गई और लोगों को इस भीषण गर्मी में पानी को तरसना पड़ गया। नगर पालिका चैयरमैन मनोज दुबे व नगर पालिका ईओ सुनील कुमार ने तत्काल कार्य शुरू कराए जाने को लेकर शनिवार को कानपुर से सबमर्सिबल पंप डालने वाले मिस्त्री बुलाकर वार्ड नंबर 23 चंद्रशेखर नगर के सभासद राजू की देखरेख में मरम्मत का काम शुरू करा दिया है। ईओ ने बताया कि रविवार तक प्रभावित मोहल्लों में पेयजल आपूर्ति शुरू हो जाएगी।

### अलग-अलग सड़क हादसों में पांच लोग गंभीर घायल, रेफर

**बांगरमऊ, उन्नाव।** कोतवाली क्षेत्र के दो अलग-अलग मार्गों पर हुए हादसों में दो महिलाओं सहित पांच लोग गंभीर घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल रेफर किया गया। क्षेत्र के बांगरमऊ-बरुआघाट मार्ग पर कल्याणी नदी पुल के पास तेज रफ्तार बाइक ने साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। इसमें बाइक सवार अरविंद (35) पुत्र उमाशंकर निवासी गांव भिखारीपुर कस्बा बांगरमऊ व साइकिल सवार साहबलाल (48) पुत्र राजा व उनकी पत्नी सावित्री निवासी गांव शिवपुरी थाना फतेहपुर चौरासी गंभीर घायल हो गए। सूचना पर पहुंचे परिजन आनन-फानन उन्हें स्थानीय सीएचसी लाए। जहां चिकित्सकों ने हालत नाज़ुक देख तीनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इसके अलावा एक अन्य हादसे में बेहटा मुजावर थानाक्षेत्र के गांव रूरी सादिकपुर निवासी यूसुफ (38) पुत्र मजद्दर व उसकी पत्नी आयशा गंभीर घायल हुए हैं। जिन्हें जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### खेत में पड़ा मिला अधेड़ महिला का झुलसा शव

**उन्नाव।** अचलगंज थानांतर्गत सुपासी गांव निवासी महिला का झुलसा शव खेत के पास पड़ा मिला। परिजनों ने टूटी पड़ी एचटी लाइन की चपेट में आकर मौत होने की बात कह विभाग पर लापरवाही का आरोप लगाया है। करीब पांच घंटे चले हंगामे के बाद कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा सका। सुपासी गांव निवासी रामबेटी (50) पत्नी स्व. कृपाशंकर रविवार सुबह 10 बजे गांव के बाहर स्थित खेत से मिट्टी लेकर लौट रही थी। तभी रास्ते में एचटी लाइन टूटी पड़ी थी। इसमें करंट दौड़ रहा था। रामबेटी का पैर उसी में फंस गया और करंट की चपेट में आकर झुलसने से उसकी मौके पर मौत हो गई। उसके बेटे विक्रम ने बताया कि घटना की सूचना पाते ही बिजली कर्मी पहुंचे और टूटा तार जोड़कर भाग निकले और अब तार की चपेट में आने से हादसा होने से भी इंकार कर रहे हैं।

# भीषण गर्मी में पानी के लिए मचा हाहाकार, बूंद-बूंद को तरसे

- पाइप लाइन सुधारने में लगा 24 घंटे से अधिक का समय
- पानी के टैंकर से पानी लेने के लिए लोगों में हुई मारामारी

संवाददाता, गुरसहायगंज, कन्नौज

**अमृत विचार।** मोबाइल नेटवर्क कंपनी की ओर से नगर में बिछाई जा रही लाइन के कारण पानी की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो गई। इससे बीते तीन दिनों से स्थानीय लोग भीषण गर्मी में पेयजल समस्या से जूझ रहे हैं। पाइप लाइन की मरम्मत में लगी नगर पालिका की टीम को लगभग 24 घंटे से भी अधिक का समय हो गया है। जबकि कुछ घरों में गंदा पानी आने की समस्या भी आ रही है।

नगर के जीटी रोड स्थित चकोर गली के सामने मोबाइल नेटवर्क कंपनी के द्वारा लाइन बिछाने के दौरान बीते शुक्रवार को नगर पालिका की पानी पाइप लाइन टूट गई थी। इससे घरों में गंदा पानी आने लगा और मोहल्ला शास्त्री नगर व अशोक नगर के कई घरों की पेयजल आपूर्ति वाधित हो गई। इसकी शिकायत पर पहुंची नगर पालिका जलकल टीम ने रविवार की सुबह फाल्ट तलाशने का कार्य शुरू कर दिया। कई स्थानों पर गड्ढा खोदने के बाद चकोर गली के सामने लाइन टूटी मिली। जिसकी मरम्मत का कार्य शनिवार देर रात से रविवार देर रात तक चला। इस दौरान पेयजल आपूर्ति वाधित रही। पालिका ने पानी के टैंकर भेजकर भीषण गर्मी में लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य किया। लेकिन टैंकर आते ही पानी भरने को लेकर लोगों के बीच मारामारी शुरू हो गई। जबकि कई घरों में मिट्टी युक्त गंदे पानी की आपूर्ति पहुंची तो उनमें रोष व्याप्त हो गया। रविवार देर रात तक पालिका की टीम मरम्मत का कार्य कर आपूर्ति बहाल करने के प्रयास में जुटी रही। नगर पालिका जलकल प्रभारी जनार्दन मिश्रा ने बताया कि मोबाइल नेटवर्क कंपनी के कर्मियों द्वारा लाइन डालने के दौरान पानी की लाइन को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। इससे मोहल्ला अशोक नगर व शास्त्री नगर में पेयजल आपूर्ति वाधित हुई है। लाइन टूटी होने के कारण घरों में गंदा पानी पहुंचा है। लाइन की मरम्मत कराई जा रही है।



देर रात पानी की पाइप लाइन ठीक करते कर्मी। अमृत विचार



टैंकर से पानी भरते लोग। अमृत विचार

नगर के मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी व्यापार मंडल अध्यक्ष अतुल गुप्ता का कहना है कि बीते तीन दिनों से गंदा पानी आ रहा है, जिससे पेयजल आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। भीषण गर्मी में पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है। इससे दिनचर्या सहित रोजमर्रा के कार्य प्रभावित हो रहे है।



मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी आरती गुप्ता का कहना है कि भीषण गर्मी में पानी की सबसे अधिक जरूरत होती है। ऐसे में बीते 03 दिनों से पानी नहीं आया है। थोड़ी देर आता भी है तो नल से गंदा पानी निकलता है। पानी की समस्या होने से गृहस्थी सहित घर के अन्य कार्य प्रभावित हुए है।



जीटी रोड मोहल्ला शास्त्री नगर निवासी रवि गुप्ता का कहना है कि भीषण गर्मी में पानी का संकट बना हुआ है। 03 दिन बीत जाने के बाद भी पालिका जलापूर्ति बहाल नहीं कर सकी है। पानी का टैंकर आता भी है तो पानी लेने वालों की लंबी कतार लग जाती है। पानी के लिए इधर उधर भटकना पड़ रहा है।



मोहल्ला अशोक नगर निवासी आयुष पंडित का कहना है कि पानी की लाइन टूट जाने से पेयजल संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी में पेयजल समस्या होने से हाहाकार मचा हुआ है। गर्मी में सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है। पेयजल आपूर्ति वाधित होने से जनजवीन अस्त व्यस्त हो गया है।





सफाई कर्मियों के साथ बैठक करते चेयरमैन मोहसिन खान। अमृत विचार

# सफाई व्यवस्था : लापरवाह कर्मियों पर होगी कार्रवाई

**तालग्राम, कन्नौज।** रविवार को नगर पंचायत तालग्राम चेयरमैन मोहसिन खान (जानू) व वरिष्ठ लिपिक दीपक सविता ने कस्बा की सफाई व्यवस्था को बेहतर करने के लिए सफाई कर्मियों के साथ पंचायत परिसर में बैठक की। चेयरमैन ने सफाई कर्मियों को मनमानी व लापरवाही न करने के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान चेयरमैन ने कस्बा की ख़राब सफाई व्यवस्था को लेकर सफाई कर्मचारियों को चेतावनी दी। कहा कि जिस कर्मचारी के वार्ड में गंदगी पाई गई, तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

सभी वार्डों में सफाई कार्य की निगरानी कार्यवाहक सफाई नायक संतराम द्वारा की जाएगी। इसके बाद भी यदि सफाई व्यवस्था में सुधार नहीं होता है तो कार्यवाहक सफाई नायक व कर्मी के विरुद्ध कारवाई की जाएगी। बैठक में दीपक सविता, अनुज कुमार, नितेश सिंह, गोकरन सिंह, आमिर अंसारी, सर्वेश कुमार, नरसिंह, रवीश चंद्र, शिवम कुमार आदि कर्मी मौजूद रहे।

# 24 घंटे गुल रही बिजली गर्मी से बेचैन हो गए लोग

- एक साथ कई फॉल्ट होने से अधिकतर मोहल्लों में अंधेरा

**तिर्वा, कन्नौज।** भीषण गर्मी में करीब 24 घंटे से बिजली गुल होने से लोगों का जीवन अस्त व्यस्त हो गया। भीषण गर्मी से लोग बेहाल हो गए। शनिवार की शाम को अधिक लोड के चलते बिजली के तारों में अलग अलग मोहल्लो में एक साथ तीन से चार फॉल्ट हो गए, जिससे कस्बा के मंडी बाजार, आजाद नगर, लोहिया नगर, गांधी नगर, कालिका नगर, दुर्गानगर समेत अन्य मोहल्लों की बिजली गुल हो गई। रात में बिजली न होने से लोगों आक्रोशित हो गए और कुछ महीना पहले सराफा बाजार में पड़ी नई केबिल जल जाने पर घटिया क्वालिटी की केबिल डालने का आरोप लगाने लगे। लोगों का कहना है कि अभी पिछले महीने ही बिजली विभाग ने नई केबिल डाली गई थी। उनका कहना है कि केबिल में जल्द आग नही लगती है, फिर भी यहां डाली गई केबिलों में आग लग जाती है। एसडीओ कुलदीप राजपूत का कहना है कि भीषण गर्मी के चलते बिजली की खपत बढ़ती जा रही है। उपभोक्ता अपने लोड का अधिभार बढ़वा नही रहे हैं, जिससे दिक्कतें आ रहीं हैं।

### इंदुइयागंज नहीं पहुंचा ट्रांसफार्मर, बिजली संकट

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** एसडीओ ब्रजेश कुमार सिरोही ने बताया कि भीषण गर्मी से लोगों को निजात दिलाने और निर्वाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए इंदुइयागंज बिजली घर में पांच एमवीए के ट्रांसफार्मर को मार्च माह में ही स्वीकृति मिल गई थी। लेकिन विभागीय लापरवाही के चलते ट्रांसफार्मर नहीं पहुंचाया गया। इसी के कारण समधन सहित अन्य गांवों को आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। जबकि उपभोक्ता भीषण गर्मी में बिजली संकट से जूझ रहे है। किसानों की फसल भी सूख रही है। अवर अभियंता विकास कुमार ने बताया कि जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लाने का प्रयास किया जा रहा है। लाइन खींची जा चुकी है और बेस तैयार है। ट्रांसफार्मर मिलते ही समधन को इंदुईयागंज से जोड़कर नगर के लोड को कम किया जाएगा। इससे ट्रिपिंग व ओवरलोड की समस्या से निजात मिलेगी।

पहल | विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने जारी किया पत्र

# परिषदीय स्कूलों में पांच जून से सात दिनों का लगेगा समर कैंप

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर सात दिवसीय समर कैंप लगेगा। इसके तहत परिषदीय स्कूलों में पांच से 11 जून तक सुझाव मांगे जाएंगे व छात्र-छात्राओं के साथ अन्य कार्यक्रम होंगे। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी बीएसए को पत्र जारी कर दिया है।

महानिदेशक ने पत्र में कहा है कि इको क्लब्स फॉर मिशन लाइफ की थीम पर समर कैंप होंगे। इसमें गतिविधियों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता के लिए ग्रीष्मकालीन शिविर को लेकर गाइड लाइन में कहा गया है कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत छात्रों को नवोन्मेषी, अनुकूलनशील, सफल एवं उत्पादक इंसान बनाने के लिए कुछ विषयों, कौशलों व क्षमताओं को सीखने पर ध्यान दिया जाएगा। विद्यालयों में ईको क्लब बनाए जाएंगे। इसके जरिए छात्र गुणवत्तापरक शिक्षा के साथ ही पीयर लर्निंग करते हुए एक-दूसरे को सकारात्मक रूप से लाभान्वित कर सकते हैं। साथ ही अपने माता-पिता, आस-पड़ोस एवं समुदाय को स्वस्थ्य पर्यावरणीय व्यवहार को बढ़ाने देने के लिए जागरूक कर सकते हैं। कैंप में वाद-विवाद प्रतियोगिता, पेंटिंग व पोस्टर बनाने जैसी गतिविधियां भी होंगी। पर्यावरणविद व गैर स्वैच्छिक संगठन भी इसमें सहयोग कर सकेंगे।




- 11 जून तक प्राथमिक, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों में होंगे आयोजन

### इस तरह चलेंगी गतिविधियां

- पहले दिन स्वस्थ्य जीवन शैली अपनाने पर जानकारी मिलेगी।
- दूसरे दिन दीर्घकालिक खाद्य प्रणाली अपनाने को बताया जाएगा।
- तीसरे दिन ई-कचरा कम करने के प्रयासों पर प्रकाश डाला जाएगा।
- चौथे दिन कूड़ा कम करने को लेकर प्रतियोगिताएं होंगी।
- पांचवें दिन ऊर्जा बचाने को लेकर कई जानकारियां दी जाएंगी।
- छठे दिन पानी बचाने को लेकर जागरुकता सत्र चलेगा।
- सातवें व अंतिम दिन 'सिंगल यूज प्लास्टिक को नहीं कहें' अभियान होगा।

## समर कैंप में बच्चों ने बनाए उत्कृष्ट मॉडल

**छिबरामऊ, कन्नौज।** ग्राम प्रेमपुर स्थित विद्यापीठ इंटर कॉलेज में समर कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। वहीं प्रबंधक कानपुर के वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ. अवध दुबे ने कहा गांव के बच्चों को भी शहर के बड़े स्कूलों जैसे कार्यक्रम मिल रहे है। इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं का सर्वांगीण विकास होता है। प्रबंधक ने बताया कि रविवार को विद्यालय परिसर में समर कैंप का आयोजन किया, जिसमे बच्चों ने बहुत उत्साह के साथ खूब बढ़ चढ़ कर भाग लिया। छात्रों के लिए सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता, खेल प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। छात्रों के द्वारा हस्तनिर्मित वस्तुओं की भी प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जज के रूप में उपस्थित शुभा दुबे एवं इंद्रा दुबे ने विजेताओं को मेडल एवं उपहार देकर सम्मानित किया। इस दौरान प्रधानाचार्य वेद प्रकाश पाल, प्रवक्ता प्रभाकर दीक्षित, शिक्षक योगेश चंद्र मिश्रा, सत्य कुमार, राजकुमार, अभिषेक शुक्ला व विशाल सिंह मौजूद रहे।



छात्रों के मॉडलों को देखते जज। अमृत विचार

# स्कॉर्पियो नहर में गिरी, चाचा और भतीजे की मौत

## कंसुआ गांव के पास हुआ हादसा, फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने जा रहे थे दोनों युवक, पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजे

संवाददाता सौरिख, कन्नौज


शव के पास रोते-बिलखते परिजन। अमृत विचार

● रात का समय होने से किसी को नहीं हो सकी जानकारी


राहुल।


अवनीश।


घायल महिला को ले जाते परिजन। अमृत विचार

**अमृत विचार।** फुफेरी बहन की शादी में शामिल होने जाते समय तेज रफ्तार स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर निचली गंग नहर में गिर गई। हादसे में चाचा-भतीजे की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

छिबरामऊ कोतवाली क्षेत्र के दीपकपुर गांव निवासी राहुल शाक्य (30) पुत्र लंकुश लाल शाक्य भतीजे अवनीश शाक्य (26) पुत्र भोजपाल शाक्य के साथ शनिवार की रात सौरिख थाना क्षेत्र के फूल राजपुर गांव निवासी बुआ सरला की बेटी संगीता की शादी में शामिल होने जा रहे थे। बारात मैनपुरी जनपद के बेवर थाना क्षेत्र के गढ़िया गांव से आ रही थी। इसी में शामिल होने दोनों स्कॉर्पियो से जा रहे थे। इससे पहले वह सौरिख थाना क्षेत्र के अरूहो गांव निवासी बहन संगीता पत्नी विनय कुमार शाक्य के घर गए थे। यहां से निकल कर दोनों बुआ की पुत्री की शादी में शामिल होने जा रहे थे। स्कॉर्पियो जैसे ही इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के कंसुआ गांव के पास पहुंची, उसी समय अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। रात का समय होने से किसी को जानकारी नहीं हो सकी। पूरी रात कार में ही पड़े रहने से दोनों की मौत हो गई। सुबह होने पर जब लोग उधर से निकले तो स्कॉर्पियों की छत पानी में दिखाई देने पर लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने कार की खिड़की खुलवाई तो उसमें दोनों मृत मिले। घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची इंदरगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से मृतक राहुल की पत्नी अर्चना, बेटा आर्यन, कनक, विराट, एवं मृतक अवनीश की पत्नी सरिता, बेटी सौम्या, सिमरन, एवं बेटा प्रतीक, शाही का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। तिर्वा भाजपा विधायक कैलाश सिंह राजपूत ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए दुखी परिवार की हर संभव मदद का भरोसा दिलाया है।

### ट्रक ने बाइक में मारी टक्कर, किशोर की मौत

**सौरिख, कन्नौज।** मैनपुरी जनपद के गांव खरपरी निवासी अभिनव (15) पुत्र धर्मेंद्र चौहान थाना क्षेत्र के गांव बेहटा रामपुर निवासी अपनी बहन कीर्ति की ननद अनुजा पत्नी अजय कुमार को अपने घर से बाइक पर बैठा कर छोड़ने आ रहा था। सौरिख थाना क्षेत्र के गांव परौर के सामने करीब रात नौ बजे जैसे ही वह पहुंचा, उसी समय सौरिख की ओर से तेज रफ्तार आ रहे ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे में अभिनव व ननद अनुजा गंभीर रूप से घायल हो गई। अभिनव की मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उधर घटना के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने ट्रक को कब्जे में लेकर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## एक्सप्रेस-वे पर पलटी कार, चार घायल

संवाददाता, सौरिख कन्नौज

**अमृत विचार।** दिल्ली के थाना कालिका के गोविंदपुरी निवासी ओमकुमार(45) पुत्र कालीपुर दास बिहार से कार में अपनी मां बसुंती (60),पत्नी मोहनी (40), बेटी कशिश(10) को साथ में लेकर आगरा लखनऊ एक्सप्रेस-वे द्वारा दिल्ली जा रहे थे। रविवार सुबह चार बजे थाना क्षेत्र सौरिख के गांव नगला झाबर के सामने किलोमीटर संख्या 156 पर तेज रफ्तार होने की वजह से कार पलट गई। हादसे में कार सवार सभी लोग घायल हो गए।

सूचना पर पहुंचे सुरक्षा अधिकारी मनोहर सिंह ने सभी घायलों को यूपीडा की एंबुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सौरिख भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने ओम कुमार एवं बसुंती की हालत गंभीर होने पर तिर्वा मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

मोहिनी एवं कशिश की मामूली चोटें आई थी, जिनका उपचार सीएचसी में ही हो गया। वहीं दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन से हटाकर टोल प्लाजा पर खड़ा करवाया गया।

## सार-संक्षेप

### पुत्र ने पिता को मारपीट कर किया घायल

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के गांव निजामपुर निवासी अखिलेश पुत्र प्रेमचंद ने तहरीर देते हुए बताया पिता प्रेमचंद ने दो माह पूर्व बहन की शादी करने के लिए लगभग ढाई बीघा जमीन बेची थी। इसी बात को लेकर बड़ा भाई पुष्पेंद्र उर्फ लालू शराब के नशे में पिता के साथ अक्सर गाली गलौज करता है। 26 जून को शराब पीकर घर आए भाई ने पिता को गाली गलौज किया। मना करने पर लोहे की राड से हमला बोल दिया, जिससे उनका एक पैर फैक्चर हो गया। शोरगुल सुन कर आस पड़ोस के लोग आ गए तो वह मौके से भाग गया। पुलिस ने घटना की रिपोर्ट दर्ज की है।

### विवाहिता को घर से निकाला

**तिर्वा, कन्नौज।** तालग्राम थाना क्षेत्र के सुतहा गांव निवासी शिवराम ने बताया कि पिछले वर्ष मई माह में इंदरगढ़ थाना क्षेत्र के उदैयापुर गांव निवासी पुष्पेंद्र सिंह के साथ बेटी की शादी की थी। शादी के कुछ दिनों बाद पति पुष्पेंद्र, ससुर सकटेलाल, जेठ राजपाल, राजवीर, जेठानी पूजा व ननंद सपना दहेज में एक लाख रुपए व एक सोने की चैन की मांग करने लगे। मांग पूरी न होता देख ससुरालीजन बेटी को प्रताड़ित करने लगे। 13 मार्च को पति समेत ससुरालीजनों ने बेटी के साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

### भाजपा विधायक ने व्यक्त की शोक संवेदना

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** नगर के मोहल्ला रामगंज निवासी पत्रकार संजीव त्रिपाठी की माता विद्या देवी (80) का बीते दिनों निधन हो गया था। रविवार को राजीव ठाकुर, दीपू शर्मा, राहुल राठौर, प्रशांत पाठक, देबू त्रिपाठी आदि के साथ पहुंची छिबरामऊ विधायक अर्चना पांडेय ने शोक संवेदना व्यक्त कर ढांढस बंधाया। इसके बाद नगर पालिका परिषद के बाबू अशोक शर्मा के भाई वेद प्रकाश शर्मा व उनकी चाची के निधन पर भी उनके आवास पर पहुंच कर शोक संतृप्त परिजनों को ढांढस बंधाया।


### अंधकारों को दूर कर देती है ज्ञान की एक चिंगारी

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** निरंकारी सत्संग में फर्रुखाबाद के महात्मा संजीव चौहान ने कहा कि जिस प्रकार ज्ञान की एक चिंगारी हमारे जीवन के तमाम अंधकारों को समाप्त कर देती है। इसी प्रकार सदगुरु के बताए मार्ग पर चलने से हमारे जीवन के सभी दुख और कष्ट दूर हो जाते है, इसीलिए हमे अपने जीवन को अंधकार से उजाले में लाने के लिए सदगुरु की शरण में आना चाहिए। जो इस निराकार का ज्ञान देकर हमारे जीवन को उजाले से भर देता है। परमात्मा के बारे में सिर्फ पढ़ लेने से हमारे जीवन में कोई फायदा नहीं होता है। सत्संग में मुखी महात्मा विपिन, विश्राम सागर, देवेन्द्र, सुशील, प्रदीप कुमार, शिवा, ईश्वर दयाल, सुरेंद्र, आकाश, आरती, सुनीता, सेजल, पूनम, आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस के कैमरे होर्डिंग के बीच कैद यातायात बूथ के पास से बाइक चोरी

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● पुलिस जांच के नाम पर कर रही महज खानापूरी


यातायात बूथ पर लगे सीसीटीवी कैमरे होर्डिंग के बीच बंद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** शहर के सरायमीरा यातायात बूथ के निकट से बाइक चोरी हो गई। पुलिस के लगे कैमरे मखौल बने रहे। कैमरों के ऊपर लोगों ने होर्डिंग लगा दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच के नाम पर खानापूरी कर दी।

सदर कोतवाली के सरायमीरा यातायात बूथ के निकट अनिल वैश्य का मकान है। मकान के मुख्य गेट के निकट उनकी जनरल स्टोर की दुकान है। 23 मई को वह दुकान के निकट बाइक खड़ी कर अपनी दुकान पर थे। रात आठ बजे के करीब अज्ञात चोर लॉक तोड़ कर बाइक चोरी कर ले गया। कुछ देर बाद जब उनकी नजर बाइक पर गई तो मौके से गायब थी। खोजबीन करने के बाद भी बाइक का कोई पता नहीं चला।

मामले की जानकारी सरायमीरा चौकी पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन की। यातायात बूथ के निकट लगे सीसीटीवी कैमरे देखे, तो पाया कि कैमरो के आगे लोगों ने प्रचार होर्डिंग लगा दी है। इससे चोरी कैमरे के निकट बाइक चोरी होने के बाद भी चोर कैद नहीं हुआ। खास बात तो यह रही कि बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने गहनता से जांच भी नहीं की। यदि पुलिस जांच करती तो सरायमीरा में दर्जनों कैमरे लगे हैं, किसी न किसी में तो चोर की फुटेज बाइक ले जाते हुए दिखाई देती।

### शहर में लगे कई सीसीटीवी कैमरे खराब

❍ शहर में अपराध रोकने के लिये लगाये गये सीसीटीवी कैमरे अब मखौल बनते जा रहे हैं। कई सीसीटीवी कैमरे खराब हो जाने के बाद भी इनको ठीक नहीं कराया जा रहा है। यही कारणहै कि सीसीटीवी कैमरे के लिये सदर कोतवाली में एक कक्ष तैयार किया गया इस में केबल एलसीडी लगा कर एक सिपाही 24 घंटे निगरानी करता था अब वह निगरानी भी नहीं कर रहा है। एलईडी पूरे दिन बंद रहती है।

## उच्च स्तरीय जांच की बात कहकर तीन हजार ठगे

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

● 13 मई को मारपीट की घटना को लेकर दर्ज कराई थी रिपोर्ट

**अमृत विचार।** मारपीट के मामले में उच्च स्तरीय टीम बेजने की बात कह कर साइबर ठग ने तीन हजार से अधिक रुपये खाते में डलवा कर ठगी कर ली। अधिक रुपये मांगने पर नहीं डाले तो उस पर कार्रवाई करने की धमकी दी। मामले की तहरीर कोतवाली पुलिस को दी गई है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

कोतवाली क्षेत्र के अहेर गांव निवासी सर्वेश कुमार ने बताया कि 13 मई को गांव के ही लोगों के साथ मारपीट की घटना हो गई थी। इस को लेकर आरोपियों के खिलाफ तिर्वा कोतवाली में रिपोर्ट भी दर्ज कराई थी। रविवार की सुबह करीब नौ बजे एक अनजान नंबर से फोन आया और कहा कि मैं एसपी ऑफिस से बोल रहा हूं। तुम्हारे मामले में आरोपियों के खिलाफ उच्च स्तरीय कार्रवाई को लेकर एक टीम बनाई गई है, जो निकल रही है। इस का कुछ खर्चा आएगा। पीड़ित उसकी बातों में आ गया और उसके बताये गए अकाउंट नंबर पर 3,250 रुपए डाल दिए। कुछ देर बाद फिर फोन आया और दो हज़ार रुपए और डालने की बात कहने लगा। पीड़ित को ठगी होने की आशंका होने पर पैसा डालने से मना कर दिया। इस पर ठग उसके खिलाफ कार्रवाई करने की बात करने लगा। पीड़ित ने साइबर ठगी हो जाने पर आरोपियों के खिलाफ तहरीर देने की बात फोन पर कही। इस पर ठगों ने फोन काट दिया। मामले में कोतवाल जेपी गंगवार ने बताया कि इतना जागरूक होने के बाद भी लोग साइबर ठगी का शिकार हो रहे है। लोगों को इस तरह की कॉल से बचना चाहिये। बिना जानकारी के किसी के खाते में रुपये नहीं डालना चाहिये।

## 19 दिन में गेहूं खरीद का कैसे पार होगा लक्ष्य

**तिर्वा।** सरकारी समर्थन मूल्य में गेंहू खरीद के लिए मंडी समिति में खुला मंडी परिषद केंद्र पर 56 दिन में महज 1080 क्विंटल की खरीद हो सकी। जबकि यहां लक्ष्य दस हजार क्विंटल का है। 19 दिन खरीद के शेष बचे हैं, कैसे लक्ष्य को पूरा किया जा सकेगा। मंडी समिति में मंडी परिषद की तरफ से खोले गए खरीद केंद्र पर एक अप्रैल से खरीद शुरू कर दी गई। खरीद के 56 दिनो में केंद्र पर अभी तक एक हजार अस्सी क्विंटल गेंहू की खरीद कर सका। जबकि केंद्र को 15 जून तक दस हजार क्विंटल खरीद करनी है। खरीद के लिए महज अब 19 दिन बचे हुए हैं। इन दिनो में केंद्र को 8920 क्विंटल गेहू की खरीद करनी है। 56 दिन में महज एक हजार क्विंटल के करीब खरीद हुई तो 19 दिन में कैसे लक्ष्य तक पहुंच पाएगा। केंद्र प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि समर्थन मूल्य से अधिक दर पर किसानो का गेहूं आढ़ती खरीद रहे हैं। इसलिए किसान व्यापारियों के हाथ बिक्री कर रहे हैं।

## अभिलेखों में अंतर मिलने पर रुक जाएगा मानदेय

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● करीब 800 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के नाम आदि में होना है संशोधन

● आधार कार्ड व बैंक खाता में लिखे ब्योरे का मिलान कर दूर हो रहीं कमियां

**अमृत विचार।** आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अभिलेखों में अगर नाम आदि में अंतर मिला तो आगे चलकर मानदेय रोक दिया जाएगा। आधार कार्ड व बैंक खाता में लिखे ब्योरे एक जैसे होने चाहिए। उनकी स्पेलिंग में भी अंतर नहीं पाया जाए। इस कमी को दूर करने के लिए महकमा सक्रिय है।

इन दिनों ब्लॉकों की परियोजनाओं में कार्यकत्रियों व सहायिकाओं के अभिलेखों में दर्ज त्रुटियों को दूर किया जा रहा है। जिन परियोजनाओं पर दिक्कतें दूर नहीं हो रहीं हैं वहां से विकास भवन के बाल विकास एवं सेवा पुष्टाहार कार्यालय में संशोधन किया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि 800 से अधिक कार्यकत्रियों के अभिलेखों का मिलान हुआ तो उसमें नाम व स्पेलिंग आदि में अंतर मिला। कहा जा रहा है कि आधार कार्ड में जो नाम आदि लिखा है वही अन्य रिकार्डों में होना चाहिए।

> जनपद में 834 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों के अभिलेखों आधार कार्ड व बैंक खाता में दर्ज नाम के मिलान में अंतर निकला है। दोनों का एक जैसा होना जरूरी है नहीं तो आगे मानदेय रुकेगा। ब्लॉक की परियोजनाओं व उनके कार्यालय में ऐसी दिक्कतों को दूर किया जा रहा है जिससे वर्करों को मानदेय के लिए भटकना न पड़े। अब तक 400 से अधिक संशोधन हो चुके हैं।
>
> -राजेश वर्मा
> प्रभारी जिला कार्यक्रम अधिकारी

## विवाहिता को घर से निकाला

**सौरिख, कन्नौज।** सकरावा थाना क्षेत्र के गांव लालपुर डडौनी निवासी उपासना पुत्री रमेश चंद्र दुबे ने प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि उसकी शादी 29 नवंबर 2021 को जनपद कानपुर नगर के थाना बिठूर के कस्बा लक्ष्मणपुर बिरातियान मंधना निवासी अमित कुमार उर्फ राहुल के साथ हुई थी। दान-दहेज में 15 लाख नगदी सहित घरेलू सारा सामान, एक पल्सर मोटरसाइकिल देकर की थी। कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक-ठाक चलता रहा उसके बाद ससुरालीजन मिले दहेज से संतुष्ट नहीं हुए और दहेज में मोटरसाइकिल की मांग करने लगे। असमर्थता जताई तो ससुराली जनों ने प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। 05 मई 2024 को पति अमित कुमार उर्फ राहुल सास अनीता शुक्ला नंद डाली उर्फ कंचन देवर हर्षित उर्फ़ राम जी सभी ससु रालियों ने एक राय होकर गाली गलौज कर मारपीट करने लगे। पहने हुए कपड़ों में घर से निकाल दिया। पुलिस ने तहरीर पर सभी ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल प्रारंभ कर दी है।

## जाति सूचक गाली देकर पीटा

**कन्नौज।** सदर कोतवाली के गांव अनन्दीपुर्वा निवासी विमला देवी पत्नी अखिलेश ने गांव के ही निवासी राजेश कटियार, राम औतार कटियार, श्याम कटियार, विनोद कटियार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोप लगाया है कि उसका पुत्र गगन से दुकान के सामान का लेनदेन को लेकर कहासुनी में उक्त लोगों ने गाली गलौज की। मना करने पर आरोपियों ने मारपीट कर जाति सूचक गाली दी। पूरे परिवार को भी पीट दिया।

## बच्ची की हालत में सुधार, आरोपी 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार

संवाददाता, तिर्वा, कन्नौज

● टॉफी का लालच देकर युवक ने किया था दुष्कर्म

**अमृत विचार।** मासूम के साथ दुष्कर्म करके फरार हुए युवक को पुलिस ने घटना के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर लिया। उससे पुलिस ने पुछताछ करने के बाद उसे जेल भेज दिया। घटना के बाद कानपुर के उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस के अनुसार उसकी हालत में सुधार आ रहा है।

ठठिया थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी मासूम बच्ची शनिवार की दोपहर अपनी दादी के साथ खेत पर गई हुई थी। इसी दौरान वहां पहले से मौजूद थाना क्षेत्र के मदनापुर गांव निवासी कुंजी उर्फ़ श्याम(18) पुत्र लंकुश ने टॉफी खिलाने के बहाने पांच वर्षीय मसूम को खेत के पास खड़ी झाड़ियों में ले जाकर दुष्कर्म किया और भाग गया। लहूलुहान हालत में पहुंची मासूम ने दादी को घटना की जानकारी दी। आनन फानन में परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया। उपचार के दौरान उस की हालत गंभीर होने पर उसे कानपुर रेफर कर दिया था। मासूम के परिजन की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की। घटना के दूसरे दिन मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने आरोपी को झौआ गांव के मोड़ से गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष किशनपाल सिंह ने बताया कि मासूम की हालत में सुधार हो रहा है। आरोपी युवक को पकड़ कर न्यायालय पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### आरोपी खुद को बताता रहा नाबालिग

**तिर्वा, कन्नौज।** घटना को अंजाम देने के बाद पुलिस ने आरोपी कुंजी के खिलाफ रिपोर्ट दर्जकर उसे पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी अपने आप को नाबालिग 16 वर्ष का बताता रहा। पुलिस को संदेह होने पर रविवार को उसके दस्तावेजों की जांच कराई तो वह 18 वर्ष से अधिक का निकला। थानाध्यक्ष किशनपाल ने बताया कि आरोपी शातिर किस्म का है पूछताछ में वह गुमराह करता रहा।

### डीएनए जांच को लिया सेंपल

**कन्नौज।** दुष्कर्म का आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया। इसके बाद उच्च अधिकारियों से लिखित अनुमति लेने के बाद उसका सैंपल जिला अस्पताल में लिया गया। अब उसकी डीएनए जांच कराई जायेगी। इससे यह सिद्ध होगा कि आरोपी ने बच्ची के साथ दुष्कर्म किया है या नहीं।

धर्म-अध्यात्म | ग्राम रौरी स्थित पापरि आश्रम में श्रीमद्भागवत कथा में बताए मोक्ष के उपाय

## ध्रुव की तरह रहना चाहिए आदर्शों पर अटल : आचार्य

संवाददाता छिबरामऊ, कन्नौज


कथा सुनाते पं. अंबुज त्रिपाठी व पंडाल में उपस्थित श्रद्धालु। अमृत विचार

● कथा के तीसरे दिन सुनाई ध्रुव चरित्र की कथा, भक्तों ने की जय-जयकार

**अमृत विचार।** जिस प्रकार भक्त ध्रुव आज भी आकाश के अंदर अटल रहता है। उसी प्रकार हमें भी अपने आदर्शों पर अटल रहना चाहिए। आज भौतिकता की प्रधानता के कारण हम अपने विचारों पर स्थिर नहीं रह पाते। जिस कारण बुराइयों को दूर करने के लिए हमारे ग्रंथों की शिक्षाओं को अपनाना पड़ेगा। यह बात कथा व्यास आचार्य अंबुज त्रिपाठी ने ग्राम रौरी स्थित पापरि आश्रम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तों को संबोधित करते हुए कहे।

उन्होंने कहा कि सांसारिक माया के प्रभाव के कारण अपने आदर्शों पर अटल रहना अत्यन्त कठिन है। भक्त प्रह्लाद की कथा का वर्णन करते हुए आचार्य मिश्र ने कहा कि प्रह्लाद जैसा भक्त संसार में मिलना कठिन है। अपने पिता के विरुद्ध जाकर वह भगवान विष्णु की भक्ति करता है। राक्षस कुल में उत्पन्न होने के पश्चात भी वह भगवान का परम भक्त है। हिरण्यकश्यप प्रह्लाद को मारने के लिए अनेकों उपाय करता है, लेकिन भगवान उसे हर बार बचा लेते है। गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि गुरु ही संसार रूपी सागर से मुक्ति दिलवा सकते हैं। इस अवसर पर संत शिरोमणि सीताराम महाराज, देवदास, बमबम महाराज, पुष्पराज सिंह, उमादेवी, विजय सिंह गौर, अल्का सिंह, सीता देवी, सुकेश पाठक, जितेंद्र सिंह उर्फ नेता, कल्याण सिंह, चंद्रशेखर दुबे उपस्थित रहे।

## जयकारों के साथ तीर्थ यात्रा पर भक्त रवाना

● व्यापारियों ने तीर्थयात्रियों को बांटा स्वल्पाहार व पानी

**छिबरामऊ, कन्नौज।** तीर्थ यात्रा के संयोजक पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश (मध्य) के राज्य कार्यकारिणी सदस्य सत्यराम यादव ने बताया चार दिवसीय भ्रमण कार्यक्रम 26 से 29 मई तक है। पहले दिन 26 मई को यहां से चलकर गोला गोकर्णनाथ और फिर पूर्णागिरि पहुंच कर रात्रि विश्राम होगा। 27 मई को मां पूर्णागिरि दर्शन के बाद हम सभी हरिद्वार पहुंचकर रात्रि विश्राम करेंगे।

28 मई को ऋषिकेश का भ्रमण और वहीं पर रात्रि विश्राम तथा 29 मई को पतंजलि योगपीठ का भ्रमण करने के बाद रात में वापस यहां के लिए प्रस्थान करेंगे। 30 मई को छिबरामऊ आ जाएंगे। किराना एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता व उ.प्र. उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष शैलेन्द्र गुप्ता लालू ने माल्यार्पण के साथ तीर्थ यात्रियों को पानी की पानी की बोतल सहित स्वल्पाहार के पैकेट भेंट किए और हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया।

इस दौरान चंद्रभान गुप्ता मुन्ना, प्रभाकर गुप्ता, नेहा गुप्ता, शिवदेवी चौहान व सत्य नारायण वर्मा आदि मौजूद रहे।

## अल्लाह तेरी शान बड़ी है, मौला...

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

● हजरत गुलामाने रहमतुल्ला अलैह का सालाना उर्स सम्पन्न

● पूरी रात चलता रहा जवाबी कव्वाली का मुकाबला


कव्वाली पेश करतीं चाहत वारसी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नजरापुर, वैसापुर पट्टी रजईमऊ ठकुराइन में हजरत गुलामाने रहमतुल्ला अलैह का 47वां सालाना उर्स सम्पन्न हुआ। इस मौके पर लोगों ने गागर व चादर चढाई। दिन के समय मेले का आयोजन किया गया। लोगों ने दरगाह पर पहुंच कर मन्नत मांगी। रात के समय कोनैन वारसी व चाहत वारसी के बीच जवाबी मुकाबला हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत कोनैन वारसी ने कलाम के साथ की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि कुछ लोग मुझे मिटाने को तुले हैं पर अल्लवाहा के करम से मैं लगातार ऊचाइयों को छू रहा हूं। इसी तरह उन्होंने कव्वाली सुनाई कि अल्लाह तेरी शान बड़ी है, मौला तेरी शान बड़ी है। जहां जहां ए उजाला दिखाई देता है, मेरे मौला का जलवा दिखाई देता है। नबियों में सबसे बेहतर जलवा मेरे नवी का। इसी तरह के कई शायरी व कव्वाली पेश की गई।


कव्वाली पेश करते कोनैन वारसी।

इसी तरह चाहत वारसी ने जो लोग इस जहां में तकदीर के धनी हैं। उन लोगों पर भी रहम मेरे नवी की है। संस्थापक रमेश कांत तिवारी, कार्यकारिणी अध्यक्ष शकुंतला तिवारी, आयोजक सुनील कुमार तिवारी, अरविंद सिंह लल्ला ठाकुर, मोहम्मद शान (सानू), कानपुर के हाजी मोहम्मद अहमद उर्फ गुड्डू, हरि श्याम कटियार, इसराइल, सरमन, बृजेश, अक्षांश कटियार, दीपक कटियार, मो.शमशाद ,मो.सलमान, चांद आलम, दीन मोहम्मद, जान मोहम्मद समेत कई लोग मौजूद रहे।

# नौतपा के दूसरे दिन सूर्यदेव ने दिखाए तेवर

## पारा @ 44 डिग्री : गर्मी के चलते लोगों का जीना हुआ दूभर, डॉक्टर जारी कर रहे एडवाइजरी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** नौतपा के दूसरे दिन से ही गर्मी ने अपने तेवर दिखाने शुरू कर दिए। रविवार को नौतपा के दूसरे दिन अधिकतम तापमान ने उछाल मारा और पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया।

डीएन डिग्री कालेज के अवकाश प्राप्त भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष डाक्टर गुलाब सिंह बताते हैं कि शनिवार के मुकाबले रविवार को अधिकतम तापमान 41 डिग्री से बढ़कर पारा 44 डिग्री तक पहुंच गया। जबकि न्यूनतम पारे में भी 3 डिग्री की बढ़ोतरी हुई है। न्यूनतम तापमान 34 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। कुछ दिनों तक सूर्यदेव के तेवर कड़े रहेंगे। फिलहाल गर्मी में कोई राहत मिलने की उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। ज्येष्ठ माह लगते ही रविवार से नौतपा के दूसरे दिन से ही शुरुआत हो गई। सुबह से ही सूर्य की तपिश ने लोगों को बेहाल करना शुरू कर दिया। पंडित अशोक शास्त्री के अनुसार 26 मई से 4 जून के बीच के धरती पर सूरज की सीधी किरणें पड़ेंगी। सूर्य के रोहिणी नक्षत्र में प्रवेश करने से गर्मी का प्रकोप और भी बढ़ेगा।

इसलिए यह नौ दिन नौतपा के माने जाते हैं। लू व तपिश से बचने के लिए लोग सिर, चेहरा व हाथ आदि सूती कपड़े से ढक कर ही घरों से बाहर निकले। और बच्चे भी अपने-अपने घर के बाहर समर चलकर नहा रहे है। दोपहर में बाजार व सड़कों पर सन्नाटा है।


गर्मी से बचाव के लिए दोपहर में नहाते बच्चे। अमृत विचार


गर्मी में मुंह बांध कर निकल रहे लोग। अमृत विचार

### गर्मी का प्रकोप : आरोग्य मेले में बढ़ी मरीजों की संख्या

**अमृतपुर फर्रुखाबाद ।** भीषण गर्मी पड़ने से अब मरीजों की भी संख्या बढ़ने लगी है। प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर में जन अरोग्य मेले का आयोजन किया गया। गर्मी व लू लगने से उल्टी दस्त के मरीजों की संख्या भी बढ़ी है। रविवार को जन अरोग्य मेले में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में 98 मरीजों को दवा वितरण की गयी। डाक्टर गौरव राजपूत ने बताया कि उल्टी, दस्त, बुखार, के मरीजों की संख्या ज्यादा है। डाक्टर गौरव राजपूत ने बताया कि अस्पताल में 15 मलेरिया 18 टाइफाइड 5 टीबी 25 डायवटीज 8 हीमोग्लोबिन (एचबी) की जांच की गयी। उन्होंने बताया लू चलने के कारण डायरिया की परेशानी बढ़ी है। ज्यादातर मरीज दस्त के आ रहे हैं। इस मौके पर गौरव राजपूत, फार्मासिस्ट अरविंद कुमार, लैब टेक्नीशियन सोनाली पाल, पवन कुमार एवं शोभना अवस्थी, आरती, अंजुम आदि मौके पर मौजूद रहीं।

## मेहंदी शाह की मजार पर पहुंच रहे हिन्दू व मुसलमान

**फर्रुखाबाद ।** मेहंदी शाह बाबा के मजार पर लगे मेले में हिंदू-मुस्लिम सौहार्द की झलक दिखाई दी। मजार पर चादरपोशी के साथ भंडारा हुआ। रविवार को कंपिल रोड स्थित मंडी समिति के पास मजार पर मेले का आयोजन हुआ। इसका उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव व नगर पालिका चेयरमैन डॉ शरद गंगवार ने फीता काटकर किया। यह मजार गंगा-जमुनी तहजीब की मिशाल है। मेला कमेटी पदाधिकारियों व व्यापारी नेताओं ने बाबा की मजार पर चादर चढ़ाई। जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव ने मेले में हुए भंडारे में कन्या भोज कराया गया ।

हिंदू हो या मुसलमान सभी ने मजार पर माथा टेका और मन्नत मांगी। मजार पर लोगों ने प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर जिला पंचायत सदस्य डॉ अतुल गंगवार , धीरेंद्र सिंह गंगवार उर्फ पप्पू , रमेश चंद्र गंगवार , सुरेंद्र अग्रवाल, सुरेंद्र सिंह गंगवार, इवीस कुमार , आनंद कुमार पवन कुमार आदि रहे।

## ट्रक ड्राइवर, गोलगप्पा विक्रेता व वृद्धा की अचानक हुई मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

- लोगों ने लू लगने से मौत होने की जताई आशंका

**अमृत विचार।** रविवार को फर्रुखाबाद में अधिकतम पारा 44 डिग्री रिकार्ड किया गया। जिसके चलते हीट वेव का खतरा भी बढ़ गया है। गोलगप्पा विक्रेता, ट्रक चालक व एक वृद्धा की अचानक हालत बिगड़ने के बाद मौत हो गई। अधिक गर्मी के चलते लू लगने की आशंका जताई जा रही है।

कोतवाली फतेहगढ़ के भूसा मंडी निवासी जीवालाल 48 वर्ष मोर्चरी के पास गोल गप्पे बेचने का काम करते थे। शनिवार को कुछ तबीयत खराब हो गई। जिससे रविवार को काम पर नहीं गए। दोपहर को सोते समय अचानक तबीयत ज्यादा बिगड़ने पर परिजन आनन फानन में जिला अस्पताल लोहिया लेकर पहुंचे, जहां पर ईएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने मृत घोषित कर दिया। वहीं मृतक को लू लगने की आशंका जताई जा रही है।

दूसरी तरफ हरियाणा के अंबाला के गुरुनानक निवासी ट्रक चालक शेर सिंह ट्रक लेकर शनिवार को इटावा बरेली नेशनल हाईवे पर जा रहा था। निबिया के पास ट्रक चालक की अचानक हालत बिगड़ गई। जिससे ट्रक भी सड़क से नीचे उतर गया। ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रक चालक को सीएचसी राजेपुर में भर्ती कराया, जहां से जिला अस्पताल लोहिया रेफर कर दिया गया। जिला अस्पताल लोहिया में डॉक्टर ने दोपहर तीन बजे ट्रक चालक को मृत घोषित कर दिया ।

वहीं थाना राजेपुर क्षेत्र के ग्राम अलीगढ़ निवासी जगदीश की पत्नी जय देवी की दो दिन से बुखार, दस्त आने से हालत खराब थी। कस्बा के एक निजी चिकित्सक से उपचार चल रहा था। रविवार को हालत गंभीर होने पर परिजन दोपहर में अस्पताल लोहिया लेकर आए।जहां ईएमओ डॉ कृष्ण कुमार ने मृत घोषित कर दिया ।डॉ ने बताया की मृत्यु का सही कारण पोस्टमार्टम के बाद ही पता चल सकेगा।

## लापता भट्ठा मजदूर का मिला शव

**फर्रुखाबाद।** शराब पीने के आदी भट्ठा मजदूर का शव पड़ा मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया । सूचना पर पहुंची पुलिस नें जांच पड़ताल कर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र के गांव गैसिंगपुर के बेवर रोड पर स्थित भट्ठे पर बिहार के जिला गया के निवासी 54 वर्षीय भोला मांझी पुत्र कारा मांझी मजदूरी करता था। भोला की पत्नी गिरो देवी नें बताया कि वह बीते दिन सुबह 8 बजे शराब के लिए रुपये छीनकर ले गया था।

उसकी तलाश शुरू की लेकिन उसका कोई पता नहीँ चला। रविवार सुबह 9 बजे राहगीरों ने भट्ठे तथा पुलिस को सूचना दी कि बेवर रोड पर गांव गैसिंगपुर पर स्थित देवी मंदिर से 100 मीटर आगे किसी का शव पड़ा है। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार भाटी पुलिस बल के साथ मौके पर पंहुचे। पुलिस को मौके पर शराब के पौवे भी मिले हैं।

## संस्कार भारती के कैम्प में बच्चों की निखर रही प्रतिभा


कार्यशाला में मौजूद बच्चे। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की ओर से चल रही कार्यशाला में नन्हे-मुन्ने बच्चों को मेहंदी और नृत्य का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। बच्चे भी पूरी तन्मयता के साथ डांस सीख रहे हैं। रविवार को मदन मोहन कानौडिया बालिका इंटर कॉलेज में चल रही ग्रीष्मकालीन कार्यशाला में नृत्य प्रशिक्षक रजनी लौंगानी और कोमल शर्मा बच्चों को नृत्य सिखा रही थी। बच्चे कुछ भी गलत स्टेप करते तो दोनों प्रशिक्षक उन्हें टोककर सही स्टेप सिखातीं। बच्चे भी बड़े ही उत्सुकता के साथ डांस सीखने में मग्न दिखाई दिए। वहीं प्रिया वर्मा किशोरियों व युवतियों को मेहंदी लगाना सिखा रखी थीं।

## सेकेंड फीडर की आपूर्ति हुई ठप

**कायमगंज फर्रुखाबाद ।** बिजली घर पर लगी सेकेंड फीडर की आउट गोइंग ट्राली की गरारी खराब होने से सेकेंड फीडर की आपूर्ति पूरी तरह ठप हो गयी। वही भीषण गर्मी में मशीने दगा दे रही है। ओवरलोड से फाल्ट की समस्या विकराल हो रही है।

भीषण गर्मी में उपभोक्ताओं का बुरा हाल है। दिन हो या रात आपूर्ति सुचारू रूप से नहीं चल पा रही है। वही लो व हाई वोल्टेज की समस्याये भी बनी हुई है। नगर में फाल्ट की संख्या बढ़ने से उपभोक्ताओं को कई कई घंटे आपूर्ति नहीं मिल पा रही है। इससे पीने के पानी का संकट भी गहरा रहा है। सुबह आठ बजे ही भीषण गर्मी से लोगो का बुरा हाल हो जाता है। ऐसे में बिजली की आंखमिचैली और भी परेशान किए है। रविवार को रुटौल उपकेंद्र पर सेकेंड फीडर की आउट गोइंग ट्राली की गरारी खराब होने से भीषण गर्मी में मशीनें भी दगा दे रही है।

## ट्रैक्टर की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद




- खरबूजे बेच कर घर वापस आते समय हुआ हादसा
- मृतक के भाई ने पुलिस को दी तहरीर

**अमृत विचार।** साइकिल से खरबूजा बेचकर घर लौट रहे युवक को तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को परिजन व अन्य लोग सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया।

थाना मऊरवाजा क्षेत्र के गांव खिनमिनी निवासी 33 वर्षीय जर्मन सिंह मजदूरी करता था। जिस दिन काम नही मिलता था। उस दिन वह साइकिल से फेरी लगाकर सब्जी व फल बेचने चला जाता था। रविवार सुबह वह साइकिल से खरबूजा बेचने के लिए घर से निकला था। 10 बजे तक वह खरबूजे बेचकर साइकिल से घर की ओर आ रहा था । तभी गांव में ही तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जर्मन सिंह की साइकिल में टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से परिजनो ने सीएचसी बरौन में भर्ती कराया। वहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने युवक को मृत घोषित कर दिया। स्थानीय लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़कर पुलिस को सौप दिया। पुलिस ने जर्मन सिंह के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पीड़ित के भाई रवेंद्र ने ट्रैक्टर चालक के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी है।

## फांसी के फंदे पर लटकी मिली गर्भवती, अस्पताल में भर्ती


लोहिया अस्पताल में भर्ती महिला ।

**फर्रुखाबाद ।** संदिग्ध परिस्थितियों में महिला फांसी के फंदे पर झूलती मिली। महिला की बहनों के रोने की आवाज सुनकर मौके पर पहुंची बुआ एवं अन्य परिजनों ने महिला को फांसी के फंदे से नीचे उतार लिया। परिजनों ने आनन-फानन में एंबुलेंस से महिला को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया ।

थाना मऊदरवाजा क्षेत्र के मोहल्ला रकाबगंज खुर्द निवासी नेहा गिहार की दो वर्ष पहले बाग लकूला निवासी गोविंद से शादी हुई थी। पति से विवाद होने के बाद नेहा गिहार तीन महीने से मायके में रह रही थी। 15 दिन पहले पति भी मायके आ गया था । बीती रात अचानक घर पर मौजूद सीमा की छोटी बहनों की चीख पुकार सुनकर परिजन पहुंचे । तब तक आरोपी पति गोविंद मौके से फरार हो गया था और पीड़िता फांसी के फंदे पर लटकी थी। पीड़िता के मामा व बुआ के लड़के ने गंभीर हालत में पीड़िता को जिला अस्पताल लोहिया में भर्ती कराया। जिला अस्पताल लोहिया से रात में ही पुलिस सूचना भेज दी गई। पीड़िता की हालत गंभीर होने पर डॉक्टर ने महिला को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखने के निर्देश दिए है।

## परिषदीय विद्यालयों में पांच जून से समर कैंप

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** विश्व पर्यावरण के अवसर पर परिषदीय विद्यालयों में पांच से 11 जून तक समर कैंप के आयोजन किए जाएंगे। इसके तहत स्कूलों में वाद-विवाद व चित्रकला आदि प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। साथ ही बच्चों को पौधारोपण के लिए प्रेरित किया जाएगा। स्कूलों में 'ईको क्लब'का गठन भी होगा।

विश्व पर्यावरण दिवस को लेकर परिषदीय विद्यालयों में ईको क्लब का गठन करते हुए समर कैंप लगाए जाएंगे। समर कैंप में छात्र-छात्राओं को गुणवत्ता शिक्षा के साथ ही पेयर लर्निंग के बारे में बताया जाएगा। इसके साथ ही ग्रीष्म कालीन अवकाश में ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ थीम पर समर कैंप आयोजित होंगे। पांच से 11 जून तक आयोजित होने वाले समर कैंप में वाद-विवाद, चित्रकला व पोस्टर मेकिंग आदि प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएंगी। समर कैंप में प्रसिद्ध पर्यावरणविदों व इस क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर स्वैच्छिक संगठनों से भी सहयोग प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए समस्त मंडलों के मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक (बेसिक) व सचिन कुमार गुणवत्ता यूनिट समग्र शिक्षा को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा ने सभी जिला बेसिक शिक्षाधिकारियों को स्कूलों में ईको क्लब का गठन कर समर कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिला बेसिक शिक्षाधिकारी गौतम प्रसाद ने बताया कि महानिदेशक के निर्देश से सभी खंड शिक्षाधिकारियों को अवगत करा दिया गया है।

## सड़क के किनारे भारी मात्रा में पड़ी मिलीं सरकारी दवाएं

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद



सड़क के किनारे पड़ी सरकारी दवाएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नबावगंज क्षेत्र से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। जो दवाएं सरकारी अस्पताल में मरीजों को मिलनी चाहिए थी। उन एंटीबायोटिक दवाओं की बड़ी खेप जाकिर हुसैन ट्रस्ट के पास सड़क किनारे मिलीं । वहीं ज्यादातर दवाओं के बॉक्स पर एक्सपायरी डेट 2025 की पड़ी है। इस मामले में जिम्मेदारों की घोर लापरवाही सामने आई है।

थाना नवाबगंज क्षेत्र स्थित बासमई में मोहम्दाबाद मार्ग के किनारे रविवार को सरकारी दवा की बड़ी खेप पड़ी मिली।मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिए। जिसमे डॉक्सीसाइक्लिन दवा के दर्जनों डिब्बे खेत में पड़े नजर आ रहे है। दवा के डिब्बों पर उत्तर प्रदेश सरकार का लोगो बना हुआ है।इसके साथ ही एक वीडियो में दवाओं के डिब्बे पर पड़ी एक्सपायरी डेट सितंबर 2025 दिखाई दे रही है। जिससे जाहिर है कि फेंकी गई दवाई अभी एक्सपायर नहीं हुई थी और यह मरीजो को दी जा सकती थी। साफ तौर पर किसी जिम्मेदार की घोर लापरवाही के चलते मरीज के उपचार में दी जाने वाली दवा सड़क किनारे फेंकी गई है। सीएमओ डॉक्टर अवनींद्र कुमार ने बताया की मामला गंभीर है। तत्काल जांच के आदेश दिए गए है। सीएचसी नबावगंज के प्रभारी से भी जबाव तलब किया गया है। जांच कर दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## बस में सीट को लेकर हुई मारपीट

**फर्रुखाबाद।** रोडवेज बस की सीट पर बैठने के विवाद में जनपद हरदोई से लेकर फर्रुखाबाद तक जमकर मारपीट की गई। बस से फर्रुखाबाद में उतरते ही फिर मारपीट हुई, जिससे आधे घंटे तक जाम लगा रहा।

जनपद हरदोई से रोडवेज की बस सवारियों को लेकर दिल्ली के लिए निकली थी। जिसमे गांव सिमरिया हरदोई निवासी ऊधन राठौर के साथ सवायजपुर के निकट बस की सीट पर बैठने को लेकर विवाद हो गया। जिससे ऊधन व उसके भांजे के साथ जमकर मारपीट हो गयी। बस जब फर्रुखाबाद पहुंची तो लाल दरवाजा तिराहे पर उन्होंने और लोग भी बुला लिए और फिर गाड़ी से खीचकर ऊधन के साथ मारपीट करने लगे। मारपीट होते देख बस की सवारियां व चालक ऊधन के समर्थन में आ गये। दूसरे पक्ष के साथ मारपीट कर दी। भीड़ आक्रोशित देख आरोपी भाग गये।

## सार-संक्षेप


निशान लेकर शोभा यात्रा में चल रहे भक्त । अमृत विचार

### ढोल नगाड़े के साथ धूमधाम से निकली खाटू श्याम की यात्रा

**फर्रुखाबाद।** श्री खाटू श्याम भक्तों के संयोजन में शिवाला भवन से खाटू श्याम की भव्य निशान यात्रा रविवार को नगर में निकाली गई। निशान यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया। भक्त भाव की ध्वनि एवं ढोल नगाड़े के साथ निशान यात्रा नगर के मुख्य मार्गो से गुजरी। नगरवासियों ने जगह , जगह निशान यात्रा पर पुष्प वर्षा के साथ पूजा अर्चना की । श्रद्धालु निशान उठाकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए पूरे नगर भ्रमण के उपरान्त सीपी ग्राउंड जटवारा पर पहुंचे। इसके बाद श्याम भक्तों द्वारा विशाल खाटू श्याम संकीर्तन का आयोजन किया गया। निशान यात्रा का उद्घाटन नगर उद्योगपति लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, चेयरमैन डॉ शरद गंगवार ने भगवान श्री गणेश, श्री हनुमान, श्री खाटू श्याम की पूजा अर्चना व आरती के साथ किया। इस अवसर पर मुकेश दुबे, अमर गुप्ता, अर्चित गुप्ता, विशाल गुप्ता, राजीव राठौर, आशीष गुप्ता, सुबोध उर्फ मंशा राम गुप्ता, मोहित दुबे, भोले, दीपक दुबे, हर्षित रस्तोगी, सभासद सुनील गुप्ता, प्रदीप कुमार, किशन शाक्य अरविंद श्रीवास्तव, ऋषभ भरद्वाज सहित भारी संख्या में श्रद्धालु निशान यात्रा में मौजूद रहे।


कलश यात्रा निकाल रहे भक्त। अमृत विचार

### श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा पर की पुष्पवर्षा

**फर्रुखाबाद।** श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन शहर में गाजे–बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में गगन भेदी जयकारे लगा वातावरण अध्यात्ममय हो गया। साथ ही श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा पर पुष्पवर्षा की। सेवा परमो धर्मा: फाउंडेशन की तरफ से शहर कोतवाली क्षेत्र के पांडेश्वर नाथ मन्दिर में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे चक्रतीर्थ नैमिषारण्य तीर्थ से आये पंडित बजरंगी जी महाराज के सानिध्य में कथा प्रारम्भ हुई। मुख्य यजमान डॉक्टर अंजली व डॉक्टर मनोज चतुर्वेदी (सर्जन), सीता व संस्था के अध्यक्ष केदार शाह मौजूद रहे। सचिव पंकज पाठक ने व्यवस्था देखी। संचालन आचार्य संजीव मिश्रा ने किया । सुनील दीक्षित, देश दीपक, रुचि गिरजा वाजपेयी, सीमा चौहान, सुमन पाल, सुनीता मिश्रा आदि लोग मौजूद रहे।

## पूर्व प्रिंसिपल ने गंगा में कूदकर दी जान

**फर्रुखाबाद ।** इंटर कालेज के पूर्व प्रधानाचार्य व अग्रेजी विषय के प्रवक्ता ने रविवार सुबह पांचाल घाट गंगा नदी में कूद कर आत्महत्या कर ली। नाविकों ने गंगा में एक शव उतराता देखकर पुलिस को सूचित किया। पांचाल घाट चौकी पुलिस ने शव को बाहर निकाला। जानकारी करने के बाद परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने शव का पोस्टमार्टम कराने से इंकार कर दिया।घरेलू कलह की वजह से आत्महत्या किए जाने की बात सामने आई है।जनपद शाहजंहा पुर के थाना अल्लाहगंज के मोहल्ला शिवपुरी निवासी श्री राम पाली (67)पुत्र श्री गंगाराम पाली रिटायर्ड प्रधानाचार्य थे। वह अल्लाहगंज स्थित स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य व अंग्रेजी के प्रवक्ता थे।

**तैयारी** प्रत्येक लाइब्रेरी पर चार लाख रुपये का आएगा खर्च, पंचायत घर व विद्यालयों में किया जाएगा निर्माण

## ग्राम पंचायतों व नगर पंचायतों में बनेंगी डिजिटल लाइब्रेरी

कार्यालय संवाददाता फर्रुखाबाद

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे युवाओं को भी अब डिजीटल लाइब्रेरी का लाभ मिल सकेगा। शासन ने जिले के 288 ग्राम व नगर पंचायतों में डिजिटल लाइब्रेरी बनाने के आदेश दिए हैं। प्रत्येक पंचायत में चार लाख की लागत से बनने वाली लाइब्रेरी पर 12.64 करोड़ का खर्च आएगा। बजट मिलते ही लाइब्रेरी बनाने का काम शुरू होगा। लाइब्रेरी निर्माण के लिए पंचायत भवन व कॉलेजो का चिह्नीकरण शुरू हो गया है।

पुस्तकालय में छात्र-छात्राओं के साथ ही अन्य लोग किताबों को पढ़कर देश-विदेश की जानकारियां हासिल करते हैं। व्यक्तिगत हित के अतिरिक्त, पुस्तकालयों से समाज का भी हित होता है।

भिन्न-भिन्न देशों की नवीन एवं प्राचीन पुस्तकों के अध्ययन से लोगों का ज्ञान बढ़ता है। पुस्तकालय की उपयोगिता को देखते हुए शासन ने डिजिटल लाइब्रेरी बनाए जाने के आदेश दिए हैं। जनपद की 288 ग्राम पंचायतों के पंचायत भवन या फिर ग्राम पंचायत में स्थित किसी विद्यालय में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण कराया जाएगा। इसके साथ ही सात नगर पंचायतों के 28 विद्यालयों व पंचायत भवन में लाइब्रेरी बनाई जाएंगी। प्रत्येक लाइब्रेरी में चार लाख रुपये खर्च होंगे। पहली किस्त के रूप में दो लाख रुपये का बजट शासन से निर्गत होगा।

नगर पंचायत ही लाइब्रेरी का निर्माण करवाएगी। डिजिटल लाइब्रेरी में कर्मचारी की नियुक्ति की जाएगी। पंजीकरण शुल्क भी निर्धारित होगा।



### डिजिटल लाइब्रेरी के लाभ

- डिजिटल लाइब्रेरी में लगे कंप्यूटर में किताबों के डिजिटल वर्जन के साथ ही इलेक्ट्रॉनिक या डिजिटल फॉर्मेट में टेक्स्ट, फोटो, वीडियो या ऑडियो भी शामिल होंगे। डिजिटल लाइब्रेरी को कहीं से भी एक्सेस किया जा सकेगा।

### डिजिटल लाइब्रेरी में यह लगेंगे उपकरण

- प्रोजेक्टर, कंप्यूटर, एलईडी, कुर्सी, मेज, प्रिंटर, इंटरनेट कनेक्शन आदि सामग्री।

**28** विद्यालयों व पंचायत भवन में लाइब्रेरी बनाई जाएंगी

### बोले जिम्मेदार

288 ग्राम पंचायतों व सात नगर पंचायतों के 28 पंचायत घर या फिर विद्यालयों में डिजिटल लाइब्रेरी का निर्माण होगा। शासन से आदेश प्राप्त हो गए हैं। डीपीआरओ को पंचायत भवन व विद्यालय चिह्नित करने को पत्र भेज दिया है। जल्द ही बजट भी मिल जाएगा।

– नरेंद्र पाल सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक एवं नोडल अधिकारी।

एकं हन्यान्न वा हन्यादिषुर्मुक्तो धनुष्मता।
बुद्धिर्बुद्धिमतोत्सृष्टा हन्याद् राष्ट्रम सराजकम्।।

किसी धनुर्धर वीर के द्वारा छोड़ा हुआ बाण संभव है किसी एक को मारे या न भी मारे। मगर बुद्धिमान द्वारा प्रयुक्त की हुई बुद्धि राजा के साथ-साथ संपूर्ण राष्ट्र का विनाश कर सकती है।


## संपादकीय

# जलवायु परिवर्तन की चुनौती

पूरा देश इस समय भीषण गर्मी से जूझ रहा है। इससे लोगों के स्वास्थ्य और उत्पादकता पर गंभीर खतरा हो सकता है। आगामी दिनों में लू का जोखिम और बढ़ने की आशंका है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। मौसम विभाग के मुताबिक अगले पांच दिन तक रात के पारे में कोई बदलाव के आसार नहीं है। रात का तापमान विशेष रूप से खतरनाक होता है। हर साल तापमान के रिकॉर्ड ध्वस्त हो रहे हैं। मौसम के बदलाव ने आम लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। देश के 150 प्रमुख जलाशयों में जल भंडारण पिछले सप्ताह पांच वर्षों में सबसे निचले स्तर पर आ गया। इससे कई राज्यों में पानी की कमी बढ़ गई और जल विद्युत उत्पादन पर असर पड़ा है। विश्व बैंक के एक अध्ययन के मुताबिक, देश का करीब 75 फीसदी कार्यबल कृषि और निर्माण क्षेत्र में गर्मी का सीधे सामना करने वाले श्रम पर निर्भर करता है।

आंकड़ों के मुताबिक 2030 तक गर्मी के प्रकोप से जुड़ी उत्पादकता में गिरावट की वजह से दुनिया भर में कुल होने वाली नौकरियों के नुकसान में अकेले भारत का योगदान करीब 43 फीसदी तक हो सकता है। वास्तव में आज पूरी तरह से जलवायु परिवर्तन हो चुका है और इसका खामियाजा इंसान को भुगतना पड़ रहा है। शहरीकरण और औद्योगिकीकरण के कारण लोगों के जीवन जीने के तौर-तरीकों में काफी परिवर्तन आया है। विश्व भर की सड़कों पर वाहनों की संख्या काफी अधिक हो गई है। जीवन शैली में परिवर्तन ने खतरनाक गैसों के उत्सर्जन में काफी अधिक योगदान दिया है। यदि ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में उल्लेखनीय रूप से कमी नहीं की गई, तो सदी के मध्य तक अधिकांश क्षेत्रों में दैनिक उच्च और निम्न तापमान में कम से कम 5 डिग्री फ़ॉरेनहाइट की वृद्धि होगी, जो सदी के अंत तक 10 डिग्री फ़ॉरेनहाइट तक बढ़ जाएगी। वर्तमान में जलवायु परिवर्तन वैश्विक समाज के समक्ष मौजूद सबसे बड़ी चुनौती है एवं इससे निपटना वर्तमान समय की बड़ी आवश्यकता बन गई है। जलवायु परिवर्तन के कुछ प्रभावों को वर्तमान में भी महसूस किया जा सकता है। पृथ्वी के तापमान में वृद्धि होने से हिमनद पिघल रहे हैं और महासागरों का जल स्तर बढ़ता जा रहा है। आधुनिक युग में जैसे-जैसे मानवीय गतिविधियां बढ़ रही हैं, वैसे-वैसे ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में भी वृद्धि हो रही है जिसके कारण तापमान में वृद्धि हो रही है। यानि यह समय जलवायु परिवर्तन की दिशा में गंभीरता से विचार करने का है।

# शरीर और मन : परिवेश और आनुवंशिकता



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंत:करण। अंत:करण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है।**

**मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।**

विचार मनुष्य का बल है, वैभव है, लेकिन यदि वही विचार मनुष्य के लिए कैदखाना बन जाए, तब? लेकिन अपरिमित बल के साथ ही मनुष्य में निर्बलता भी है कि वह विचारधाराओं को अपने लिए जेल खाना बना लेता है, कट्टर बन जाता है। विचार को लेकर लड़ने लगता है। वह भूल जाता है कि कोई भी विचार आखिरी लकीर नहीं है। विचारधाराएं मनुष्य के लिए हैं, मनुष्य विचारधाराओं के लिए नहीं हैं। ये समस्त ज्ञान विज्ञान विचार दर्शन कला संगीत मनुष्य जीवन रूपी वृक्ष के फल हैं। वृक्ष पर फल बार-बार आते हैं, फल तथा ऋतु का संबंध है। ऋतु बदलती है, नए फल आ जाते हैं। युग बदलता है, विचार बदल जाते हैं।

जीवन का विस्तार बहुत व्यापक है, वह किसी एक ही विचारधारा से न कभी पहले चल सका है, न आज चल रहा है और न आगे कभी चलेगा। इसलिए विचारधाराओं से भी पहला काम मनुष्य का अध्ययन है, पहला काम मनुष्य की पहचान है। हम सोचते हैं कि मनुष्य का क्या जानना, हम मनुष्य ही तो हैं। हां, ठीक बात है, हम मनुष्य हैं, मनुष्य की विराटता में एक इकाई। मनुष्य में बुनियादी समानता हैं, निश्चित ही हैं, किंतु विचित्रता भी हैं। इतनी विचित्रता कि उनको हम जितना भी जानते हैं, उतनी ही विचित्रता सामने आ जाती है। दिशा और काल में मनुष्य का कितना विस्तार है? क्या इस विस्तार की कल्पना भी हम कर सकते हैं? मनुष्य को जानने की बहुत सी पद्धतियां हैं, एक पद्धति ने मनुष्य को परिवेश और आनुवंशिकता के आधार पर जानने का प्रयास किया है।

मनुष्य की संरचना में दो घटक बड़े स्पष्ट हैं एक देह या शरीर और दूसरा अंतःकरण। अंतःकरण अर्थात् मन, बुद्धि, चित्त अहंकार। देह और मन, इन दोनों की संरचना में दो तत्व हैं, एक परिवेश है और दूसरा आनुवंशिकता है। मनुष्य की शारीरिक संरचना में उसका रंग रूप देह-यष्टि परिवेश से प्रभावित होती है। अफ्रीका का आदमी, अमेरिका का आदमी या फ्रांस का आदमी एक जैसे रंग रूप देह-यष्टि के नहीं होते। चीन के आदमी का कद, रंग, उसकी आंखें, उसकी खोपड़ी, उसके हाथ पैर अलग-अलग रूप-रंग और आकृति के होते हैं। फिर समुद्र के पास रहने वाला आदमी पर्वतों के पास रहने वाले आदमी से भिन्न होता है। एक की छाती अधिक मजबूत है और दूसरे की टांगें अधिक मजबूत हैं। यह भिन्नता प्राकृतिक-भौगोलिक परिवेश के कारण होती है। देह तत्व को प्रभावित करने वाला दूसरा प्रभावशाली तत्व उसकी आनुवंशिकता है।

माता-पिता और उनकी वंश परंपरा आदमी के रूप, नाक-नक्श पर प्रत्यक्ष होती है। किसी बच्चे को तुरंत पहचान लिया जाता है यह उसका बेटा है। अनेक व्याधियां आनुवंशिक होती हैं। बहुत सी लोकोक्तियां आनुवंशिकता पर हैं अब तो आनुवंशिकी (जैनेटिक्स) का विकास हो रहा है, जिस प्रकार माता-पिता और माता-पिता की वंश परंपराओं से हमने अपना शरीर प्राप्त किया है। उसी प्रकार हमारा मन भी उसी वंश परंपरा का दाय है। इसीलिए हमारा मन बीते हुए युगों का एपीटोम है। हमारे अर्द्धचेतन और अचेतन मन में युग-युगांतर की स्मृतियां सो रही हैं। शरीर की तरह हमारा मन भी अविच्छिन्न परंपरा का ही दाय है। जिस प्रकार शरीर पर परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है, उसी प्रकार मनुष्य की मानसिक संरचना अर्थात् मन पर भी परिवेश और आनुवंशिकता का प्रभाव होता है। मनुष्य की मानसिक संरचना में आनुवंशिकी का प्रभाव बहुत स्पष्ट होता है-नानी की टेव धेवती में आ। मूसे के जाए बिले खोदेंगे। मन पर परिवेश का प्रभाव सांस्कृतिक तत्व के रूप में होता है। बालक का जन्म शून्य में नहीं होता, सांस्कृतिक-परिवेश में होता है। बालक उस परिवेश से ही बोली और भाषा ग्रहण करता है तथा बोली और भाषा की तरह ही सांस्कृतिक तत्व ग्रहण करता रहता है।

प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश की विचार-प्रणाली होती है, आचार प्रणाली होती है, विश्वास-प्रणाली होती है, सौंदर्यचेतना होती है। प्रत्येक सांस्कृतिक परिवेश में सैकड़ों अवधारणाएं प्रचलित होती हैं। मनुष्य के चित्त का आधार पाकर वे अवधारणाएं भौतिक शक्ति जैसी बन जाती हैं। इसलिए बालक का मन अपने सांस्कृतिक परिवेश से रचा-पचा होता है। इस प्रकार मनुष्य की आंतरिक और बाहरी संरचना में परिवेश और आनुवंशिकता दोनों तत्व निर्णायक और प्रभावकारी होते हैं। जिस आनुवंशिकता से बालक को शरीर प्राप्त हुआ है, उसी आनुवंशिकता से उसे मन भी प्राप्त हुआ है। मन की प्रवृत्ति के रूप में जो तत्व है, वह भी वंश परंपरा से प्राप्त है। उसकी मानसिक संरचना में अतीत जीवन की स्मृतियों का कोश है।

आनुवंशिकता के कारण ही मनुष्य के मन को युगंधर या बीते युगों की स्मृतियों का ऐपीटोम कहा जाता है। समस्त युग उसके अवचेतन में समाए हुए हैं। यह ऐपीटोम केवल इस जीवन का ही नहीं है, उस वंशानुक्रम के जीवन का है, जो अंततः आदि-पुरुष (माता-पिता) से जुड़ता है। ध्यान रखने की बात यह है कि मनुष्य जीवन केवल वर्तमान से ही संचालित नहीं होता, मनुष्य जीवन के इतिहास की समग्रता अथवा वे स्मृतिकोश भी जीवन को संचालित करते हैं। मनुष्य धरती पर उगते हुए बीज को तभी से देख रहा है, जब से उसने धरती पर जन्म लिया था। धरती से बीज उगना इन अर्थों में साधारण घटना है कि उसे सभी ने देखा है और बार-बार देखा है, परंतु उसकी असाधारणता भी यही है कि उसे सभी ने देखा है, लोक ने भी देखा है, शास्त्र ने भी देखा है, पंडित ने भी देखा है मूढ़ ने भी देखा है, धनी ने भी देखा है और निर्धन ने भी देखा है। किसी ने पास से देखा है तो किसी ने दूर से देखा है, किसी ने प्रत्यक्ष देखा है तो किसी ने परोक्ष रूप से देखा है और इस निरंतर देखने के कारण ज्ञान की निरंतर वृद्धि हुई है।

मनुष्य ने जब धरती और बीज के संबंध में सोचा तब सारा ब्रह्मांड उसकी दृष्टि में था और जब उसने उत्पत्ति और विकास के संबंध में सोचा तब भी धरती और बीज के बिंब उसकी आंखों में थे। जब उसने प्रकृति के संबंध में सोचा, तब जीवन के बिंब उसके पास थे और इसी प्रकार जब जीवन के संबंध में सोचा तब प्रकृति के बिंब उसके पास थे। इस प्रकार निरंतर प्रक्रिया में मनुष्य के चिंतन और ज्ञान का विकास हुआ। मनुष्य के मन पर भी उसके परिवेश का जो चित्र अंकित होता है, वह उसकी समग्र अभिव्यक्ति संपदा (शब्द, उपमा, प्रतीक, कहावत, मुहावरों आदि) में बिबिंत होता है और भाषा की संरचना में इन बिंबों की अनिवार्य भूमिका होती है।

उदाहरण के लिए वृक्ष से पत्ता गिरा। पत् धातु का अर्थ है गिरना, अतः गिरने के कारण पत्र संज्ञा बनी। पत्र शब्द से पत्ता, पत्ती, पन्ही, पात, पतिया शब्द निष्पन्न हुए। पुराने जमाने में पत्रों पर संदेश भी लिखे जाते थे, इसलिए पत्र शब्द का एक नया अर्थ विकसित हुआ चिट्ठी। जीवन में सुख के साथ दुख लगा हुआ है, जो फूलता है वह कुम्हलाता भी है। एक दिन फल लगते हैं और एक दिन पतझड़ भी होता है। यह संसार कांटों की झाड़ी है। संसार के संबंध उसी प्रकार के है, जैसे वृक्ष पर पत्ते उगते हैं, झड़ते हैं और हवा उन्हें दूर उड़ा ले जाती है। इस प्रकार लोकमानस की पूरी चिंतन प्रक्रिया वानस्पतिक बिंबों से ओत-प्रोत है।

## प्रसंगवश

# राजधानी में कानून व्यवस्था

अभी कुछ दिन पहले लखनऊ में तैनात एक महिला पुलिस उप-अधीक्षक के एकलौते बेटे को दो गुंडे लड़कों द्वारा कार से रौंदने की घटना लोगों को भूली नहीं थी कि अब रिटायर्ड कमिश्नर देवेन्द्र नाथ दुबे के इंदिरानगर स्थित आवास पर दिन दहाड़े दिल दहलाने वाली ताजी घटना फिर हो गई जिसमें 25 मई को उनकी पत्नी की हत्या व घर में डकैती सुबह 7 और 9 बजे के बीच अंजाम दे दी गई, जब वे गोल्फ खेलने घर से बाहर गए थे।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

पुलिस की शिथिल कार्य प्रणाली के चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। प्रशासन और पुलिस का भय अपराध जगत में रहा ही नहीं। वे घटनाएं करते रहते हैं और उन पर कार्यवाही नहीं होती है। जनवरी-2023 में मेरे साथ आन लाइन ठगी हुई थी। नगर के सुशांत गोल्फ सिटी थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई, अखबारों में खबर का कवरेज आया, किंतु पुलिस बदमाशों को नहीं पकड़ सकी। दुबे जी 71 के हैं, मैं 84 का। खबरों में बहुधा आ जाता है कि वरिष्ठ नागरिकों की पुलिस सूची बनाए है ताकि उनकी सुरक्षा का अनुश्रवण कर सके, लेकिन मेरे पास तो कभी कोई पुलिस वाला हाल पूछने आया नहीं और न रिपोर्ट पर कार्यवाही की। जब सर्वप्रथम लखनऊ व नोएडा में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी, तभी मैंने इस पद्धति को कम असरदार बताया था। इससे केवल पुलिस का एकाधिकार हो जाता है, मजिस्ट्रेसी मूक दर्शक बन जाती है। ऐसे में अपराध नियंत्रण कम कारगर रहता है।

राजधानी में तो पुलिस भी अपराध में लिप्त देखी गई है। इसी जनवरी (2024) में लखनऊ एटीएस में तैनात एक अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा एक महिला से बलात्कार व तत्परिणामी गर्भाधान और जबरिया गर्भपात कराने, धमकाने का आदि मामला प्रकाश में आया था। गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट तब दर्ज हुई, जब महिला योगी जी के पास खड़ी हो गई। सोचिए, यह पुलिस अपराध नियंत्रण कैसे करेगी? सपा के शासनकाल में पुलिस मंत्रियों की भैंसें ढूंढती थी, अब खुद अपराध करती है। उचित होगा कि मुख्यमंत्री पुलिस कमिश्नर प्रणाली समाप्त कर, कानून व्यवस्था पटरी पर लाने का प्रयास करें।

# बदल चुका है बड़े मंगल का स्वरूप



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त, पुलिस महानिरीक्षक

**इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है।**

जेठ माह की चिलचिलाती धूप में हर मंगलवार को 'बड़े मंगल' के रूप में मनाया जाना लखनऊ की अनूठी धार्मिक सांस्कृतिक परंपरा का एक महत्वपूर्ण अंग है। यह उत्सव मुख्यतः मोहल्ला अलीगंज के डंडहिया बाजार स्थित एक प्राचीन मंदिर तथा दूसरे अपेक्षाकृत बाद में निर्मित हनुमानजी के मंदिरों की गाथा को समर्पित है।

जनश्रुति के अनुसार तत्कालीन नवाब मोहम्मद अली शाह की बेगम आलिया/राबिया की कहानी इन दोनों हनुमान मंदिरों से जुड़ी हुई है। संतान प्राप्ति के लिए तमाम प्रयास विफल होने पर शोकग्रस्त बेगम को स्वप्न में प्राचीन मंदिर वाले हनुमानजी ने दर्शन दिए। बेगम आलिया ने मंदिर जाकर हनुमानजी की पूजा अर्चना की और संतान प्राप्ति हेतु मनौती मानी। कालांतर में मुराद पूरी होने पर उन्होंने मंदिर का जीर्णोद्धार कराया और श्रद्धापूर्वक मंदिर के कलश के लिए चंद्रमा की आकृति भेंट की, जो आज भी मंदिर के शीर्ष कलश पर फहरा रही पताकाओं के साथ विराजमान है।

कहते हैं उसी कालखंड में लखनऊ में एक महामारी भी फैली। बेगम आलिया ने लोगों की सेवा सुश्रुषा की व्यवस्था की और खाने-पीने के लिए मंदिर में भंडारा भी चलवाया। बाद में बेगम ने मंदिर के पुजारी से यह अनुरोध किया कि वे कैसरबाग स्थित अपने आवास के पास हनुमानजी को स्थापित करना चाहती हैं। इस प्राचीन हनुमान मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के अलावा हनुमानजी की अतिरिक्त प्रतिमाएं सदा से रही हैं। आज भी इस मंदिर के गर्भगृह में मुख्य प्रतिमा के साथ हनुमानजी की तीन विभिन्न आकार वाली छोटी-बड़ी प्रतिमाएं मौजूद हैं। बेगम की श्रद्धा-भक्ति से प्रभावित होकर पुजारी ने उन्हें गर्भगृह में स्थित एक प्रतिमा ले जाने की अनुमति दे दी। हाथी पर बैठाकर हनुमानजी की वह प्रतिमा कैसरबाग के लिए प्रस्थित हुई, परंतु थोड़ी दूर लगभग एक किलोमीटर चलकर हाथी एक स्थान पर बैठ गया और तमाम प्रयास के बावजूद आगे नहीं बढ़ा।

बेगम आलिया ने यह मानकर कि हनुमानजी यहीं स्थापित होना चाहते हैं, उसी स्थान पर मंदिर का निर्माण कराकर हनुमानजी को स्थापित किया, जो आजकल इस महोत्सव का मुख्य आकर्षण है। यह भी उल्लेखनीय है कि इन दोनों मंदिरों के शिखर के नीचे अब भारत माता की ट्राइकलर्ड मूर्ति भी शोभायमान है। पिछले लगभग बीस वर्षों में 'बड़ा मंगल' के इस पर्व का स्वरूप काफी कुछ बदल चुका है। प्रारंभ में गोमती नगर क्षेत्र से ध्वजा पताका लिए जयकारा लगाते, गीत गाती महिलाओं व पुरुषों के समूह सड़कों पर अलीगंज की ओर जाते आम तौर पर दिखाई पड़ते थे। कुछ भक्त अपनी मनौती के अनुसार चिलचिलाती धूप में नंगे पांव ही चलते थे। हर सड़क पर दो-चार ऐसे भी लोग दिख जाते थे, जो केवल लेट लेटकर मंदिर तक की कष्टप्रद यात्रा करते थे। मंदिर में उनके प्रवेश व दर्शन का अलग गलियारा होता था। रास्ते में कोई अनाम व्यक्ति प्याऊ का संचालन करता रहता था। उसी दौरान संभवतः 2004 के आसपास स्व. अखिलेश दास ने संगठित रूप से प्याऊ की व्यवस्था प्रारंभ की। इसके पश्चात साल दर साल पहले शर्बत, फिर बुंदिया, बाद में पूड़ी, सब्जी आदि इत्यादि सभी के पंडाल लगने लगे।

इस व्यवस्था के बीच भक्तों के जुलूस, नंगे पांव आदि कठिन साधना यात्रा करने वाले लोग गायब हो गए और धीरे-धीरे पांडाल में वितरित होने वाले प्रसाद पर मोहल्ले के लोगों का आधिपत्य बढ़ गया। यद्यपि आज भी राहगीर बड़े चाव से प्रसाद ग्रहण करते नजर आते हैं। अब धीरे-धीरे इस उत्सव के भंडारें में वीआईपी लोगों की एंट्री व सायंकालीन भंडारे का भी चलन जुड़ गया है। अब यह पर्व लखनऊ के ग्रामीण क्षेत्रों के साथ साथ प्रदेश के अन्य शहरों में भी लोकप्रिय हो रहा है। मंगलवार के साथ-साथ अब शहर में शनिवार को भी भंडारे के आयोजन बढ़ रहे हैं। भंडारा व प्रसाद ग्रहण करने वालों की संख्या तो बढ़ रही है, पर सड़क पर भक्तों की भीड़ नहीं दिखाई पड़ती है।


## सोशल फोरम

# कौन थे बनाफर

**कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।**

बुंदेलखंड में आल्हा गायन की परंपरा रही है। आदमी के पास जब खेती-किसानी में कुछ करने को नहीं रहता था तब चौपालों में आल्हा गायन होता था, लेकिन फुर्सत में मैं आल्हा नहीं क्रांति की दास्तान ही पढ़ता हूं। 25 मई को आल्हा का जन्मदिन था कि ऊदल का।

फेसबुक पर पढ़ रहा हूं कि आल्हा ऊदल के जन्मदिन पर बधाइयां। पता नहीं कि किसने उनके जन्म तिथि की खोज की। दोनों का जन्मदिन तो एक ही दिन नहीं हो सकता, क्योंकि आल्हा खंड में सब जगह आल्हा को बड़ा बतलाया गया है। इनको बनाफर कहा गया है। अब ये बनाफर क्या है? जब मैं जालौन के इतिहास पर काम कर रहा था तब बनाफरों के बारे में भी थोड़ा पढ़ने को मिला वह भी किसी ऐसे वैसे का लिखा नहीं। प्रसिद्ध इतिहासकार काशी प्रसाद जयसवाल की पुस्तक अंधकालीन युगीन भारत जिसका अनुवाद रामचंद्र वर्मा ने किया है। वे पेज 76-77 में लिखते हैं कि कनिष्क के शासन काल में बनारस का क्षत्रप बनस्पर था। बाद में बनस्पर महाक्षत्रप भी बना। बनस्पर के वंशज ही बुंदेलखंड में बनाफर कहलाने लगे। इनकी बोली भी बनाफरी कहलाती है।



देवेंद्र सिंह
वरिष्ठ लेखक

चंदेलों के समय में अपनी वीरता तथा युद्ध कौशल के कारण ये बहुत प्रसिद्ध थे, पर समाज में उस समय उनको जातिप्रथा में वह स्थान नहीं मिला जिसके ये अधिकारी थे। उरई के माहिल इनके खिलाफ ही रहे। कर्नल टॉड ने अपनी पुस्तक में क्षत्रियों की सूची में 36 कुल लिखे हैं, उसमें यादव, भट्टी, जरिया, जादौं और बनाफर को एक साथ लिखा है और क्षत्रियों में शुमार किया है। **-फेसबुक वॉल से**

# लीडरशिप से जुड़ीं बातें



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

**मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंतत: वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है। हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें।**

यह मेरे बिजनेस के शुरुआती दिनों की बात है। वे दिन अब तक जो पढ़ा, सीखा उसकी आजमाइश के दिन थे। रोज पुराने विश्वास टूटते और नए सबक सीखे जाते। बतौर बिजनेसमैन जो काम मेरे जिम्मे थे, उनमें एक खास काम अपनी टीम को लीड करना था। इसलिए लीडरशिप से जुड़ी बातें मैं पढ़ता समझता और असल जिंदगी में उन्हें लागू करने की कोशिश करता। यह उन्हीं दिनों का एक किस्सा है।

मैंने देखा कि कुछ मजदूर मेरी बातों को गंभीरता से नहीं ले रहे। मैं उनकी आंखों में मैं अपने लिए एक किस्म की अवज्ञा का भाव देखता था। मैं समझ नहीं पा रहा था कि विनम्र और दोस्ताना व्यवहार के बावजूद वह क्या है, जो उन्हें मुझे अपना नेता मानने से रोकता है। मेरे ऑफिस के पास ही एक ट्रांसपोर्ट व्यवसायी का ऑफिस था। अपने कर्मचारियों के साथ उनका व्यवहार मुझसे बिल्कुल उलट था। वे अपने ड्राइवरों और क्लीनरों की नियमित रूप से अनुष्ठान पूर्वक पिटाई करते थे। पच्चीस साल पहले के इस दौर में पुलिस कचहरी भी इसे मालिक नौकरों का निजी मामला मानकर इसमें टांग नहीं अड़ाते थे। वैसे भी वे बड़े आदमी थे, थाना, कचहरी, नेतागिरी, हर तरह से सक्षम। मेरा मैनेजमेंट ज्ञान कहता था कि वे एक बुरे एमप्लायर हैं और उनके यहां काम कर रहे लोग उन से असंतुष्ट होंगे, लेकिन अक्सर उनके ड्राइवरों की आपसी बातचीत के जो टुकड़े हवा मेरे कानों तक लाती थी, वह मेरे मैनेजमेंट ज्ञान को ताश के महल की तरह उड़ा ले जाते थे। मेरी समझ के उलट वे ट्रांसपोर्ट व्यवसायी अपने स्टाफ के बीच बहुत लोकप्रिय थे, उनके कर्मचारी आपस में बात करते हमारा सेठ 'शेर' है। कल देखा नहीं फलां आदमी की उसने कैसे पिटाई की। ड्राइवरों का अपना एक समाज था। उस समाज में जिसका सेठ जितना शक्तिशाली और क्रूर हो उसकी उतनी ही इज्जत थी। अपने समाज में इज्जत पाना और एक शक्तिशाली मुखिया के कबीले का हिस्सा होना इतना बड़ा फायदा था कि इसके बदले में कभी-कभार की पिटाई और गाली गलौज बरदाश्त की जा सकती थी। ये तमाम ड्राइवर अपनी निजी जिंदगी में मजलूम थे। पावर लेस थे। एक शक्तिशाली बॉस उन्हें पावरफुल महसूस करवाता था। वे उससे प्रेम करते थे।

मैंने सुना है कई स्त्रियां अपने पति के हाथों पिटकर भी उससे प्रेम करती हैं। क्या यह हिंसा उन्हें अपने मालिक के शक्तिशाली होने का एहसास दिलाती है? और इस तरह अंततः वे खुद भी उसकी पत्नी होने के नाते पावरफुल और सुरक्षित महसूस करती हैं। उन ड्राइवरों और इन पत्नियों का यह अजीब व्यवहार हमें बताता है कि क्यों हम एक माचो मैन या ताकतवर नेता को पसंद करते हैं। हमें डेयरिंग पति चाहिए केयरिंग न हो तो चलेगा। ताकतवर सेठ हमें विनम्र बॉस के मुकाबले ज्यादा अच्छा लग सकता है।

हमें एक ऐसा नेता चाहिए जिसके पीछे हम छुप सकें। अपनी निजी जिंदगी में हम जितने कमजोर होंगे एक ताकतवर लीडर की चाहना उतनी अधिक होगी। हम सब कभी बच्चे थे। हमें हमारे पिता सुरक्षित महसूस करवाते थे। फिर उम्र बड़ी हो गई, पिताजी नहीं रहे, पर हमारे भीतर का वह डरा सहमा बच्चा बड़ा नहीं हुआ। हम अब भी एक ताकतवर पिता खोजते हैं, जो हमें सुरक्षित महसूस करवाए। चाहे वह ऑफिस का बॉस हो समाज का अध्यक्ष या देश का नेता।

# ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा



बद्री प्रसाद सिंह
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक उप्र.

**देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।**

मैंने अपने जीवन में ऐसा बेजान चुनाव कभी नहीं देखा। न कहीं प्रचार, न कहीं कोई उत्सव। बस किराए पर लाई गई भीड़ से जनसभा और रोड शो जिसके पास जितना संसाधन, उसकी सभाओं में उतनी भीड़। किराए के इन टट्टुओं के चेहरे पर न तो मुस्कान दिखी न कोई उत्साह, बस एक चिंता रहती थी कि घर वापसी के लिए सवारी मिलेगी या अपने साधन से घर लौटना पड़ेगा अथवा सभा में भोजन और पेयजल मिलेगा भी या इस भीषण गर्मी में खाली पेट रहना पड़ेगा।

पहले के चुनावों में शहर, कस्बों के चौराहों पर चुनाव प्रचार वाले लाउडस्पीकर अनवरत बजते रहे थे, गांवों में रिक्शा, टेंपो, जीप पर बंधे लाउडस्पीकर दहाड़ते रहते और प्रत्याशी के नाम, दल, चुनाव चिन्ह की घोषणा करते रहते थे। चौराहों, चाय की दूकानों पर चुनाव चर्चा चलती रहती थी, जो कभी गाली-गलौज और मारपीट में परिवर्तित हो जाती थी। दीवारें विभिन्न चुनाव चिन्हों से रंगी रहती, होर्डिंग, कटाउट शान से खड़े दिखते थे, लेकिन इस बार यह सब गायब दिखा।

बड़े दलों के चुनाव चिन्ह से तो लोग परिचित हैं, लेकिन छोटे दल या निर्दलीय प्रत्याशी के तो चुनाव चिन्ह ही पता नहीं चल पाए। मतदान अब किसी सैद्धांतिक आधार पर नहीं होने वाला है। इसमें धर्म जाति, धन, शराब, अपराध का रोल बढ़ता जा रहा है। पहले सोचा गया था कि शिक्षा और जागरुकता बढ़ने से चुनाव में इनका दखल कम होगा, दुर्भाग्यवश ऐसा न हो सका। हर दल, क्षेत्र में जाति और धर्म के मतदाताओं की गणना कर तदनुसार टिकट बांट रहा है। सपा तो खुले आम पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) चिल्ला रही है। बसपा को दलित ही दिखता है, भाजपा भी अब पिछड़ों पर अधिक दांव लगा रही है। सवर्ण को कोई दल घास नहीं डाल रहा है, क्योंकि उसके पास मतदाता कम हैं। आप किसी क्षेत्र में चले जाएं, मतदाता की जाति का पता कर बता सकते हैं कि वह किसे मत देगा। जनसंख्या के आधार पर जब जातियों का मूल्यांकन हो रहा है तो फिर जनसंख्या नियंत्रण की बात करना बेमानी है। जिन जातियों ने जनसंख्या नियंत्रण में कुछ योगदान दिया है, वह अब पछता रहे होंगे।

4 जून को देश या उत्तर प्रदेश में किस दल को कितनी सीटें मिलेंगी, कहना मुश्किल है। उत्तर प्रदेश 8-10 सीटें छोड़ दें, शेष सभी सीटों पर कांटे की टक्कर स्पष्ट नजर आ रही है। चुनाव आयोग का सही मतदान प्रतिशत शीघ्र न बताना जनमानस में भ्रम पैदा कर रहा है। प्रजातंत्र में मतदाता का निर्णय सर्वोपरि है। देखें 4 जून को जनता जनार्दन किसका राज्याभिषेक और किसको वनवास देती है, लेकिन इतना तो तय है कि मुद्दाविहीन इस चुनाव में वरिष्ठ नेताओं ने अपने भाषणों से अपनी गरिमा गिराई है।

# ताखा में 46 बीघा सरकारी जमीन कराई कब्जा मुक्त

## 35 वर्ष से दीवार व शौचालय बनाकर कब्जा करने वालों पर कार्रवाई

संवाददाता ताखा, इटावा


सरकारी जमीन से अवैध कब्जा हटवाते राजस्व कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** टांडेहार गांव में जाने वाले प्रमुख मार्ग पर 35 वर्ष से पक्की दीवार और शौचालय बनाकर कब्जा करने वालों पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए पूरे मार्ग से कब्जा हटवाकर कब्जा मुक्त करा दिया। एसडीएम का कहना है कि कार्रवाई के दौरान 46 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया।

एसडीएम ताखा देवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देश पर तहसीलदार ताखा मोहम्मद असलम ने चार टीमें गठित कर क्षेत्र के समथर, मुर्चा टांडेहार, मामन हिम्मतपुर, मोहरी, हिंदूपुर वैदपुर में अलग-अलग टीमों को भेजकर कार्रवाई की। ताखा के मुर्चा टांडेहार गांव में पूरे गांव को जोडने वाले प्रमुख परिक्रमा मार्ग के गाटा सख्या 239 पर चकरोड दर्ज है । मार्ग के रास्ते पर 35 वर्ष से गांव के ही अमर सिंह ने पक्की दीवार बनाकर रास्ते को बंद कर दिया था। रामप्रकाश, रामबक्स ने पक्के शौचालय तो कई लोगों ने पक्की नांदों का निर्माण भी रास्ते में कर दिया था। ग्रामीणों को निकलने के लिए रास्ता तक नही बचा था। ग्रामीण मार्ग पर अवैध अतिक्रमण हटवाने के लिए लगातार शिकायत कर रहे थे।

मामन हिम्मतपुर में भी ऊसर बंजर की 22 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया गया है जबकि समथर व मोहरी में भी अतिक्रमण करने वालों से जमीन को मुक्त कराया गया है। एसडीएम देवेंद्र कुमार पांडेय ने बताया ताखा में सरकारी जमीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर 46 बीघा जमीन को मुक्त कराया गया है।

### एसडीएम के निर्देश पर चलाया गया बुलडोजर

■ एसडीएम देवेंद्र कुमार पांडेय के निर्देश पर लेखपाल रोहित कुमार ने पूरी टीम के साथ पैमाइश के बाद पूरे मार्ग पर अतिक्रमण कर बनाई गई दीवार, शौचालय व नांदों पर बुलडोजर चलवाकर ढहा दिया। हिंदूपुर वैदपुर में चरागाह की जमीन को भी कब्जा मुक्त कराया गया है। टीम ने 10 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराया है। इस गांव में कुछ जमीन को एक माह पहले भी कब्जा मुक्त कराया गया था। कुछ लोगों ने फिर से जमीन पर अतिक्रमण कर लिया था।

# छात्रों को पर्यावरण के प्रति किया जाएगा जागरूक

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- पर्यावरण दिवस से एक सप्ताह तक आयोजित होंगे कार्यक्रम
- 5 जून से शुरू किया जाएगा विशेष अभियान

**अमृत विचार।** बेसिक शिक्षा विभाग के विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को ईको क्लब के माध्यम से पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाएगा। इसके लिए विशेष अभियान चलेगा। पर्यावरण दिवस 5 जून से इसके लिए विशेष अभियान शुरू होगा।

इन विद्यालयों में एक सप्ताह तक चलने वाले इस अभियान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिनमें इन विद्यालयों के छात्र-छात्राएं अपनी हिस्सेदारी करेंगे। 5 से 11 जून तक चलने वाले पर्यावरण दिवस सप्ताह के कार्यक्रम के तहत बेसिक शिक्षा विभाग के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग तथा वाद विवाद जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन होगा।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि इस संबंध में संबंधितों को निर्देश के लिए गए हैं। हर साल 5 जून को पर्यावरण दिवस मनाया जाता है इस दिवस के मौकेपर ही जागरुकता का यह अभियान चलाया जाएगा। हालांकि पिछले दिनों से स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दिया गया है लेकिन इन्ही छुट्टियों में यह कार्यक्रम भी कराए जाने हैं।

# 9 जून को होगी बीएड प्रवेश परीक्षा

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- माध्यमिक शिक्षा विभाग परीक्षा करवाने की तैयारी में जुटा

**अमृत विचार।** बीएड की प्रवेश परीक्षा 9 जून को कराई जाएगी। इसके लिए इटावा में भी परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। माध्यमिक शिक्षा विभाग बीएड प्रवेश परीक्षा की तैयारी में जुटा है। प्रयास यह है कि 9 जून को दो पारियों में कराई जाने वाली इस परीक्षा की सभी तैयारी पहले से कर ली जाए।

यह परीक्षा दो पालियों में कराई जाएगी। इसके लिए पांच विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया जाना प्रस्तावित है। यह सभी विद्यालय माध्यमिक शिक्षा विभाग से संबंधित हैं और जिला मुख्यालय पर स्थित हैं। इस परीक्षा में लगभग ढाई हजार परीक्षार्थियों की बैठने की संभावना हैं। पिछले दिनों लगातार जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव कराए जाने में जुटा रहा और अब 4 जून को मतगणना होनी है। मतगणना के कुछ दिन बाद ही बीएड की प्रवेश परीक्षा कराई जानी है।

जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया की बीएड प्रवेश परीक्षा की सभी तैयारियां पूरी की जा रही है। परीक्षाएं शांतिपूर्ण ढंग से नकल विहीन कराई जाएंगी।

### यह होगा परीक्षा का समय

| | |
|---|---|
| प्रथम पाली | 9 :00 से 12 :00 बजे तक |
| द्वितीय पाली | 2 :00 से 5 :00 बजे तक |
| संभावित परीक्षार्थी | 2500 |

### ये विद्यालय हैं परीक्षा केंद्र

- केके डिग्री कॉलेज
- सनातन धर्म इंटर कॉलेज
- राजकीय इंटर कॉलेज
- राजकीय बालिका इंटर कॉलेज
- एचएमएस इस्लामिया इंटर

### इटावा की छात्रा ने किया नाम रोशन

**इटावा।** शहर के मोहल्ला रामगंज निवासी सौरभ पुरवार की पुत्री समृद्धि पुरवार ने हाईस्कूल की परीक्षा में 95 फीसदी अंक पाकर अपने शहर और परिवार का नाम रोशन किया है। वह पं दीनदयाल उपाध्याय सनातन धर्म इंटर कालेज कानपुर नगर की छात्रा है। पढ़ने में वह शुरू से ही मेधावी रही है। इटावा के समाजसेवियों ने छात्रा की सफलता पर बधाई देते हुए सम्मानित करने का निर्णय लिया है। बधाई देने वालों में विवेक रंजन गुप्ता, विकल्प गुप्ता, संजय सक्सेना, पूर्व प्रधानाचार्य राजाराम पाल शामिल हैं।


समृद्धि पुरवार।

# कैडेट्स ने किया युद्ध कला का प्रदर्शन

**लखना, इटावा।** जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर में 4यूपी बटालियन के 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक शिविर में रविवार को एनसीसी कैडेट्स को युद्ध कलाओं का प्रशिक्षण दिया गया। कैडेट्स ने युद्ध कला का प्रदर्शन भी किया। धुआं का पर्दा बनाकर दुश्मन को चकमा देकर मार गिराने की कला बखूबी प्रदर्शन किया गया।

इस युद्ध कला प्रशिक्षण का संचालन सूबेदार मेक बहादुर थापा, बीएचएम भूपेंद्र सिंह, हवलदार राजू राणा और हवलदार मित्र बहादुर गुरुंग ने किया। कैडेट्स को वास्तविक युद्ध के दौरान घटित होने वाली परिस्थिति के अनुसार स्थिति का अवलोकन कराया गया। शिविर सूबेदार मेजर अनरेरी लेफ्टिनेंट, साहब सिंह, सेना मेडल के निर्देशन में संचालित हो रहा है। प्रशिक्षण अधिकारी मेजर अवधेश कुमार, लेफ्टिनेंट ब्रह्मानंद, लेफ्टिनेंट शिवेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।


युद्ध कला का प्रदर्शन करते एनसीसी कैडेट्स। अमृत विचार

# आगे जा रहे वाहन से भिड़ा डंपर, चालक की हुई मौत

कार्यालय संवाददाता, इटावा

- सिविल लाइन क्षेत्र के पदमपुरा के पास हाईवे पर हुआ हादसा

**अमृत विचार।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर पदपुरा के पास बालू लेकर जा रहे एक डंपर का अचानक टायर फट गया। चालक ने उसे रोकने के लिए ब्रेक लगा दिए। जिससे पीछे से आ रहा डंपर आगे जा रहे डंपर से जा भिड़ा। हादसे में चालक की मौत हो गई जबकि हेल्पर घायल हो गया।

राजस्थान के धौलपुर जिले के गांव अंछा का पुरा निवासी श्रीकृष्ण अपने डंपर में बालू भरकर आगरा जा रहा था। उसके साथ हेल्पर के रूप में जसवंत सिंह निवासी गढी जाफर भी साथ था। रविवार दोपहर करीब एक बजे पदमपुरा के पास हाईवे पर आगे जा रहे एक डंपर का टायर फट गया। जिस कारण से चालक ने ब्रेक लगा दिए। पीछे आ रहे डंपर का चालक श्रीकृष्ण हड़बड़ा गया और आगे जा रहे डंपर से टकरा गया। हादसे में श्रीकृष्ण की मौके पर ही मौत हो गई जबकि जसवंत गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने केबिन में फंसे दोनों को बाहर निकाला। जसवंत सिंह को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, श्रीकृष्ण के शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में घायल ग्रामीण ने दम तोड़ा

**इटावा।** बलरई थाना क्षेत्र के गांव बीबामऊ निवासी महेश सिंह (59) पुत्र प्रभू दयाल सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। सैफई स्थित पीजीआई में भर्ती कराया गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

# बस-डीसीएम की टक्कर, छह घायल

**बकेवर।** सिक्सलेन हाईवे पर रविवार की सुबह दिल्ली से कानपुर की तरफ जा रही एक डबल डेकर स्लीपर बस में पीछे से डीसीएम ने टक्कर मार दी। हादसे में छह लोग घायल हो गए। थाना प्रभारी राकेश कुमार शर्मा पहुंचे और घायलों को सीएचसी महेवा भेजा । जहां से सभी घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया गया। घायलों में शाहरूक पुत्र नईम निवासी सादाबाद हाथरस, अमरूद्दीन पुत्र सराउद्दीन निवासी नगला महीपत अलीगढ, ख्वाजा पुत्र मुख्त्यार निवासी सासनी अलीगढ, राशिद पुत्र साबिर निवासी मुद्द पुरा अलीगढ़ शामिल हैं। वही बस में सवार इश्त्याक निवासी इस्लाम नगर अजीतमल व उनकी पत्नी रूकसाना भी घायल हो गए। लोगों ने बताया कि बस चालक ने अचानक सवारी को उतारने के चक्कर में ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान पीछे से आ रही डीसीएम स्लीपर बस में पीछे से जा घुसी।

# बच्चों ने सीखा मिट्टी के बर्तन बनाना

कार्यालय संवाददाता, इटावा



समर कैंप के दौरान छात्र-छात्राएं और विद्यालय का स्टाफ। अमृत विचार

- अर्चना मेमोरियल में पांच दिवसीय समर कैंप का समापन

**अमृत विचार।** अर्चना मेमोरियल सरस्वती ज्ञान मंदिर इंटर कॉलेज में पांच दिवसीय समर कैंप का रविवार को समापन हो गया। समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों ने मोबाइल इलेक्ट्रानिक गेजेट को छोड़कर प्रतिदिन योगाभ्यास किया। अंतिम दिन बच्चों को मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया गया।

क्राफ्ट इंडोर-आउटडोर गेम जैसे खो-खो, क्रिकेट, बास्टेकबाल, कैरम, डांस, आर्ट एवं क्राफ्ट म्यूजिक कराटे के साथ-साथ योगा, संस्कारशाला, आत्मरक्षा हेतु जूडो, कराटे का प्रशिक्षण लिया। नन्हें-मुन्ने बच्चों के लिए विद्यालय में एक छोटा स्वीमिंग पूल लगवाया गया। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। अंतिम दिन बच्चों को इटावा के डॉ. राममनोहर लोहिया उद्यान पार्क (कंपनी गार्डन) ले जाया गया। जहां पहुंचकर बच्चे झूम उठे।

इसके बाद कुम्हार के द्वारा मिट्टी के बर्तन बनाना सिखाया गया। शिक्षक विपिन पटेल ने रसायन विज्ञान के विभिन्न प्रयोग बताए। विद्यालय में मास्टर शेफ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकों ने गर्मियों में खान-पान का विशेष ध्यान रखने को प्रोत्साहित किया।

प्रधानाचार्या असरा अहमद ने कहा कि इस तरह की गतिविधि शारीरिक एवं मानसिक विकास करती है।

इस अवसर पर एसएमजीआई के चेयरमेन डा. विवेक, शिक्षक प्रमोद कुमार, फैजान खान, विवेक गुप्ता, रश्मि श्रीवास्तव, नेहा, जुकती, बिंदिया चतुर्वेदी, दीपिका, संजीव, ईश्वर दयाल, अनामिका, उत्कर्ष, विजयश्री, सायरा, संरजना, रेणुका, प्रीती गोयल प्रीति बाथम, वंश, प्रवीण आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### 13 जुलाई को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**इटावा।** अपर जिला जज श्वेता श्रीवास्तव ने बताया है कि उत्तर-प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश के आदेश पर 13 जुलाई को प्रात: 10 :00 बजे से जनपद न्यायालय परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अदालत में अधिक से अधिक संख्या में वादों, आर्बिट्रेशन, तुच्छ आपराधिक प्रकृति के वाद, पारिवारिक वाद, आपराधिक वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, राजस्व चकबन्दी, बैंक मामले व अन्य मामले निस्तारित किए जाएंगे।

### सरकारी बीज भंडारों पर धान और ढैंचा के बीज उपलब्ध

**इटावा।** जिले के सभी विकासखंडों में स्थापित राजकीय कृषि बीज भंडारों पर धान और ढैंचा के बीज उपलब्ध हैं। अन्य फसलों से संबंधित बीज भी एक सप्ताह में आने की संभावना है। जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने बताया है कि जिले में धान का लक्ष्य 480 .24 क्विंटल है। जिले को 297 .80 क्विंटल बीज उपलब्ध है। इसी तरह 150 क्विंटल ढैंचा का बीज भी उपलब्ध है और 41मीट्रिक टन जिप्सम उपलब्ध हैं। उन्होंने किसानों से अनुरोध किया है कि वे सरकारी बीज भंडारों से अनुदान पर बीज प्राप्त कर लें। पीओएस मशीन के माध्यम से बीज वितरण किया जाएगा और सामान्य बीज वितरण पर 50 प्रतिशत का त्वरित अनुदान मिलेगा

### कृषि भूमि पर अवैध कब्जा रोका जाए

**भरथना, इटावा।** भरथना कोतवाली ग्रामीण क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अपूरपुरा के पूर्व प्रधान उदय प्रकाश ने रविवार को भरथना कोतवाली पहुंच कर गांव के ही लोगों के खिलाफ कृषि भूमि पर अवैध कब्जा करने के प्रयास की शिकायत की। उन्होंने बताया कि गांव का ही एक व्यक्ति रविवार को उसकी कृषि भूमि संख्या 324 पर पहुंच गया। बिना राजस्व विभाग के आदेश के लेखपाल उसकी कृषि भूमि की जबरन नाप जोख करने लगे। जिसका उसके बड़े पुत्र मुकेश कुमार ने विरोध किया। इसके चलते परिवार को धमकियां दी जा रही हैं। उन्होंने कृषि भूमि पर अवैध कब्जा रुकवाने और आरोपी पर कार्रवाई की मांग की।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, गृहस्थी का सामान जला

**ताखा, इटावा।** घर में अचानक लगी आग से सामान जलकर राख हो गया। मामला ताखा क्षेत्र के गांव नगला बड़े का है। शनिवार रात को शंभूदयाल के घर में बिजली के शॉर्टसर्किट से अचानक आग लग गई । पीड़ित अपने परिवार के साथ छत पर सो रहा था। देर रात वह नीचे आया तो आग से सारा सामन जला हुआ मिला। लेखपाल उदय कुमार ने बताया कि बिजली के शॉर्टसर्किट से आग लगने के कारण करीब 50 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। जिसकी रिपोर्ट शासन को भेजी गई है। पीड़ित को आर्थिक सहायता दिलाई जाएगी।


मौका मुआयना करते लेखपाल उदय कुमार। अमृत विचार

### अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की गई जान

**इटावा।** बढ़पुरा थाना क्षेत्र के अतर्गत गांव असवा निवासी अवधेश कुमार (40) पुत्र नेम सिंह शनिवार की शाम को अपने घर से शौच के लिए घर से निकला था। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक अपने वाहन को भगा ले गया। जानकारी मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे और उसे जिला अस्पताल लाए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पोस्ट मार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### बिजली कटौती से परेशान रहे लोग

**बकेवर, इटावा।** गर्मी बढते ही लखना कस्बा की बिजली आपूर्ति चरमराने लगी। पूरी रात मशीनों परओवरलोड की समस्या का दंश झेलना पड़ा। रात एक बजे के बाद आपूर्ति कस्बा को सुचारू रुप से मिल सकी। सुबह होते ही मशीनों की टेस्टिंग होने के कारण दिन में लोगों को खासी परेशानी रही। चिलचिलाती धूप के साथ लू की थपेडों के बाद रात्रि के समय चैन की नींद लेने के लिए परेशान कस्बा लखना के उपभोक्ताओं को भी बिजली ट्रिपिंग बार बार होने के कारण मच्छरों के साथ गर्मी का दंश झेलना पड़ा। सोशल साइटों पर बिजली कर्मियों ने अपने घरों की एसी बन्द करने की अपील की तब जाकर ओवरलोड से छुटकारा मिला और मध्य रात्रि के बाद आराम से चैन की नींद पंखे, कूलर चल सके। जेई कन्हैयालाल ने सुबह से मशीनों की टेस्टिंग शुरू करवा दी। जिसके कारण कस्बा लखना के उपभोक्ता खासे गर्मी से परेशान नजर आये।

### पिकअप सवार बदमाशों का आंतक, दो भैंस चोरी

**सैफई, इटावा।** सैफई थाना क्षेत्र के ग्राम नगला गनी व सहसारपुर व दो दिन में दो भैंस चोरी हो गईं। दोनों चोरियों में पिकअप गाड़ी का प्रयोग किया गया। पीड़ितों ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया लेकिन थाना पुलिस ने भैंस चोरी का मुकदमा दर्ज नही किया। नीरज ने बताया कि ग्राम सहसारपुर ने हमारी भैंस चोरी कर ली गई। गाड़ी में सवार बदमाशों ने हम लोगों के ऊपर पत्थर फेंके और गाड़ी में कट मारी। दूसरी भैंस चोरी की घटना नगला गनी में हुई। इस गांव के दिनेश सिंह की एक लाख कीमत की भैंस 24 मई को रात्रि लगभग डेढ़ बजे चोरी हो गई।

### बिजलीघर के सामने मिला युवक का शव

**इटावा।** कस्बा बकेवर के भरथना रोड स्थित बिजलीघर के सामने एक 40 वर्षीय युवक बेहोशी की हालत में पड़ा मिला। एंबुलेंस से उसे 50 शैय्या अस्पताल बकेवर ले जाया गया जहां डॉक्टरो ने चेकप करने के बाद मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर प्रभारी निरीक्षक बकेवर राकेश कुमार शर्मा पुलिस फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक युवक की शिनाख्त करने का प्रयास किया लेकिन अभी तक शव की शिनाख्त नही हो सकी।

# पक्का बाग ने चकरनगर को 39 रन से हराया

संवाददाता लखना, इटावा


रन लेने के लिए दौड़ते बल्लेबाज। अमृत विचार

- बजरंग स्पोर्ट्स क्लब क्रिकेट टूर्नामेंट

**अमृत विचार।** बजरंग स्पोर्ट्स क्लब ईकरी में रविवार को क्रिकेट टूर्नामेंट के लीग क्वालीफाई मुकाबले के दो मैच खेले गए। पक्का बाग इटावा और चकरनगर के बीच तथा दूसरा मैच इटावा और धौरखा कि टीमों के बीच खेला गया।

पहले मैच में इटावा टीम के कप्तान अमन ने टास जीता और पहले गेंदबाजी का निर्णय किया। चकरनगर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में 187 रन बनाए। टीम के लिए साहिल 45 और रिंकू ने 24 रन बनाए। जवाब में इटावा की टीम निर्धारित 15 ओवर में मात्र 148 रन ही बना सकी। साहिल ने 4 ओवर में 5 विकेट हासिल किए। उन्हें मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। दूसरा मैच पक्का बाग इटावा और धौरखा की टीम के बीच खेला गया। इटावा की टीम ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी की। धौरखा की टीम 14 ओवर में 85 रन पर आउट हो गई। अपित ने 25 और गोलू ने 14 रन का योगदान दिया।

इटावा पक्कबाग की गेंदबाजी में गोलू ने 5 और रोहित और रमन ने 2-2 विकेट हासिल किए। इटावा पक्कबाग टीम के बल्लेबाज आकाश 34 रन और दुबे 15 रन ने अपने बल्ले से अच्छा दर्शन करते हुए अपनी टीम को 11 ओवर में 6 विकट पर 86 रन बनाकर जीत दिलाई। ललित ने चार विकेट और अर्पित व आशीष ने एक-एक विकेट हासिल किया। गोलू को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया। मटरू त्रिपाठी , शिवम त्रिपाठी (भगत) एवं आदित्य शुक्ला ने अंपायर की भूमिका निभाई। कमेंट्री अशोक त्रिपाठी ने की।

# ताउम्र इंसानियत के लिए काम करते रहे रईसी

कार्यालय संवाददाता, इटावा

**अमृत विचार।** ईरान में हुए हादसे में शहीद हुए ईरान के राष्ट्रपति डॉ. इब्राहीम रईसी, आयुतुल्ला सैयद मोहम्मद अली आले हाशिम, डॉ. हुसैन आमिर, डॉ. मालिक रहमती, सरदार सैयद मेहदी मूसवी सहित अन्य शोहदाये ईरान को श्रद्धा सुमन अर्पित करने के लिए दरगाह हजरत अब्बास महेरे पर तनवीर हसन की ओर से मजलिस का आयोजन किया गया।

मौलाना अबूजर अब्बास खान इमामे जुमा शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद ने कहा मौला अली के बताए रास्ते पर चलकर ईरान के राष्ट्रपति स्व. इब्राहीम रईसी ने पूरी जिंदगी इस्लाम और इंसानियत के लिए काम किया। सलीम रज़ा, अली मेहदी, तनवीर हसन, सलमान रिज़वी, अश्शू रिज़वी ने कलाम पेश किए। मजलिस में हाजी कमर अब्बास नक़वी, हाजी अरशद मरगूब, हाजी अजीम वारसी, राहत अक़ील, शावेज़ नक़वी, मो. मियां, मुशीर हैदर, रिज़वान अहमद, नासिर जलील, राहत हुसैन रिज़वी, ताजदार हुसैन, अख्तर अब्बास, रमो. जुनैद, मो. जावेद मौजूद रहे।

**बेहाल कर रही गर्मी** — दोपहर में शहर की सड़कों पर पसरा रहा सन्नाटा, रविवार रहा इस मौसम का सबसे गर्म दिन

# नौतपा के दूसरे दिन 46 डिग्री पहुंचा पारा, अभी राहत नहीं

कार्यालय संवाददाता, इटावा


शहर की सड़कों पर पसरा सन्नाटा। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नौतपा के दूसरे दिन ही गर्मी ने अपने तेवर बेहद तीखे कर दिए। तापमान बढ़कर 46 डिग्री तक पहुंच गया। इस मौसम में रविवार का दिन सबसे अधिक गर्म रहा। रविवार के कारण कार्यालयों में अवकाश था और दोपहर को सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहा। अभी तापमान में और बढ़ोत्तरी होने की संभावना है। दोपहर में तो काफी देर तक तापमान 45 डिग्री पर टिका रहा जो परेशान करने वाला था।

नौतपा की शुरुआत तो शनिवार को हो गई थी। पहले दिन ही बेचैन करने वाली गर्मी ने लोगों को खूब परेशान किया, हालांकि अधिकतम तापमान 42 डिग्री रहा लेकिन दूसरे दिन तो तापमान बढ़कर 46 डिग्री तक पहुंच गया। रविवार को कार्यालयों का अवकाश था जिसके कारण स्थिति यह रही की दोपहर को सड़कों पर कर्फ्यू जैसा सन्नाटा छाया रहा। सुबह से ही गर्मी परेशान करने लगी थी लेकिन दोपहर को 12 बजे से लेकर 4 बजे तक गर्मी ने खूब परेशान किया। नौतपा में सूर्य की सीधी किरणें पृथ्वी पर पड़ती हैं। जिससे गर्मी अधिक पड़ती है इसकी शुरुआत शनिवार से हो गई है। 2 जून तक यही स्थिति रहेगी। रविवार को तो नौतपा ने खूब परेशान किया स्थिति यह रही कि सुबह 8 बजते ही तापमान 38 डिग्री पर पहुंच गया था। उसके बाद इसमें लगातार बढ़ोतरी होती रही और अधिकतम तापमान 46 डिग्री तक पहुंच गया। इस गर्मी से बचने के लिए पंखे नाकाम हो गए हैं और कूलर भी कोई खास असर नहीं कर पा रहे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में गर्मी और बढ़ेगी तथा तापमान भी बढ़ोतरी होगी।

### फाल्ट बने मुसीबत, उपभोक्ता और विभाग दोनों परेशान

■ गर्मी के इस दौर में रात में और दिन में बार बार होने वाले फाल्ट बड़ी मुसीबत बन गए हैं। स्थिति यह है कि इधर फाल्ट हुआ और उधर बिजली गुल हुई। इससे उपभोक्ता परेशान हो जाते हैं और बिजली विभाग भी बार बार मरम्मत करके परेशान होता है। बीती रात फ्रेंडस कॉलोनी क्षेत्र का ट्रांसफार्मर फुंक गया पहले तो उसकी मरम्मत के प्रयास किए गए लेकिन ठीक न होने पर रात में बदला गया। इससे संबंधित क्षेत्र की बिजली बंद रही। हालांकि इस क्षेत्र के एसडीओ गगन अग्निहोत्री ने सुबह तीन बजे तक मौके पर खड़े होकर ट्रांसफार्मर बदलवाया ओर सप्लाई बहाल कराई। इसी तरह बीती रात सिविल लाइन क्षेत्र में एक फेस खराब होने से कई घरों की बिजली बंद हो गई। इसे लेकर अधिशाषी अभियंता श्री प्रकाश रात 2 बजे तक सक्रिय रहे और कर्मचारी भेजकर मरम्मत के बाद बिजली बहाल कराई। गर्मी के मौसम में हो रहे फाल्ट सभी के लिए मुसीबत बने हुए हैं।

# अज्ञात युवक का शव नहर में उतराता मिला

**सैफई।** हवाई पट्टी के पास नहर में रकुईया पुल के पास रविवार सुबह लोगों ने एक व्यक्ति का शव उतराता देखा। करीब 45 वर्षीय युवक का शव पुल की सीढ़ियी में फंसकर रुका हुआ था। हवाई पट्टी चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक पवन शर्मा पुलिस टीम के साथ पहुंचकर जांच-पड़ताल की। पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी।

सीओ शैलेंद्र प्रताप गौतम, प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा मौके पर पहुंचे। बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो पा रही है। नहर के पानी के साथ बहकर आया था। इसलिए दूर का हो सकता है। आसपास के थानों से और सोशल मीडिया के माध्यम से शिनाख्त करने का प्रयास किया जा रहा है। मृतक के गले में हल्का चोट का निशान है, शरीर पर कोई कपड़ा नहीं है। वह सिर्फ लाल कलर का अंडरवियर पहने हुए है।

# हत्या का आरोपी पूर्व कांस्टेबल का बेटा गिरफ्तार

## मां-बेटे को धारदार हथियार से घायल करने का मामला, घटना में प्रयुक्त बेलचा पुलिस ने किया बरामद

संवाददाता, एरवा कटरा

**अमृत विचार।** थाना क्षेत्र के ग्राम ऐरवा टीकुर के मजरा तकिया गांव में 19 मई की रात को मां रामादेवी एवं उनके पुत्र सुरेंद्र कुमार यादव छप्पर भगत को अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर घायल कर दिया था। सैफई में इलाज के दौरान सुरेंद्र कुमार की मौत हो गई थी। मां अभी भी सैफई आइसीयू में भर्ती है। पुलिस ने मामले के मुख्य अभियुक्त पूर्व कांस्टेबल के बेटे को गिरफ्तार कर लिया।

मृतक के भाई वीरेंद्र कुमार ने थाना ऐरवा कटरा में जानलेवा हमला धारा (307) एवं मृतक भाई की मौत पर धारा (302) के अंतर्गत थाने में तहरीर दी थी। उसी समय से थाना अध्यक्ष संत प्रकाश पटेल घटना की पर्दाफाश करने में


पुलिस गिरफ्त में अभियुक्त।

● आईसीयू में जिंदगी और मौत से जंग लड़ रही मां

जुट गए। उन्होंने मुख्य अभियुक्त को शनिवार की रात 3:30 बजे कुदरकोट मोड़ के पास गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम राहुल पुत्र रामनरेश यादव (सेवानिवृत्ति उत्तर प्रदेश पुलिस) गांव तकिया थाना ऐरवा कटरा बताया। उससे पूछताछ में घटना को अंजाम देने वाली कहानी बताई। हमले में प्रयोग किया गया हथियार बेलचा भी थाना प्रभारी ने बरामद कर लिया। घटना प्रेम प्रसंग की बताई जा रही है।

# गांव पहुंचा युवक का शव, हत्या की आशंका

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** क्षेत्र के ग्राम हरी का पुरवा निवासी एक युवक जनपद इटावा, थाना बकेवर क्षेत्र के ग्राम गोपियापुर निवासी ठेकेदार के अंडर में राजस्थान की किसी फैक्ट्री में काम करता था। जिसकी 24 मई को संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव रविवार को पैतृक गांव लाया गया। मृतक का शव घर आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों ने हत्या की आशंका व्यक्त की है।


विमलेश कुमार।

थाना दिबियापुर क्षेत्र के ग्राम हरी का पुरवा निवासी विमलेश कुमार (रामलाल) (20) पुत्र शिवनाथ सिंह, ठेकेदार संतोष कुमार निवासी गोपियापुर, थाना बकेवर, जनपद इटावा के अंडर में राजस्थान राज्य में किसी प्राइवेट कंपनी में काम करता था। 23 मई को साथ में रह रहे लड़के ने ठेकेदार को बताया कि विमलेश अचेत अवस्था में कमरे में पड़ा है। ठेकेदार के द्वारा उसे जोधपुर के एक निजी अस्पताल मथुरादास हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया। जहां 24 मई की रात उसकी मौत हो गई। उसका वहीं राजस्थान पुलिस ने पोस्टमार्टम कराकर शव उसके निवास स्थान हरी का पूर्वा दिबियापुर भेज दिया। परिवारीजन हत्या की आशंका जता रहे है, क्योंकि विमलेश के पैरों के दोनों अंगूठे जले हुए हैं। ऐसे में उन्होंने हत्या की आशंका जताई है।

# प्रसव के बाद महिला की हालत बिगड़ी, मौत

**अजीतमल, औरैया।** अजीतमल सीएचसी में रविवार को सामान्य प्रसव के बाद महिला की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार, अमिता (30) पत्नी अनुज निवासी अजुआपुर अजीतमल को शनिवार की रात लगभग 11 बजे प्रसव पीड़ा होने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल में लाया गया, जहां डॉक्टर एवं स्टाफ नर्स की टीम ने सामान्य प्रसव कराया। प्रसव के बाद अचानक महिला की हालत बिगड़ गई। इस पर डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। हायर सेंटर ले जाते समय मौत हो गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. अवनीश ने बताया कि हीमोग्लोबिन कम होने और रक्तस्राव से महिला की मौत हो गई।


अमिता।

# नहीं होगा जलभराव, नाला सफाई का कार्य जोरों पर

संवाददाता ककोर, औरैया

**अमृत विचार।** दिबियापुर में जलभराव की समस्या से निजात पाने के लिए नगर पंचायत द्वारा नालों की सफाई का काम शुरू किया गया है। दिबियापुर से निकलने वाला नाला संकरा होने के कारण चोक हो रहा है। बरसात में ओवरफ्लो की बड़ी समस्या हो जाती है।बरसात में विकास कुंज के निवासी जल भराव से अपने घर से बाहर नहीं निकल पाते हैं। इसी के मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा ने जेसीबी की मदद से नाला सफाई का काम शुरू कराया है।

वहीं पिछले दो दिन से सीएनजी पंप के पास गाद जमा होने के कारण सफाई व्यवस्था में समस्या उत्पन्न हो रही है। यहां कर्मचारी की मदद से नाला का कीचड़ बाहर निकाला जा रहा है। चूंकि गंदा नाला में कीचड़ इतना ज्यादा है। जिसे निकालने में भी कर्मचारियों को बड़ी परेशानी हो रही है। इस नाले की सफाई होने से नगर का पानी तेजी से बाहर निकाला


नाला साफ करती जेसीबी।

● दिबियापुर में जेसीबी से शुरू हुआ सफाई अभियान

जा सकेगा। नगर में जल भराव की समस्या से निजात के लिए फिलहाल में नाला मे दो पंपिंग सेट भी लगाए गए है। जिससे अधिक से अधिक कीचड़ को बाहर निकाला जा सके।

नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि इस नाले की सफाई होने से विकास कुंज घेरा कैजरी में जलभराव की समस्या से छुटकारा मिल सकेगा। वहीं नगर में पानी की निकासी भी तेजी से हो सकेगी। वहीं नगर के नाली और नाले में तेजी से सफाई अभियान चलाया जाएगा।

# पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य का हृदयाघात से निधन

संवाददाता बिधूना, औरैया

● राजनीतिक पार्टियों के नेताओं ने परिजनों को बंधाया ढांढस

**अमृत विचार।** जिले की बिधूना विधानसभा क्षेत्र से विधायक एवं एमएलसी रहे पूर्व राज्यमंत्री विनय शाक्य को बीती रात्रि हृदयाघात हो गया। उन्हें उपचार के लिए बिधूना लाया गया। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। यह जानकारी लोगों को हुई तो रविवार को उनके भटौरा स्थिति आवास पर भारी जनसैलाब उमड़ पड़ा । लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उनके भाई सपा के प्रदेश सचिव देवेश शाक्य, विनय शाक्य की पुत्री भाजपा नेत्री एवं बिधूना विधानसभा क्षेत्र की पूर्व प्रत्याशी रिया शाक्य, पुत्र सिद्दार्थ शाक्य आदि स्वजनों को लोगों ने ढांढस बंधाया।


विनय शाक्य।

उनके अंतिम दर्शन के लिए कन्नौज लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी सुब्रत पाठक की पत्नी नेहा पाठक, भाजपा जिला अध्यक्ष भुवन प्रकाश गुप्ता, जिला प्रभारी आनंद सिंह, पूर्व राज्य मंत्री लाखन सिंह, राज्यसभा सांसद गीता के प्रतिनिधि मुकुट सिंह, कन्नौज भाजपा जिलाध्यक्ष वीर सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष अनिल गुप्ता, धीरेंद्र सिंह गौर, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि आदर्श ठाकुर, ऐरवाकटरा क्षेत्र के जिला पंचायत सदस्य के पति श्रीप्रकाश यादव, रानू पालीवाल विधानसभा अध्यक्ष सपा ,क्षेत्रीय सपा विधायक रेखा वर्मा, दिबियापुर सपा विधायक प्रदीप यादव, फर्रुखाबाद लोकसभा क्षेत्र के सपा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर, सभासद अशोक चौहान, कुनाल तिवारी, हरीनारायण तिवारी, हरी चौबे, डॉक्टर प्रवीण सक्सेना, लायक सिंह, मीना कठेरिया सहित बड़ी संख्या में लोग पहुंचे।विनय शाक्य का उनके फार्म हाउस पर दाह संस्कार कर दिया गया। उनके पुत्र सिद्धार्थ शाक्य ने चिता को मुखाग्नि दी।

## सपा से की थी राजनीति की शुरुआत

बिधूना तहसील क्षेत्र के ग्राम घसारा में जन्मे विनय शाक्य के राजनैतिक जीवन का सफर वर्ष 1997 से समाजवादी पार्टी से शुरू हुआ। सपा में उन्हें युवजन सभा की जिम्मेदारी सौंपी गई। कुछ दिनों सपा में रहने के बाद उन्होंने बसपा का दामन थाम लिया। बसपा में उन्हें जोनल कोऑर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई।

इसी दौरान बसपा सुप्रीमो के वह अति विश्वास पात्र बन गये और बसपा ने उन्हें 2002 में बिधूना विधानसभा से प्रत्याशी बनाया जिसमें उन्होंने सपा प्रत्याशी धनीराम वर्मा को लगभग 3700 वोटो से पराजित किया।वह बसपा सरकार में वाह्य सहायतित परियोजना राज्य मंत्री बनाए गए इसी दौरान 2003 में बसपा सुप्रीमो एवं मुख्यमंत्री मायावती ने मुख्यमंत्री पद से त्यागपत्र दे दिया। जिसके चलते सपा की सरकार बनी और मुलायम सिंह यादव मुख्यमंत्री बने।

इस दौरान विनय शाक्य पर दबाव बनाने के लिए कई फर्जी मुकदमे भी लगाएं गये लेकिन उन्होंने बसपा नहीं छोड़ी। वर्ष 2007 में बसपा ने उन्हें पुनः बिधूना विधानसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया और वह मात्र 294 वोट से धनीराम वर्मा से चुनाव हार गए। चुनाव में पराजित होने के बाद बसपा ने उन्हें 2007 में विधान परिषद सदस्य बनाकर उप्र गन्ना शोध संस्थान का अध्यक्ष राज मंत्री दर्जा प्राप्त बनाकर उनका दबदबा कायम रखा।

बसपा ने मुलायम सिंह यादव के सामने उन्हें 2009 में मैनपुरी से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया और वह मुलायम सिंह यादव से चुनाव हार गए। 2016 में वह बसपा को छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने 2017 के विस चुनाव में उन्हें प्रत्याशी बनाया और उन्होंने 2000 मतों से अधिक वोटो से सपा प्रत्याशी दिनेश वर्मा को पराजित किया। विनय शाक्य अपने पिता स्व. बाबूराम और माता द्रोपदी देवी की तीन संतानों में सबसे बड़े थे। उन्होंने छोटे भाई देवेश को भी राजनीति में स्थापित करने का प्रयास किया।

# 13 व्यापारियों को स्मृति चिह्न देकर किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, औरैया

**अमृत विचार।** शहीद हुए 14 व्यापारियों की स्मृति में उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों द्वारा श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए। इसी कड़ी में रविवार को उद्योग व्यापार मंडल (मिश्रा गुट) जिलाध्यक्ष राजेश उर्फ बबलू वाजपेई के नेतृत्व में मिश्रा मार्केट में एक प्रतिष्ठान पर हुए कार्यक्रम में 13 व्यापारियों को फूल माला पहनाकर एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के द्वारा आज संपूर्ण उत्तर प्रदेश में सभी जिला व नगर इकाइयों के तत्वाधान में शहीद दिवस का आयोजन किया गया।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के विभिन्न जनपदों में भिन्न-भिन्न तारीखों पर व्यापारी हितों के लिए संघर्ष करते हुए आंदोलन में जो


सम्मेलन में व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

● मिश्रा गुट ने प्रदेश स्तर पर मनाया व्यापारी शहीद दिवस

व्यापारी शहीद हुए हैं, उन शहीदों की याद में शहीद दिवस का आयोजन हर वर्ष 26 मई को किया जाता है।

जिला महामंत्री स्वतंत्र अग्रवाल, अजय अग्निहोत्री, नगर अध्यक्ष सतीश वर्मा, नगर महामंत्री रीतेश गुप्ता, नगर कोषाध्यक्ष अनुपम गुप्ता, युवा जिला अध्यक्ष आरती नंदन तिवारी, जिला महामंत्री सिंह मयंक शुक्ला, आईटी सेल जिला अध्यक्ष मंजुल पांडे, मीडिया प्रभारी मनीष गुप्ता, समरान, नसीब, रमाकांत मिश्रा सहित तमाम व्यापारियों ने स्व. पंडित श्याम बिहारी मिश्रा के चित्र पर पुष्प अर्पित करके भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। इसके उपरांत औरैया जनपद में व्यापारी हितों के लिए सदैव संघर्ष शील रहने वाले व्यापारियों को स्मृति चिन्ह देंकर व फूलमाला पहनाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित किए गए व्यापारी रवि शंकर शुक्ला, मलखान वर्मा, अमर बिश्नोई, खुर्रम ताज, वीरेंद्र पाठक, भानु राजपूत, दीपक अग्रवाल आदि शामिल।

इस अवसर पर माधव तिवारी, मनीष अग्रवाल, जितेंद्र भदौरिया व हरी मिश्रा सहित तमाम व्यापारी मौजूद रहे।

# निनावली ने मछंद की टीम को छह विकेट से हराया

कार्यालय संवाददाता, औरैया

● चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के पहले राउंड में 22 टीमों ने लिया हिस्सा

**अमृत विचार।** चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 के नौवें दिन निनावली (जालौन) और मछंड (भिंड) टीमों के बीच मैच हुआ। निनावली टीम ने टास जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। मछंड टीम ने 11.3 ओवर में 66 रन पर सिमट गई। मछंड टीम के खिलाड़ी दिनेश ने सर्वाधिक 17 रन बनाए। जवाब में निनावली 7.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान से 67 रन बनाकर जीत हासिल की।

निनावली टीम के खिलाड़ी सौरभ ने 15 रन बनाए। दीपू ने 8 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। दीपू को मैन ऑफ द मैच ट्रॉफी चंबल परिवार से जुड़े रजत जैन ने प्रदान की। चंबल क्रिकेट लीग सीजन-3 की इसी कड़ी में अनेठा और ललूपुरा टीमों के बीच मुकाबला हुआ। अनेठा टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाज़ी करते हुए निर्धारित 9 ओवर में 58 रन बनाए। विकास ने सर्वाधिक 11 रन की पारी खेली।

जवाब में ललूपुरा टीम ने 9 ओवर में 8 विकेट के नुकसान 59 रन बनाकर मैच जीत लिया। ललूपुरा टीम के खिलाड़ी आशु ने 11 रन बनाने के साथ 3 विकेट लेकर मैन ऑफ द मैच रहे। आशु को ट्राफी अनीश ओझा के द्वारा दी गई। क्रिकेट लीग सीजन-3 के पहले राउंड में 22 टीमों ने हिस्सा लिया।

धर्म-कर्म

श्रीमद्भागवत कथा में आचार्य ने सुनाया भक्त प्रह्लाद का प्रसंग, श्रद्धालु हुए भावविभोर

# नरसिंह अवतार धारण कर प्रभु ने किया हिरण्यकश्यप का वध

संवाददाता, अछल्दा

**अमृत विचार।** कस्बा के रेलवे फाटक के पास चल रही श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन रविवार को कथा वाचक ने हिरण्यकश्यप और भक्त प्रहलाद की कथा सुनाई। जिसको सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो गए।


आचार्य महेश चंद्र।


कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

कथा वाचक आचार्य महेश चंद्र पांडेय महाराज ने कहा कि संतान को सही मार्ग पर लेकर चलने का सबसे बड़ा कर्तव्य उसकी माता का होता है। संतान को कहीं अधिक प्रेम अपनी मां से होता है। इसलिए मां का कर्त्वय बनता है कि वह अपनी संतान को सही मार्ग पर लेकर चले।

उन्होंने कहा कि माता सुनीति ने अपने पुत्र ध्रुव को अच्छी शिक्षा दी थी। जब प्रहलाद को उसके पिता हिरण्यकश्यप ने विष्णु जी का नाम लेने से रोका तो वह नहीं माने। इसलिए भक्त प्रह्लाद को यातनाएं दी गईं। अपने भक्त को बचाने के लिए खंबे में से नरसिंह अवतार लेकर प्रभु ने पापी हिरण्यकश्यप का पेट फाड़ डाला।

परीक्षित सुरेश कौशल, प्रीति कौशल, प्रशांत गुप्ता, रामलाल शर्मा, सिंटू, उमंग, धर्मेंद्र कुमार, संजय पोरवाल, भोलेनाथ गुप्ता, विनीत दुबे, आदि लोग है।

# भंडारे के साथ संत समागम संपन्न

संवाददाता फफूंद, औरैया

**अमृत विचार।** विकास खंड भाग्यनगर क्षेत्र के गांव खानपुर में स्थित सद्गुरु कबीर मंदिर व बाल आश्रम में मुक्तामणि साहब की यादगार में कबीर बीजक का पाठ हुआ। इसमें इटावा, औरैया, जालौन, फर्रुखाबाद, कानपुर नगर, अलीगढ़, झांसी से आए संत महात्माओं ने मुक्तामणि साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर उनको याद किया। कार्यक्रम समापन के बाद भंडारे का आयोजन किया गया।

कोरी कोली जागृत महासभा के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बेचे लाल कोरी, पातीराम कोरी, विनोद कुमार, आश्रम की महंत चरणदास साहब, गीता कुशवाहा, रामवती राजपूत, डॉक्टर शिवाजी, श्रीप्रकाश डेविड आदि ने सत्संग में योगदान दिया। कस्बा फफूंद से आए बेचे लाल कोरी ने कहा की पूजा पाठ करने वालों के लिए मेरा संदेश है कि आदत बुरी सुधार लो बस हो गया भजन। चरणदास साहब ने कहा कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काके लागू पाव ,बलिहारी गुरु आपने गोविंद देव बताए।


संत मुक्तामणि को नमन करते महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप


बच्चों को जल संरक्षण की शपथ दिलाते आनंद नाथ गुप्ता। अमृत विचार

### ग्रामीण बच्चों को दिया जल संरक्षण का संदेश

**औरैया।** समाजसेवी संगठन एक विचित्र पहल सेवा समिति द्वारा रविवार को शहर से दूर संस्था के ग्रामीण कार्यालय ग्राम-धीरजपुर में बच्चों की पाठशाला के अंतर्गत जल संरक्षण हेतु जन-जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्रामीण बच्चों को "जल ही जीवन है" "जल है तो कल है" आदि स्लोगनों के माध्यम से पानी बचाने के तरीके बताए गए। समिति के संस्थापक आनंद नाथ गुप्ता ने बताया कि जल के बिना जीवन संभव नहीं है। भारत में ही नहीं बल्कि पूरे विश्व में जल संकट बढ़ता जा रहा है। देश के कई स्थानों पर लोग पानी की समस्या से जूझ रहे हैं। हम अपनी दैनिक दिनचर्या में थोड़ा सा बदलाव करके पानी की बर्बादी को रोक सकते हैं। गोष्ठी को धर्मेंद्र कुमार, देवेंद्र आर्य आदि ने भी संबोधित किया। इस दौरान बच्चों को पानी की बर्बादी को रोकने के लिए जागरुक करते हुए जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई। अनूप बिश्नोई, जूनियर शाखा अनमोल के पूर्व अध्यक्ष अर्पित गुप्ता मानसिंह, राजू, पप्पू, नीलू आदि लोग मौजूद रहे।


योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करते छात्र-छात्राएं। अमृत विचार

### 300 विद्यार्थियों ने योग प्रतियोगिता में लिया हिस्सा

**औरैया।** पंतजलि युवा भारत औरैया की ओर से महर्षि दयानंद सरस्वती योगशाला औरैया में रविवार को योगा प्रतियोगिता कराई गई। इसमे विभिन्न विद्यालयों के लगभग 300 से अधिक बच्चों ने प्रतिभाग किया। मुख्य अतिथि डॉ. गुरुप्रताप वर्मा, भारत प्रेरणा मंच के अध्यक्ष अविनाश अग्निहोत्री, दया शंकर पांडेय, निखिल उपाध्याय मौजूद रहे। भारतीय बालिका इंटर कॉलज औरैया के बच्चे इंगा प्रथम एवं गुम्कान द्वितीय तथा ज्योति तृतीय स्थान पर रहीं। नगर पालिका इण्टर कॉलेज में बालिका वर्ग में अम्बिका प्रथम, वैल्लावी द्वितीय व कृतत्या तृतीय स्थान पर रही। गोपाल इंटर कॉलेज औरैया में अम्बिका प्रथम, वैष्णवी दुबे द्वितीय, अनुष्का तृतीय रहीं। नगर पालिका के बालक वर्ग में अंश प्रथम, अर्जुन द्वितीय व अनमोल तृतीय रहे। इसी मौके पर औरैया शहर में पहली बार नि:शुल्क योग सिखाने के लिए महर्षि दयानंद सरस्वती योगशाला का भव्य शुभारम्भ किया गया। जिसकी क्लास सायं 5 से 6 प्रतिदिन आर्य समाज मंदिर औरैया में निरंतर चलेगी। इसकी जानकारी योग शिक्षक डॉ0 विशाल योगी के द्वारा दी जा रही है।


नाला साफ करने के बाद सड़क पर पड़ा कीचड़।

### नालों का मलबा सड़क पर, नगरवासी परेशान

**अजीतमल, औरैया।** नगर पंचायत बाबरपुर अजीतमल के सफाई कर्मचारी रविवार और बुधवार को सब्जी बाजार के दिन व्यस्ततम मार्केट फफूंद रोड, सब्जी मंडी, सर्राफा मार्केट में नाली का कचरा साफ कर सड़क पर रख दिया। जिससे पैदल और साइकिल वाले राहगीरों को निकालने में समस्या हुई और जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार मना करने के बाद रविवार और बुधवार को इस मार्केट को जरूर साफ किया जाता है। इससे जनता को परेशानी हो रही है। इस पर जनता की नाराजगी दिखी। कचड़ा निकालकर सड़क किनारे लगाने का प्रावधान नहीं है फिर भी कचरा सड़क पर लगा दिया जाता है। जहां एक ओर मोदी सरकार स्वच्छ भारत मिशन की बात करती है वही दूसरी ओर स्वच्छ भारत मिशन को पलीता लगाते कर्मचारी नजर आते हैं।


आरोग्य मेले में मरीज को देखते चिकित्सक।

### सीएचसी अजीतमल में लगा जन आरोग्य मेला

**अजीतमल, औरैया।** तहसील अजीतमल क्षेत्र अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रत्येक रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया जाता है। रविवार को जन आरोग्य मेले में 50 लोगों ने अपना शारीरिक परीक्षण कराया। समुदाय स्वास्थ्य केंद्र अजीतमल के अधीक्षक डॉ अवनीश कुमार ने बताया कि जन आरोग्य मेले में प्रत्येक रविवार को एक ही छत के नीचे सभी रोगों के डॉक्टर प्रत्येक रविवार को यहां आकर आए हुए मरीज का शारीरिक परीक्षण व इलाज करते हैं। डॉ. अंशु, डॉक्टर मृत्युंजय, महिला विशेषज्ञ डॉक्टर प्रेम यादव, आदि डॉक्टर मनोज मिश्रा और फार्मासिस्ट शिवकुमार, फार्मासिस्ट अजय कुमार, राहुल कुमार आदि मौजूद रहे।

### सिक्योरिटी गार्ड का शव पहुंचा गांव, मचा कोहराम

**अछल्दा, औरैया।** अछल्दा थाना क्षेत्र के गांव नौनिकपुर में बीते गुरुवार को नौकरी कर रहे बाजीराम की मौत हो गई थी। साथी चंद्रभान गुरुवार शाम एंबुलेंस से गांव शव लेकर आया था। चंद्रभान (55) पुत्र रामसेवक फरीदाबाद, थाना सूरजकुंड मोहल्ला दयालपुर में अपने परिवार के साथ रह रहे थे। शनिवार सुबह अछल्दा रेलवे स्टेशन से चंद्रभान अपने छोटे भाई मुलायम सिंह के साथ पैसेंजर ट्रेन से फरीदाबाद जा रहे थे। ट्रेन इकदिल स्टेशन पर रुकी। चंद्रभान बोतल में पानी भरने के लिए नीचे उतरे। ट्रेन चलने लगी तो वह दौड़ कर पकड़ने लगा। इसी बीच उसका पैर फिसल गया। चंद्रभान की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। भाई मुलायम ने बताया सुबह तीन बजे अछल्दा स्टेशन से बैठे थे। चंद्रभान फरीदाबाद में बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। शनिवार शाम को चंद्रभान का शव गांव नौनिकपुर पहुंचने पर कोहराम मच गया।

### स्टेशन पर प्रेमीयुगल का हाई वोल्टेज ड्रामा, आरपीएफ ने पकड़ा

**अछल्दा।** अछल्दा रेलवे स्टेशन पर क्षेत्र की एक युवती परिजनों के साथ ट्रेन से सुबह लगभग 10 बजे कहीं जा रही थी। ट्रेन आयी तो सभी ट्रेन पर चढ़ गए। लेकिन युवती के प्रेमी ने युवती को ट्रेन से नीचे उतार कर जाने लगा। यह देख परिजन भी ट्रेन से उतर गए। परिजनों ने लड़के को रोककर उसके साथ बहस करने लगे। सूचना पर पहुंची आरपीएफ प्रेमीयुगल को अपनी चौकी ले आई। जहां आरपीएफ कांस्टेबल ने अछल्दा थाने में सूचना देकर थाना पुलिस को सुपुर्द कर दिया। कस्बा इंचार्ज सुरेश कुमार ने बताया कि प्रेमीयुगल बालिग है। दोनो को फफूंद थाने भेज दिया है।

## एक नजर

### अमित शाह आज कुशीनगर बलिया और वाराणसी में

अमृत विचार, लखनऊ : गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार 27 मई को कुशीनगर, बलिया और वाराणसी में जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे। इस दौरान अमित शाह के साथ तमाम जनसभाओं में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी की भी भागीदारी रहेगी।

### मासिक धर्म स्वच्छता दिवस दिवस कल

अमृत विचार, लखनऊ : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की मिशन निदेशक डा. पिंकी जोवल ने सभी मुख्य चिकित्सा अधिकारियों को पत्र जारी कर मासिक धर्म दिवस 28 मई को जागरूकता सम्बन्धी विभिन्न गतिविधियों को आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जहां पर मासिक धर्म स्वच्छता पर खुल कर बात की जाएगी।

# तकनीकी विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी के बिना कैसे होगी साइबर सुरक्षा

## पुलिस कार्मिकों की होने वाली भर्ती में इन दोनों पदों का नहीं किया गया जिक्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ बिना बैंक कर्मी समय से कैसे होगी फ्रॉड की विवेचना

**अमृत विचार:** साइबर अपराधों से प्रदेश को मुक्ति दिलाने की तैयारी तो शुरू कर दी गई है, लेकिन आधारभूत संरचना में कई बिंदुओं पर गौर ही नहीं किया गया है। प्रदेश के थानों में होने वाली 1,425 कार्मिकों की भर्ती में कार्मिकों की तकनीकी विशेषज्ञता का जिक्र ही नहीं किया गया है। यही नहीं फ्राड का बैंक डिटेल मिलने में महीनों लग जाते हैं, ऐसे में बिना बैंकर्स को साथ लिए समय से विवेचना कैसे संभव होगी। हालांकि उक्त दोनों चुनौतियों के प्रति पुलिस विभाग अवगत तो है, लेकिन कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।



सरकार ने प्रदेश को साइबर अपराध से मुक्ति दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएं हैं। इसी क्रम में प्रत्येक जिले में थाने खुल रहे हैं और आधारभूत संसाधन थानों में भेजे जा रहे हैं। विभाग को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए अलग से कार्मिकों की भर्ती भी होने जा रही हैं। इन सबके बीच साइबर अपराध रोकने के सबसे महत्वपूर्ण घटक पर अभी चर्चा तक नहीं हुई है। वह है तकनीकि विशेषज्ञ एवं बैंक कर्मी। जिन कार्मिकों की भर्ती होने जा रही है उनके लिए तकनीकी से जुड़ी किसी भी अर्हता का जिक्र नहीं है। साइबर अपराध का खुलासा बिना तकनीकी विशेषज्ञ के संभव नहीं हो पाता।

वहीं बिना बैंक कर्मी के साइबर थाने चलाने में भी दिक्कत आएगी। लगभग सभी तरह के साइबर अपराध रुपयों के लिए ही होते हैं। फ्राड की शिकायत होने के बाद बैंक डिटेल आने में ही कई-कई महीने लग जाते हैं। बैंक पूरी जानकारी भी नहीं देते। ऐसे में बिना बैंक कर्मी के ससमय विवेचना भी नहीं हो पाएगी। साइबर अपराध रोकने से जुड़ी पूरी संरचना में दोनों का जिक्र न होना चर्चा का विषय है।

**दंडात्मक नहीं मानी जाएगी पोस्टिंग**

एसएचओ के पद से साइबर सेल में तबादले को दंडात्मक पोस्टिंग के तौर पर गिना जाता था। लेकिन अब यह पोस्टिंग महत्वपूर्ण पोस्टिंग मानी जाएगी। जिले का पुलिस अधीक्षक ही साइबर थानों को नियंत्रित करेगा। थानों में पोस्टिंग के बाद अब दंडात्मक पोस्टिंग का भ्रम भी दूर हो जाएगा।

# प्रबंधकों को किया जा रहा है प्रताड़ित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा की बैठक संपन्न

▶▶ अशासकीय सहायता प्राप्त विद्यालय प्रबंधक 10 जून को देंगे धरना

**अमृत विचारः** अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालय प्रबन्धक सभा उत्तर प्रदेश की कोर कमेटी की बैठक डीएवी डिग्री कॉलेज में हुई।

बैठक में प्रबंधक सभा के पूर्वांचल प्रभारी गजेन्द्र सिंह ने बताया कि जनपदो में तैनात डीआईओएस एवं मण्डल स्तर पर तैनात ज्वाइंट डायरेक्टर्स द्वारा प्रबन्धकों एवं प्रबन्धतंत्रो को अपमानित एवं प्रताड़ित करते हुए धन उगाही व जबरदस्त लूट खसोट की जा रही है। अधिनियम के प्रावधानों, विनियमों एवं शासनादेशों के अनुपालन में हीला-हवाली करते हुए धन उगाही का तंत्र चलाया जा रहा है। सरकार द्वारा विद्यालयो की संचालक प्रबन्ध समितियों को ट्रस्ट में परिवर्तित किये जाने को अनुमन्यता प्रदान की है लेकिन मण्डलीय स्तर पर ज्वाइंट डायरेक्टर्स एवं जनपदो के डीआईओएस अपनी अनियमित लूटखसोट के कारण प्रबन्धसमितियों को उत्पीड़ित करते हुए अनुमन्यता प्रदान नहीं कर रहे है।

आक्रोशित प्रबन्धकों की कोर कमेटी ने निर्णय पारित किया है कि अब प्रबन्धको के उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जायेगा और माध्यमिक शिक्षा विभाग में चल रहे लूट तंत्र को पर्त दर पर्त समाज के समक्ष उजागर कर मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा। इस कम में 10 जून को निदेशक माध्यमिक शिक्षा उप्र के शिविर कार्यालय पार्क रोड प्रातः 11 बजे से प्रबन्धको के उत्पीड़न और विभागीय भ्रष्टाचार पर विशाल धरना प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संगठन के कार्यकारी अध्यक्ष अरविंद कुमार, मध्यांचल प्रभारी प्रभाकर श्रीवास्तव, पश्चिमांचल प्रभारी दीपक द्विवेदी, अयोध्या मण्डल अध्यक्ष अरूण सिंह, झांसी मण्डल अध्यक्ष वीरेन्द्र पाण्डे, मेरठ मण्डल अध्यक्ष सुनील चौधरी, प्रयागराज से इन्दुभाल त्रिपाठी, कानपुर से ललित कुमार शुक्ला, आगरा मण्डल महामंत्री हरिओम चौधरी, बलिया से नरेन्द्र श्रीवास्तव, गाजीपुर से अवधेश राय आदि बैठक में उपस्थित रहे।

# आखिरी चरण के चुनाव प्रचार में सत्तापक्ष और विपक्ष में तेज हुई जंग

## मुख्यमंत्री योगी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर साधा निशाना



गोरखपुर में आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री योगी को स्मृति चिन्ह भेंट करता भाजपा पदाधिकारी। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ मुख्यमंत्री ने मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली, गाजीपुर और गोरखपुर लोकसभा सीट में जनसभा को किया संबोधित

▶▶ बोले, काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान का परिवार बताता है माफिया

**अमृत विचारः** हम रामभक्त हैं, तबतक चैन की सांस नहीं लेंगे, जबतक पापियों का अंत नहीं कर देते। आज बेटी और व्यापारी की सुरक्षा से कोई खिलवाड़ नहीं कर सकता और अगर ये दुःसाहस करने की किसी ने कोशिश की तो अगले ही चौराहे पर यमराज उसका इंतजार करते हुए मिलेंगे। जो मफिया कभी कानून की धज्जियां उड़ाया करते थे आज बुलडोजर उनकी छाती को रौंद रहा है। गाजीपुर का एक माफिया अपने काले कारनामों को छिपाने के लिए खुद को ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार का बताता है। जबकि ये कोरा झूठ है और उसका ब्रिगेडियर उस्मान के परिवार से कोई नाता नहीं है।

ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को गाजीपुर में रखने के साथ मीरजापुर, रॉबर्ट्सगंज, चंदौली और गोरखपुर लोकसभा सीट के लिए भी प्रचार किया। इस दौरान उन्होंने पांचों लोकसभा प्रत्याशियों के पक्ष में वोट की अपील की। इस दौरान योगी ने कहा कि सपा और कांग्रेस समस्या हैं। इनके गठबंधन का मतलब आतंकवाद को आमंत्रित करना। जिन्होंने एक-एक बूंद पानी के लिए तरसाया, अब उन्हें एक-एक वोट के लिए तरसा दीजिये।

**पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी**

मुख्यमंत्री ने मीरजापुर और रॉबर्ट्सगंज लोस. में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि सोनभद्र में मेडिकल कॉलेज बन कर तैयार हो गया है। कमिश्नरी में जल्द ही विश्वविद्यालय बनकर तैयार हो जाएगा। पिछली सरकारों की सोच संकुचित थी, इसलिए वे विकास के बारे में नहीं सोचती थीं।

**पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे**

मुख्यमंत्री ने चंदौली की जनसभा में कहा, कांग्रेस व सपा गठबंधन विरासत टैक्स लगाने की बात करती है। यह टैक्स औरंगजेब का जजिया कर है। संपत्ति का सर्वे कराकर यह लोग पुश्तैनी प्रॉपर्टी जबर्दस्ती ले लेंगे, फिर उसे घुसपैठियों और रोहिंग्या मुसलमानों को दे देंगे। इनके अंदर औरंगजेब की आत्मा घुस गई है।

**पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था**

योगी ने रविवार को गोरखपुर पहुंचकर कहा कि पहले पैसा कब्रिस्तान में खर्च होता था, अब मठ-मंदिरों के जीर्णोद्धार में खर्च होता है। एक तरफ भाजपा आपको सुरक्षा-सम्मान देती है तो दूसरी तरफ बसपा को मौलाना के अलावा कोई उम्मीदवार ही नहीं मिल पाया। सपा और कांग्रेस तालिबानी शासन लागू करना चाहते हैं।

## सपा प्रमुख अखिलेश ने भाजपा सरकार पर बोला तीखा हमला



जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन के प्रत्याशी के साथ सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ अखिलेश ने सलेमपुर और बलिया के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को किया सम्बोधित

**अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने रविवार को सलेमपुर से पार्टी प्रत्याशी रमाशंकर राजभर और बलिया के प्रत्याशी सनातन पाण्डेय के पक्ष में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। इस दौरान भीषण गर्मी और तपती दोपहरी में आयी भारी भीड़ को देखकर उत्साहित अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बलिया का बल समाजवादी पार्टी को जिताने जा रहा है। अखिलेश ने कहा, उप्र. में सपा इस बार जीत के अपने पुराने रिकार्ड को तोड़ देगी।

सपा प्रमुख के मुताबिक, पश्चिम से पहले चरण के चुनाव में जो जीत की शुरूआत हुई है पूर्वांचल में सातवें चरण में उससे ज्यादा उत्साह और जोश है। उन्होंने दावा किया कि छठवें चरण में इंडिया गठबंधन के पक्ष में हुई बम्पर वोटिंग से भाजपा का सफाया हो गया है। भाजपा के लोग चार सौ पार का नारा दे रहे थे, वे सातवें चरण में चार सौ सीट हार कर जाएंगे।

सपा मुख्यालय से साझा की गई जानकारी के मुताबिक, अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा बुरी तरह हारने जा रही है। इसीलिए प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की जुबान लड़खड़ाने लगी है। जुबान उसी की लड़खड़ाती है जिसका आत्मविश्वास लड़खड़ा जाता है। इनको हार का एहसास हो गया है। इनकी भाषा बदल गयी है। अब जनता इनको बदलने जा रही है।

**किसानों का कर्ज माफ करेगी हमारी सरकार**

अखिलेश यादव ने दावा किया कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों का कर्ज माफ करेगी। किसानों को फसलों के एमएसपी का कानूनी अधिकार देगी। इंडिया गठबंधन की सरकार अग्निवीर योजना खत्म कर नौजवानों को पक्की नौकरी देगी।

### अखिलेश आज गाजीपुर और चंदौली में

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव सोमवार 27 मई को लोकसभा क्षेत्र गाजीपुर एवं चंदौली में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित करेंगे।

# प्रश्नपत्र लीक मामले में दो और आरोपी गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▶▶ नोएडा एसटीएफ ने की कार्रवाई, दोनों पर था 25-25 हजार का इनाम

**अमृत विचारः** 17 एवं 18 फरवरी को उप्र. आरक्षी पुलिस भर्ती परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक कराने के आरोप में एसटीएफ नोएडा की टीम ने हाथरस से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। दोनों पर 25-25 हजार रुपए का इनाम भी रखा गया था।

गिरफ्त में आया पहला आरोपी बिट्टू उर्फ विनोद कुमार शर्मा लोधा अलीगढ़ का निवासी है। बिट्टू एम्स ऋषिकेश में विद्युतकर्मी की नौकरी करता है। पेपर लीक कांड में बिट्टू की संलिप्तता का पहले ही खुलासा हो चुका था। जबकि दूसरे आरोपी कुशलपाल उर्फ राजा को भी गिरफ्तार किया गया है। राजा पांचवीं पास है और टैक्सी चलाने का काम करता है। राजा पर भी पुलिस ने 25 हजार का इनाम रखा था। एसटीएफ के अधिकारियों ने बताया कि दोनों की गिरफ्तारी हाथरस के रोडवेज वर्कशाप के पास से हुई है।

### अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाला गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ ने रविवार को अवैध शस्त्रों की तस्करी करने वाले व्यक्ति को एमिटी विश्वविद्यालय के पास से गिरफ्तार किया है। इस दौरान आरोपी के पास से पांच पिस्टल भी बरामद हुआ है। एसटीएफ के डीएसपी धर्मेश कुमार शाही ने बताया कि आरोपी नितेश भारती बलिया का रहने वाला है। सूचना मिली कि नितेश बिहार व मध्यप्रदेश से अवैध असलहा लेकर राजधानी पहुंचा है और इस समय मल्हौर क्षेत्र में एमिटी विश्वविद्यालय के पास मौजूद है। इस दौरान उपनिरीक्षक अतुल चतुर्वेदी, की टीम ने नितेश भारती को गिरफ्तार कर लिया।

## वर्ग पहेली-82

**बाएं से दाएं**

2. 1. अवनति, गिरावट 2. क्षय 3. अपमान 4. अपयश 5. हीनता।

4. 1. दैनिक जीवन की परेशानियां 2. व्यर्थ के झगड़े 3. झंझट या बखेड़ा 4. इधर-उधर फैला हुआ कबाड़ या कूड़ा-करकट।

6. 1. घड़ा 2. अंधविश्वास के कारण प्रेतक्रिया में पीपल से लटकाया जाने वाला घड़ा।

7. 1. समाप्त न होना, कम न पड़ना 2. लड़खड़ाना।

8. 1. निशाना लगाने का कार्य या कौशल 2. निशाना लगाने का अभ्यास।


**ऊपर से नीचे**

1. चैत्र के बाद पड़ने वाला माह।

3. परिगणन, अनुसूची, (शेड्यूल)।

5. वह स्थान या गृह जहां नाटक का मंचन किया जाता है, नाट्यशाला।

7. आकाश में सहसा क्षण भर के लिए दिखाई देने वाला वह प्रकाश जो बादलों में वातावरण की विद्युत शक्ति के संचार के कारण होता है, विद्युत, तड़ित, जोखना।



### वर्ग पहेली -81 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 भो | | | 2 च | | |
| | ज | | 3 छ | पा | का | |
| | 4 क | चो | ट | ना | | |
| | | | क | | 5 शा | ना |
| | 6 सा | 7 नु | ना | सि | क | |
| | | जू | | | भा | |
| 8 कॉ | ल | म | | | जी | |

## सुडोकू -161

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| | | 6 | | | | | | |
| 5 | | | | | | | | |
| | | | 1 | | 7 | | | |
| | | | | | | | | |
| | 5 | | | | | | 8 | |
| | | | | | 9 | | | |
| 2 | | | | | | | | |

### सुडोकू -160 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 4 | 5 | 1 | 3 | 9 | 2 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 2 | 6 | 4 | 8 | 5 | 9 | 1 |
| 9 | 6 | 1 | 2 | 7 | 5 | 8 | 3 | 4 |
| 5 | 7 | 6 | 9 | 2 | 4 | 1 | 8 | 3 |
| 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 6 | 4 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 7 | 5 | 6 | 1 | 9 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 6 |

# प्रशिक्षकों की कमी से बिगड़ा खेल, खिलाड़ी हो रहे मायूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▶▶ कहीं बैडमिंटन तो कहीं स्क्वैश के कोच नहीं, प्रशिक्षक न होने से लौट रहे खिलाड़ी

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियों में सभी खेलों में प्रशिक्षण लेने को खिलाड़ियों की भीड़ उमड़ रही है। मनचाहे खेल में दाखिला लेने को खिलाड़ी स्टेडियम तक पहुंच रहे हैं। लेकिन कई खेलों में प्रशिक्षक ना होने से खिलाड़ी मायूस होकर लौट रहे हैं।

बैडमिंटन, स्क्वैश के साथ ही फुटबॉल जैसे खेल में प्रशिक्षकों की कमी से खेल की दुनिया में नाम रोशन करने वालों के सपने प्रशिक्षण से पहले ही टूट रहे हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, जहां इंफ्रास्ट्रक्चर उपलब्ध है, वहां पर प्रशिक्षकों की तैनाती के प्रयास किए जा रहे हैं।

शहर के वीआईपी इलाके गोमती नगर में दो सरकारी स्टेडियम मौजूद हैं। इनमें एक विनय खंड तो दूसरा विजयंत खंड में स्थित है। विनय खंड में बैडमिंटन खिलाड़ियों के अभ्यास को वूडेन कोर्ट बनाया गया है। यहां पर कोई प्रशिक्षक नहीं है।

ऐसे में यहां बैडमिंटन की ट्रेनिंग लेने के लिए आने वाले खिलाड़ी मायूस होकर लौटने को मजबूर हैं। इसी तरह से यहां पर फुटबॉल का मैदान तैयार किया गया है। लेकिन प्रशिक्षकों के अभाव में यहां पर फुटबॉल का प्रशिक्षण आज तक शुरू नहीं हो सका है। छुट्टियों में यहां फुटबॉल में दाखिले की लंबी लाइन लगती हैं। लेकिन प्रशिक्षक ना होने से वापस चले जाते हैं। कुछ ऐसा ही हाल विजयंत खंड स्टेडियम का है। यहां पर स्क्वैश के लिए शानदार हॉल मौजूद है। प्रशिक्षक न होने से इस खेल के खिलाड़ियों को वापस लौटना पड़ रहा है।

**प्रशिक्षक हैं लेकिन प्रशिक्षण नहीं**

क्षेत्रीय खेल कार्यालय की देखरेख में नौकायन के प्रशिक्षक की तैनाती की गई। गोमती नदी के किनारे नौकायन के प्रशिक्षण की तैयारी पिछले वर्ष शुरू की गई। लेकिन आज तक प्रशिक्षण शुरू नहीं हो सका। ऐसे में नौकायन के प्रशिक्षक केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बाल तरणताल में बच्चों को तैराकी का प्रशिक्षण देने को मजबूर हैं।

प्रशिक्षण को बेहतर बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशिक्षकों की कमी जल्द ही दूर की जाएगी। जहां इंफ्रास्ट्रक्चर है, वहां पर हर हाल में प्रशिक्षक तैनात किए जाएंगे।


-अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी, खेल विभाग, उत्तर प्रदेश

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 27 मई सोमवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-चतुर्थी 16.53 तक तत्पश्चात पंचमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।

चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।

ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।

नक्षत्र-पूर्वाषाढ़ा 10.13 तक तत्पश्चात उत्तराषाढ़ा।

**मेष** — आज प्रतिष्ठित लोगों के बीच आपका सम्मान बढ़ेगा। आप भविष्य को लेकर काफी आशान्वित रहेंगे। बुद्धिजीवी लोगों से आपका संपर्क बढ़ेगा। शाम के समय आपको धन लाभ भी हो सकता है। दिन ठीक रहेगा। आप अपनी योग्यता का प्रदर्शन कर पाएंगे।

**वृष** — आज क्रोध में आकर किसी से बात न करें। शाम के समय आप कई समस्याओं को सुलझाने में सफल होंगे। आपको बहुत से अनुत्तरित प्रश्नों का उत्तर मिल जाएगा। दिन की शुरुआत ज्यादा ठीक नहीं रहेगी, किंतु आप समस्याओं का समाधान ढूंढ़ने में सफल होंगे।

**मिथुन** — आज यात्रा का विचार बना सकते हैं। कारोबार में मित्रों का सहयोग मिलेगा। विवाह संबंधी विषयों को लेकर घर में चर्चा हो सकती है। आंखों में जलन और दर्द की शिकायत होने की आशंका है। बिजली के यंत्रों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें।

**कर्क** — आज कारोबार में अपेक्षा से अधिक लाभ हो सकता है। नौकरी में उच्च अधिकारी आपके ऊपर प्रसन्न रहेंगे। रुका हुआ धन प्राप्त होगा। सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सहभागिता बढ़ेगी। आपसे पड़ोसी भी आपकी प्रशंसा करेंगे और आपसे वार्तालाप करना चाहेंगे।

**सिंह** — आज काम का दबाव आपके ऊपर देखने को मिल सकता है। यदि आप व्यवसायी हैं तो आप अपने उत्पाद की बहुत अच्छी ब्रान्डिंग कर सकते हैं। मनोरंजन के कार्यों में आप काफी रुचि ले सकते हैं। अनावश्यक कार्यों में आपको व्यस्त नहीं होना चाहिए।

**कन्या** — आज आप कुछ पुराने मामलों को लेकर तनाव में आ सकते हैं। घर का समस्याओं को बाहर के लोगों से व्यक्त न करें। माता-पिता की सेहत का विशेष ध्यान रखें। प्रेम विवाह को लेकर परिवार की सहमति मिल सकती है।

**तुला** — आज आप नई जॉब के लिए प्रयास कर रहे हैं तो उसमें अचानक ही सफलता मिल सकती है। आप अपनी अभियोग्यता को बढ़ाने को लेकर प्रतिबद्ध रहेंगे। कुछ गुप्त बातों को जानने में लगे रहेंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात हो सकती है।

**वृश्चिक** — आज सरकारी नौकरी कर रहे लोगों के ऊपर काम का दबाव बढ़ेगा। कारोबार में सहयोगियों के साथ नोंक-झोंक हो सकती है। अपने गुस्से पर नियंत्रण रखें। हालांकि आप अपनी गलती सुधार भी लेंगे और स्थितियां अपने पक्ष में भी कर सकते हैं।

**धनु** — आज दिन की शुरुआत आपके लिए शुभ रहेगी। विरोधी आपके सामने कमजोर दिखेंगे। आप अपनी संकल्प शक्ति के बूते कई लोगों के अपने अनुकूल काम भी करवा सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों का समाज में वर्चस्व बढ़ेगा।

**मकर** — आज वैवाहिक जीवन में सामंजस्य अच्छा रहेगा। कोई नया काम शुरू न करें। बिना मन के किए गए कार्य गड़बड़ हो सकते हैं। कला क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। शाम के समय बीमार लोग स्वस्थ महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** — आज ऐसे विषयों पर चर्चा न करें जिन पर झगड़ा होने की संभावना हो। संपत्ति से जुड़े मामलों को लेकर कुछ परेशानियां हो सकती हैं। यदि किसी मीटिंग आदि का आयोजन कर रहे हैं तो उसे दिन के दूसरे प्रहर से पहले कर लें।

**मीन** — आज कारोबार में विस्तार के अवसर मिलेंगे। यदि आप निवेशक हैं तो आपको उत्तम धन लाभ हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों की शिकायतों का निवारण कर सकते हैं। बेरोजगार लोगों को नौकरी मिल सकती है।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
15 अगस्त — सुबह : 09.52
मेला — रात : 07.00

&pictures
सीक्रेट सुपरस्टार — सुबह : 10.47
हीरोपंती 2 — शाम : 04.56

SONY PIX
स्पाइडर-मैन — सुबह : 10.45
द मैकेनिक — रात : 09.00

ZEE CINEMA
मैं तेरा हीरो — सुबह : 10.35
पहेली — रात : 07.45

colors CINEPLEX
बेटिंग राजा — दोपहर : 12.34
रुद्रन — रात : 08.02

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर शाम : 04.56 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पापा- बेटा, आज तेरी मम्मी चुप-चाप क्यों बैठी है?
बेटा- मेरी गलती है इसमें
पापा- ऐसा क्या किया तूने
बेटा- मम्मी को लिपस्टिक की जगह फेविस्टिक दे दी?
पापा- जुग-जुग जियो मेरे लाल, भगवान ऐसा बेटा सबको दे।

मौलवी- किसी को इस शादी से ऐतराज?
तभी आवाज आई हां मुझे है।
मौलवी- अरे तुमसे किसने पूछा? तुम तो दूल्हे हो तुम्हें तो जिंदगी भर रहेगा।

ब्राह्मण प्रत्याशी उतार कर भाजपा को घेरने के सपा के दांव में बसपा का यादव उम्मीदवार बढ़ा रहा मुसीबत

# सपा की बिछाई बिसात में बसपा की चाल से भाजपा को राहत की सांस

मनोज त्रिपाठी

**अमृत विचारः** कभी युवा तुर्क के नाम से मशहूर रहे, खांटी समाजवादी नेता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर की सियासी जमीन बलिया में उनके जीवन काल में कभी भगवा नहीं फहरा पाया, लेकिन 2014 की मोदी लहर में यहां पहली बार कमल खिला और अब इस बार के चुनाव में चंद्रशेखर के ही बेटे नीरज शेखर भाजपा को लगातार तीसरी जीत दिलाने के लिए दिन-रात एक किए हैं। पूर्वांचल इलाके में बिहार की सीमा से लगने वाली बलिया लोकसभा सीट पर राजनीतिक बदलाव के चलते इस बार समीकरण काफी दिलचस्प और मतदाता असमंजस में दिखाई पड़ते हैं। अपना गढ़ वापस पाने के लिए बेचैन सपा फिर से ब्राह्मण नेता सनातन पांडेय को उतारकर भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकना चाहती है, तो बसपा के लल्लन यादव चुनावी लड़ाई त्रिकोणीय बनाकर सपा का खेल बिगाड़ने में लगे नजर आ रहे हैं।

### 2019 का चुनाव परिणाम

| | | | |
|---|---|---|---|
| भाजपा | वीरेंद्र सिंह मस्त | 4,69,114 | 47.40 प्रतिशत |
| सपा | सनातन पांडेय | 4,53,595 | 45.83 प्रतिशत |
| सुभसपा | विनोद | 35,900 | 3.63 प्रतिशत |

### 2014 का जनादेश

| दल | उम्मीदवार | वोट | % |
|---|---|---|---|
| भाजपा | भरत सिंह | 3,59,760 | 38.18 |
| सपा | नीरज शेखर | 2,20,324 | 23.38 |
| कौमी एकता | अफजाल अंसारी | 1,63,943 | 17.40 |
| बसपा | वीरेंद्र कुमार पाठक | 1,41,684 | 15.04 |
| कांग्रेस | सुधा राय | 13,501 | 1.43 |

- 2014 की मोदी लहर में सपा का किला ध्वस्त करने वाली भाजपा इस बार जीत की हैट्रिक लगाने को तत्पर
- 2019 के लोकसभा चुनाव में हुआ था कांटे का संघर्ष, 15,559 मतों से भाजपा से हार गई थी सपा मुकाबला

### नीरज शेखर के पाला बदल की परीक्षा

- वर्तमान में राज्यसभा सांसद रहते हुए ही भाजपा ने उन्हें बलिया लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में उतारा है। नीरज शेखर के खिलाफ सपा ने दूसरी बार सनातन पांडेय पर अपना भरोसा जताया है। 2019 का चुनाव वह भाजपा के वीरेंद्र सिंह मस्त से कांटे के मुकाबले में 15 हजार से कुछ अधिक मतों से हार गए थे। सपा ने ब्राह्मण, यादव और मुस्लिम मतों के सहारे इस बार भाजपा की जीत की हैट्रिक रोकने की व्यूह रचना की है। लेकिन सपा की इस कोशिश में बसपा के प्रत्याशी गाजीपुर निवासी पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव रोड़ा अटकाते नजर आ रहे हैं। वह बसपा के कॉडर वोट को लामबंद करने के साथ सपा के परंपरागत यादव मतदाताओं का बड़ा हिस्सा अपने पाले में करने की कोशिश कर रहे हैं।

### जातीय समीकरण अनुमानित

| | |
|---|---|
| ब्राह्मण | 15% |
| राजपूत | 13.5% |
| दलित | 16% |
| भूमिहार | 09% |
| यादव | 12 % |
| मुसलमान | 08 % |
| अनुसूचित जनजाति | 2.5 % |
| अन्य | 24 % |

**2014** की मोदी लहर में टूटा था समाजवादी तिलिस्म और पहली बार बागी बलिया की धरती पर खिला था कमल

### आठ बार पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर ने दर्ज की जीत

- ब्राह्मण और राजपूत बहुल मानी जाने वाली बलिया लोकसभा सीट पर पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर के परिवार का दबदबा रहा है। चंद्रशेखर आठ बार इस सीट से सांसद चुने गए। इसमें छह बार लगातार जीतने का रिकार्ड भी उनके नाम पर है। चंद्रशेखर के निधन के बाद उनके बेटे नीरज शेखर समाजवादी पार्टी से दो बार सांसद चुने गए। नीरज शेखर पहली बार पिता के निधन के बाद साल 2007 में हुए उपचुनाव में जीते फिर 2009 के चुनाव में भी सपा से ही सांसद चुने गए। लेकिन 2014 के चुनाव में मोदी लहर के आगे नीरज शेखर भाजपा के प्रत्याशी भरत सिंह मस्त से 1.39 लाख वोटों से हार गए और सपा का किला ध्वस्त कर भाजपा ने इस सीट पर अपनी पहली जीत दर्ज की। हालांकि सपा की हार का कारण कौमी एकता दल से चुनाव लड़े अफजाल अंसारी को माना गया, जिन्हें 1.63 लाख वोट मिले थे। 2014 का लोकसभा चुनाव हारने के बाद सपा ने नीरज शेखर को राज्यसभा में भेज दिया। लेकिन साल 2019 में नीरज सपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा ने उन्हें दूसरी बार राज्य सभा के लिए नामित किया और वह राज्यसभा के सांसद चुन लिए गए।



### बलिया सीट पर मतदाता

| | |
|---|---|
| कुल वोटर | 19,12,864 |
| पुरुष मतदाता | 10,26,474 |
| महिला मतदाता | 8,86,316 |
| थर्ड जेंडर मतदाता | 74 |

### तीन विधानसभा सीटें सपा के पास, भाजपा व सुभासपा का एक-एक पर कब्जा

बलिया लोकसभा क्षेत्र में विधानसभा की पांच सीटें बलिया सदर, फेफना, बैरिया, जहूराबाद और मोहम्मदाबाद आती हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में बलिया सदर में भाजपा विजयी रही थी। तीन सीटों बैरिया, फेफना और मोहम्मदाबाद में सपा ने जीत हासिल की थी। जहूराबाद सीट सुभासपा के खाते में गई थी। 2019 के लोकसभा चुनाव में लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले पांच विधानसभा क्षेत्रों में बैरिया, बलिया सदर और फेफना में भाजपा आगे रही थी, जबकि मोहम्मदाबाद और जहूराबाद में सपा ने बढ़त बनाई थी।

**02** जिलों गाजीपुर और बलिया में फैला है यह लोकसभा क्षेत्र, गाजीपुर की दो और बलिया जिले की तीन विधानसभा सीटें यहां पर हैं

# सातवें चरण में 11-2 के स्कोर से आगे बढ़ पाएगा इंडिया गठबंधन

चुनाव डेस्क

**अमत विचार।** उत्तर प्रदेश में सातवें और अंतिम चरण में 13 लोकसभा सीटों महराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, बांसगांव, घोसी, सलेमपुर, बलिया, गाजीपुर, चंदौली, वाराणसी, मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज में पहली जून को मतदान होगा। इसमें गाजीपुर और घोसी लोकसभा सीट 2019 में बसपा ने सपा के साथ गठबंधन में जीती थी। इस बार दोनों दल एक-दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। सपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। सपा के समर्थन से देवरिया और महराजगंज सीट पर कांग्रेस के प्रत्याशी ताल ठोंक रहे हैं । इस तरह सपा 11 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। इसके मुकाबले भाजपा अंतिम चरण की 10 सीटों पर ही चुनाव मैदान में है। मिर्जापुर और रॉबर्ट्सगंज सीट पर भाजपा का सहयोगी अपना दल (एस) चुनाव लड़ रहा है, तो घोसी सीट पर सुभासपा प्रमुख ओम प्रकाश राजभर भाजपा की मदद से अपने बेटे अरविंद राजभर को संसद में पहुंचाने के लिए दिन-रात एक किए हैं।

अंतिम चरण की मतदान वाली 13 सीटों में से 11 पर पिछली बार एनडीए ने जीत दर्ज की थी। इस बार मिशन-80 का लक्ष्य लेकर चल रही भाजपा ने सभी 13 सीटें जीतने के लिए जोर लगा रखा है। रविवार को भीषण गर्मी के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिर्जापुर, मऊ और देवरिया में चुनावी रैलियां करके सात लोकसभा सीटों पर जीत के समीकरण साधे। इस दौरान मोदी ने जनता से इंडिया गठबंधन पर पूर्वांचल का प्रहार करने, साजिश के तहत पूर्वांचल को पिछड़ा बनाए रखने और सपा-कांग्रेस पर अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संविधान बदलने का आरोप लगाकर एनडीए के लिए 400 पार की हुंकार भरी। एनडीए गठबंधन को मात देकर पिछली बार से ज्यादा सीटें झटकने के लिए इस बार सपा-कांग्रेस गठबंधन ने जातीय समीकरणों पर भरोसा करते हुए न सिर्फ प्रत्याशी उतारे हैं।



### बलिया, चंदौली और राबर्ट्सगंज सीटें कड़े मुकाबले वाली

- पिछले लोकसभा चुनाव में भाजपा को सातवें चरण में औसतन 52 प्रतिशत वोट जबकि विपक्ष को 38 प्रतिशत वोट ही मिले थे। 2019 के चुनाव परिणाम के लिहाज से बलिया और चंदौली सर्वाधिक कड़े मुकाबले वाली सीटें हैं। यहां दो प्रतिशत से कम वोटों के अंतर से भाजपा को जीत मिली थी। चंदौली में भाजपा को 47.07 और सपा-बसपा को 45.79 फीसद जबकि बलिया में भाजपा को 47.40 और सपा-बसपा को 45.43 फीसद वोट मिले थे। इसी तरह राबर्ट्सगंज लोकसभा सीट भी नजदीकी मुकाबले में छह प्रतिशत वोटों के अंतर से भाजपा के हाथ लगी थी। यहां भाजपा को 45.32 और सपा-बसपा को 39.82 प्रतिशत वोट मिले थे।

- 10 सीटों पर 2019 में सपा-बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ने पर भी 10 फीसदी से ज्यादा था वोटों का अंतर
- इस बार सपा 11 और भाजपा 10 सीटों पर लड़ रही है चुनाव, कांग्रेस-दो, अपना दल (एस) दो सीटों पर मैदान में

### 2019 में 13 सीटों पर यह था मत प्रतिशत

| सीट | भाजपा | सपा-बसपा |
|---|---|---|
| गाजीपुर | 40.40% | 51.20% |
| घोसी | 39.56% | 50.30% |
| बलिया | 47.40% | 45.83% |
| चंदौली | 47.07% | 45.80% |
| राबर्ट्सगंज | 45.32% | 39.82% |
| सलेमपुर | 50.72% | 38.52% |
| महराजगंज | 59.2.% | 31.45% |
| गोरखपुर | 60.54% | 35.07% |
| कुशीनगर | 56.69% | 24.64% |
| देवरिया | 57.19% | 32.57% |
| बासगांव | 56.14% | 40.57% |
| मिर्जापुर | 53.34% | 32.42% |
| वाराणसी | 63.62% | 18.40% |

### घोसी में सपा और बसपा ने घेर रखी एनडीए की चुनौती

पिछले चुनाव में घोसी लोकसभा सीट पर बसपा के अतुल राय ने 1,22,568 मतों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार यहां सपा और बसपा दोनों ने मजबूत उम्मीदवार उतारे हैं। सपा से राजीव राय तो बसपा से बालकृष्ण चौहान मैदान में हैं। बालकृष्ण यहां से एक बार सांसद रह चुके हैं। एनडीए ने इस सीट पर सुभासपा के अनिल राजभर को उम्मीदवार बनाया है। वह सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के बेटे हैं। भाजपा सपा विधायक दारा सिंह चौहान को पार्टी में लेकर चुनाव हारने के बाद भी मंत्री बना चुकी है, ताकि चौहान (नोनिया) वोटों का फायदा हो सके। लेकिन बसपा उम्मीदवार भी नोनिया जाति से होने के कारण यह फायदा भाजपा को मिलता नहीं नजर आ रहा है। इसी तरह भाजपा को मिलने वाला भूमिहार वोट भी बंट रहा है, क्योंकि समाजावादी पार्टी के प्रत्याशी राजीव राय भूमिहार समुदाय से ही आते हैं। घोसी लोकसभा सीट पर अब तक 17 चुनाव हुए हैं। यहां 14 मौके पर राय, राजभर अथवा चौहान प्रत्याशी ही जीतते रहे हैं। यही वजह है कि सभी राजनीतिक दल इन्हीं जातियों पर भरोसा जताते रहे हैं। इस बार भी त्रिकोणीय मुकाबले में इन्हीं जातियों के बीच संघर्ष है। घोसी सीट पर भाजपा एक बार सिर्फ मोदी लहर में 2014 में यहां चुनाव जीत सकी है।

# जालंधर में बहुकोणीय मुकाबले में साख पर प्रतिष्ठा

चुनाव डेस्क

पंजाब की 13 लोकसभा सीटों पर चारों प्रमुख दलों आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल और भाजपा के बीच सियासी घमासान छिड़ा है। इसके चलते आधी से ज्यादा सीटों पर त्रिकोणात्मक और बाकी सीटों पर चतुष्कोणीय के साथ एक-दो स्थानों पर बहुकोणीय मुकाबले की तस्वीर देखने में नजर आ रही है। ऐसी ही एक सीट जालंधर की भी है, जहां आम आदमी पार्टी के सांसद सुशील रिंकू भाजपा से और शिरोमणि अकाली दल के पूर्व विधायक पवन टीनू भाजपा से चुनाव लड़ रहे हैं। इस सीट पर कांग्रेस से पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी तो शिरोमणि अकाली दल से वरिष्ठ नेता मोहिंदर सिंह केपी के साथ बसपा की चुनौती भी कमजोर नहीं आंकी जा रही है।



चरणजीत सिंह चन्नी।



सुशील रिंकू।

आप ने जालंधर सीट पर पूरी ताकत झोंक रखी है। पिछले साल उपचुनाव में पार्टी ने इस सीट को जीतकर लोकसभा में फिर से अपनी जगह बनाई थी। यहां से जीते सुशील रिंकू आम आदमी पार्टी के एकमात्र सांसद थे।

इस बार भी आप ने उनको टिकट दिया था, लेकिन टिकट की घोषणा होने के बाद रिंकू भाजपा में शामिल हो गए। रिंकू अब भाजपा प्रत्याशी के रूप में जालंधर से ताल ठोंक रहे हैं। यहां उनका मुकाबला कांग्रेस प्रत्याशी राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री चरणजीत सिंह चन्नी से हो रहा है। इस लड़ाई में आम आदमी पार्टी से उतरे अकाली दल के दो बार के विधायक पवन टीनू भी हैं, तो बसपा से बलविंदर कुमार मैदान में हैं।

बलविंदर कुमार की चुनौती को हल्के में इसलिए नहीं लिया जा रहा है, क्योंकि 2019 में भी उन्होंने बसपा से चुनाव लड़ा था और दो लाख से अधिक मत हासिल करके सबको चौंका दिया था। अकाली दल ने यहां से पूर्व सांसद मोहिंदर सिंह केपी पर दांव लगा रखा है। मजे की बात यह है कि मोहिंदर सिंह और कांग्रेस प्रत्याशी पूर्व सीएम चरणजीत चन्नी के बीच आपस में समधी का रिश्ता है। मोहिंदर सिंह की बेटी की शादी चन्नी के भतीजे के साथ हुई है। दोनों दलित नेता के रूप में पहचान रखते हैं और कई चुनाव जीत चुके हैं।

भाजपा प्रत्याशी रिंकू आप में शामिल होने से पहले कांग्रेस के टिकट पर जालंधर पश्चिमी से विधायक रहे चुके हैं। जानकार उन्हें मजबूत मान रहे हैं, लेकिन कांग्रेस और अकाली दल के अनुभवी प्रत्याशियों ने उनके लिए कड़ी टक्कर का मैदान तैयार कर दिया है। उधर आम आदमी पार्टी से उतरे पवन कुमार टीनू 2012 से 2022 तक आदमपुर सीट से शिअद के विधायक रहे हैं, अप्रैल 2024 में शिअद का दामन छोड़कर वह आप में शामिल हुए थे।



**मैच जीतेंगे** जादवपुर सीट से टीएमसी प्रत्याशी सयानी घोष के लिए सभा करने पहुंची सीएम ममता बनर्जी ने मंत्री अरूप विश्वास के साथ जनता की तरफ फुटबाल फेंकी।

### ओवैसी ने काराकाट में दिलचस्प बना दिया चुनावी मुकाबला

**चुनाव डेस्क।** काराकाट लोकसभा सीट पर 2019 में मिली हार का बदला लेने को आतुर रालोसपा चीफ उपेंद्र कुशवाहा इस बार त्रिकोणीय मुकाबले में फंसे हुए हैं। यहां से भाजपा नेता एवं फिल्म अभिनेता पवन सिंह ने भी उनकी मुश्किल बढ़ा रखी है। पवन यहां से निर्दलीय मैदान में हैं। ऐसे में भाजपा के कोर मतदाता भी असमंजस में हैं कि वे पवन के साथ जाएं या गठबंधन धर्म निभाते हुए उपेंद्र कुशवाहा को वोट दें। इन सबके बीच एआईएमआईएम चीफ असदुद्दीन ओवैसी के एक दांव ने यहां की लड़ाई को दिलचस्प बना दिया है। ओवैसी की पार्टी की उम्मीदवार प्रियंका चौधरी के पक्ष में अतिपिछड़ा और मुस्लिम समुदाय के मतदाताओं के जुटान ने पवन सिंह के साथ ही सीपीआईएमएल के उम्मीदवार राजाराम कुशवाहा को भी परेशान कर दिया है। ऐसे में उपेंद्र कुशवाहा को अपनी जीत आसान दिख रही है पर वे भाजपा के कोर मतदाताओं को समझाने की कोशिश में कितना सफल होते हैं या समय बताएगा। भाजपा के मतदाता उनके साथ जाएं इसके लिए पार्टी नेता भी रात दिन एक कर रहे हैं।

# मुख्तार अंसारी की मौत के बाद अब माफिया को मिलेगी चुनावी मात?

- भाजपा ने पिछली हार का बदला लेने के लिए अफजाल अंसारी के खिलाफ झोंक रखी है पूरी ताकत
- आज हाईकोर्ट का फैसला आने के बाद साफ होगी सपा से प्रत्याशिता की तस्वीर, बेटी भी मैदान में

गाजीपुर लोकसभा सीट

चुनाव डेस्क

**अमृत विचारः** माफिया डॉन की छवि वाले मुख्तार अंसारी की मौत के दो माह बाद गाजीपुर में पहली जून को लोकसभा चुनाव के लिए वोट डाले जाएंगे। मुख्तार अंसारी की बांदा जेल में 28 मार्च को मौत हो गई थी। सपा ने इस बार गाजीपुर लोकसभा सीट पर मुख्तार के बड़े भाई अफजाल अंसारी को चुनाव मैदान में उतार रखा है। वह 2019 में सपा के साथ हुए गठबंधन में बसपा से यहां से चुनाव जीते थे और फिलहाल गैंगस्टर एक्ट में चार साल की सजा सुनाए जाने के बाद हाईकोर्ट से सोमवार को आने वाले फैसले का इंतजार कर रहे हैं। पिता की प्रत्याशिता पर संकट होने की संभावना के मद्दे नजर उनकी बेटी नुसरत अंसारी कवर प्रत्याशी के रूप में निर्दलीय मैदान में हैं। भाजपा से यहां पारसनाथ राय ताल ठोंक रहे हैं। उन्हें इस सीट के पूर्व सांसद और लोकसभा क्षेत्र में खासा प्रबाव रखने वाले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा का करीबी माना जाता है। मनोज सिन्हा के चुनावों की जिम्मेदारी उठाने वाले पारसनाथ इलाके के भूगोल और मतदताओं के गणित से अच्छी तरह वाकिफ हैं। भाजपा और सपा के बीच सीधे संघर्ष के मैदान में बसपा तीसरा कोण बनाने की कोशिश में है, लेकिन उसके प्रत्याशी डॉ. उमेश कुमार सिंह की चुनौती बहुत मजबूत नहीं मानी जा रही है। भाजपा ने पिछले चुनाव की हार का बदला लेने और माफिया का वर्चस्व समाप्त करने के लिए गाजीपुर में पूरी ताकत झोंक रखी है। रविवार को यहां चुनावी सभा करने पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अफजाल अंसारी की प्रत्याशिता को लेकर सपा पर जमकर निशाना साधा। मोदी ने कहा कि सपा के 'शहजादे' ने कभी कहा था कि माफिया की 'इंट्री' पर रोक लगाएंगे लेकिन वह तो माफिया के ही चरणों में जाकर बैठ गए। सपा ने माफिया को पाला पोसा और टिकट दिया। सपा के राज में प्रदेश में माफिया लालबत्ती में घूमते थे, खुली जीप में कानून को चेतावनी देते थे। विरोधियों को खुलेआम गोलियों से भून दिया जाता था। दरइसल, अंसारी परिवार का गाजीपुर के साथ पड़ोस के बलिया, मऊ, और वाराणसी जिलें तक में प्रभाव माना जाता है।



### मनोज सिन्हा को 1.20 लाख वोटों से दी थी मात

- अफजाल अंसारी ने 2019 के चुनाव में भाजपा के मनोज सिन्हा को मात दी थी। अफजाल को पांच लाख 66 हजार 82 वोट और मनोज सिन्हा को चार लाख 46 हजार 690 वोट मिले थे। सुभासपा के रामजी को 33 हजार 877 और कांग्रेस के अजीत प्रताप कुशवाहा को 19 हजार 834 वोट मिले थे। इस बार सुभासपा भाजपा तो कांग्रेस सपा के साथ है।

### एक विधान सभा सीट पर सुभासपा बाकी में समाजवादी पार्टी का कब्जा

मुख्तार की मौत के बाद परिवार सहानुभूति वोट बटोरने की कोशिश में लगा है। गाजीपुर लोकसभा क्षेत्र में छह विधानसभा क्षेत्र जखनिया (सुरक्षित), सैदपुर (सुरक्षित), गाजीपुर सदर, जंगीपुर और जामनिया आते हैं। इनमें से जखनिया को छोड़कर बाकी सभी सीटों पर सपा का कब्जा है। जखनिया में सुभासपा के त्रिवेणी राम विधायक हैं। 2022 का विधानसभा चुनाव सपा और सुभासपा ने मिलकर लड़ा था। अब सुभासपा ने सपा से रिश्ता तोड़ लिया है, भाजपा के साथ एनडीए गठबंधन का हिस्सा है।

### बाप और बेटी प्रचार में एक दूसरे के लिए मांगते घूम रहे हैं वोट

गाजीपुर से सांसद अफजाल अंसारी सपा से तो उनकी बेटी नुसरत अंसारी निर्दलीय मैदान में हैं। अफजाल अंसारी को एमपी एमएलए स्पेशल कोर्ट ने 29 अप्रैल 2023 को गैंगस्टर एक्ट में दोषी करार देकर चार साल की सजा सुनाई थी। हालांकि बाद में उनकी सजा पर हाईकोर्ट ने रोक लगाते हुए जमानत दे दी थी। अब मामले में हाईकोर्ट में फैसला आना है। 27 मई को सुनवाई है। अगर फैसला हक में आता है तो अफजाल मैदान में होंगे अन्यथा नुसरत ही सपा-कांग्रेस के समर्थन से बतौर निर्दलीय उम्मीदवार मैदान में होंगी, क्योंकि सजायाफ्ता व्यक्ति चुनाव नहीं लड़ सकता है। चूंकि नामांकन प्रक्रिया पूरी हो गई है। ऐसे में अफजाल की उम्मीदवारी तो रद नहीं हो पाएगी लेकिन वे चुनाव जीत जाते हैं तो पद छोड़ना पड़ेगा। ऐसी स्थिति में अफजाल खुद के बजाय बेटी के लिए ही वोट मांगेंगे। इस परिस्थिति से सपा-कांग्रेस के मतदाता असमंजस में हैं, तो भाजपा और समर्थक वोटरों की निगाह भी हाईकोर्ट के निर्णय पर टिकी है। अभी तो अफजाल लोगों से खुद की जीत के लिए वोट मांग रहे हैं, साथ में बेटी नुसरत अंसारी का प्रचार भी चल रहा है। । यही काम उनकी बेटी भी कर रही हैं, ताकि राहत नहीं मिलने की स्थिति में बेटी का चुनाव निशान हर किसी को याद रहे और समर्थकों के वोट उसे मिल सकें।

# वर्क फ्रॉम होम के बारे में सुना है, वर्क फ्रॉम जेल के बारे में पहली बार सुना: राजनाथ

## चंडीगढ़ की चुनावी रैली में रक्षा मंत्री ने अरविंद केजरीवाल के काम पर कसा तंज

चंडीगढ़, एजेंसी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए रविवार को कहा कि उन्होंने वर्क फ्रॉम होम (घर से काम करने) के बारे में तो सुना है लेकिन वर्क फ्रॉम जेल (जेल से काम करने) के बारे में वह पहली बार सुन रहे हैं। फतेहगढ़ साहिब से भाजपा के उम्मीदवार गेजा राम वाल्मीकि के समर्थन में खन्ना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा-यहां आम आदमी पार्टी सत्तारूढ़ है। आपको इस बारे में ज्यादा बताने की जरूरत नहीं है कि वह किस तरह का काम कर रही है। सिंह ने कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल की गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए कहा-दिल्ली में भी 'आप' सरकार है, लेकिन आप नेता को शराब घोटाले को लेकर जेल में डाल दिया गया था। रक्षा मंत्री ने कहा कि अगर किसी भी नेता पर कोई आरोप लगता है तो उसमें तब तक के लिए अपने पद से इस्तीफा देने का नैतिक साहस होना चाहिए जब तक वह आरोपों से मुक्त न हो जाए।

### भाजपा सरकार के तहत लोगों के जीवन में कोई प्रगति नहीं हो रही: प्रियंका गांधी



**फतेहगढ़ साहिब/पटियाला।** कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा ने रविवार को भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए पूछा कि अगर देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही है तो लोगों के जीवन में प्रगति क्यों नहीं हो रही। फतेहगढ़ साहिब सीट से कांग्रेस उम्मीदवार अमर सिंह के समर्थन में पंजाब में अपनी पहली जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर सिर्फ सत्ता हासिल करने के लिए झूठ बोलने और जनता से खोखले वादे करने का आरोप लगाया। प्रियंका ने मोदी सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश में 70 करोड़ युवा बेरोजगार हैं और बेरोजगारी 45 साल में सबसे ज्यादा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के तहत सरकारी क्षेत्र में 30 लाख पद रिक्त हैं।

### केरल: रेस्तरां में खाना खाने के बाद करीब 70 लोग बीमार

**त्रिशूर (केरल)।** मध्य केरल के त्रिशूर जिले में एक दिन पहले एक रेस्तरां में खाना खाने वाले लगभग 70 लोगों को कथित तौर पर विषाक्त भोजन के चलते बीमार पड़ने पर विभिन्न अस्पतालों में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जिला स्वास्थ्य विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि मूननुपीडिका क्षेत्र में एक रेस्तरां में खाना खाने वाले 60 से 70 लोगों ने विभिन्न अस्पतालों में इलाज कराया।

अधिकारी ने कहा-उनमें से किसी की भी हालत गंभीर नहीं है। स्वास्थ्य अधिकारियों को संदेह है कि संबंधित लोग कुझिमंथी नामक व्यंजन के साथ दी जाने वाली मेयोनीज खाकर बीमार पड़े। कैपमंगलम थाने के एक अधिकारी ने कहा कि घटना के बाद अधिकारियों ने पूरे होटल को सील कर दिया है।



नई दिल्ली में पड़ रही भीषण गर्मी के दौरान एक आदमी कबूतरों और कौवों को खाना और पानी पिलाता हुआ। ● एजेंसी

### एक नजर

#### मप्र में शराब पीने से एसएएफ के दो जवानों की हुई मौत

**छिंदवाड़ा (मध्य प्रदेश)।** मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में शराब पीने के बाद राज्य पुलिस के विशेष सशस्त्र बल (एसएएफ) के दो जवानों की मौत हो गई। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि एसएएफ की आठवीं बटालियन के दानीराम उइके (55) और प्रेमलाल काकोड़िया (50) ने शनिवार रात शराब पी थी। गोल्हानी ने बताया कि दोनों को उल्टी होने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां उइके की तुरंत मौत हो गई और काकोडिया ने रविवार सुबह इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

#### जम्मू में मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतरा

**जम्मू।** रविवार को जम्मू के पास एक मालगाड़ी का डिब्बा पटरी से उतर गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि जब मालगाड़ी जम्मू से उधमपुर की ओर जा रही थी उस दौरान दोपहर करीब साढ़े तीन बजे जम्मू शहर के बाहरी इलाके मनवाल के पास संगर में यह दुर्घटना हुई। उन्होंने बताया कि इस दुर्घटना से रेल यातायात की सेवाओं में कोई बड़ा व्यवधान उत्पन्न नहीं हुआ। उन्होंने बताया कि प्रभावित ट्रैक को बहाल करने के लिए एक क्रेन भेजी गई।

## 22 लोगों का 16 लाख करोड़ कर्ज माफ हिमाचल को नहीं दिए 9,000 करोड़

शिमला, एजेंसी


● राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी पर लगाया आरोप



कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 10 साल में 22 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये कर्ज माफ कर दिया, लेकिन वह पिछले साल मॉनसून में बारिश के कारण आई आपदा से निपटने के लिए हिमाचल प्रदेश को 9,000 करोड़ रुपये नहीं दे सके।

गांधी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश की मदद करने के बजाय मोदी ने राज्य की चुनी हुई सरकार को चुराने का प्रयास किया। उन्होंने यह बयान ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री मोदी ने राज्य में बाढ़ से निपटने के लिए केंद्र द्वारा मुहैया कराई गई सहायता का कांग्रेस सरकार द्वारा अनुचित वितरण किए जाने का आरोप लगाया था और इसके खिलाफ कार्रवाई करने का वादा किया था। शिमला (सुरक्षित) संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस उम्मीदवार विनोद सुल्तानपुरी के समर्थन में हिमाचल प्रदेश में सिरमौर जिले के नाहन में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि मोदी ने सेब की कीमतों को नियंत्रित करने के लिए सभी भंडारण सुविधाओं को एक व्यक्ति को सौंप दिया। उन्होंने दावा किया कि जब भी नरेन्द्र मोदी शपथ लेते हैं, अडाणी के स्वामित्व वाली कंपनियों के शेयर की कीमतें अपने आप ही बढ़ जाती हैं।

### चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानें : शाह



**औरंगाबाद/भभुआ।** केंद्रीय गृह मंत्री और भाजपा नेता अमित शाह ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी प्रसाद यादव पर कटाक्ष करते हुए आज कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे। शाह ने रविवार को काराकाट लोकसभा क्षेत्र के तहत औरंगाबाद जिले के दाउदनगर में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) उम्मीदवार के पक्ष में आयोजित चुनावी सभा को संबोधित करते हुए श्री राहुल गांधी और तेजस्वी प्रसाद यादव पर जमकर तंज कसा और कहा कि चांदी के चम्मच के साथ पैदा होने वाले गरीबों का दुख दर्द क्या जानेंगे।

## विज्ञापनों पर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय लोकसभा चुनावों के दौरान भाजपा को चुनावी विज्ञापन जारी करने से रोकने संबंधी कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ पार्टी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। एकल पीठ ने 20 मई को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को चार जून तक आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने से रोक दिया था। इस फैसले के खिलाफ भाजपा ने खंडपीठ का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन खंडपीठ ने 22 मई को कहा था कि वह एकल पीठ के अंतरिम आदेश के खिलाफ अपील पर विचार करने की इच्छुक नहीं है।

## नमूने एकत्र और पीड़ितों की पहचान करना बना चुनौती

ठाणे, एजेंसी

**डोंबिवली कारखाना विस्फोट मामला**

महाराष्ट्र में डोंबिवली केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट के बाद पुलिस को मृतकों की सटीक संख्या का पता लगाने और उनकी पहचान सुनिश्चित करने के कठिन कार्य से जूझना पड़ रहा है क्योंकि कई शव इस कदर जल गए हैं कि उनकी पहचान करना मुमकिन नहीं है।

इस विस्फोट में 10 लोगों की जान चली गई जबकि 60 से अधिक लोग घायल हुए थे। एक पुलिस अधिकारी ने कहा कि अहम सबूत, जिसमें जले हुए अवशेष और शवों के हिस्से के नमूने शामिल हैं, सावधानी पूर्वक एकत्र करके फॉरेंसिक साइंस लैबोरेटरी में डीएनए जांच के लिए भेजे गए हैं ताकि उनके रिश्तेदारों से इसका मिलान किया जा सके। ठाणे जिले के डोंबिवली एमआईडीसी के फेज- 2 में स्थित अमुदान केमिकल्स में बॉयलर के फटने और इसके कारण लगी आग में 10 लोगों की मौत हो गई और 60 से अधिक लोग घायल हो गए थे।

## देश में 80,455 करोड़ रुपये के 10.46 लाख सड़क दुर्घटना दावे लंबित

नोएडा, एजेंसी

● आरटीआई अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से हुआ खुलासा

देश में सड़क दुर्घटनाओं से जुड़े 80,455 करोड़ रुपये के लगभग 10,46,163 दावे लंबित हैं और 2018-19 से 2022-23 के बीच इनकी संख्या में लगातार वृद्धि हुई। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत दायर आवेदन के माध्यम से यह जानकारी मिली है।

अप्रैल में उच्चतम न्यायालय के वकील के. सी. जैन के आवेदन के जवाब में भारतीय बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) ने यह विवरण प्रदान किया है। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से पूछे गए प्रश्न में जैन ने राज्य और जिलेवार विवरण



के साथ-साथ देश में लंबित मोटर दुर्घटना दावों की कुल संख्या बताने का अनुरोध किया था। उन्होंने पिछले पांच वर्षों के दौरान शुरू किए गए, निपटाए गए व शेष दावों का वार्षिक विवरण और मोटर दुर्घटना दावों के शीघ्र निपटान के लिए केंद्र द्वारा की गई पहल, यदि कोई हो, के बारे में पूछा था। आईआरडीएआई की जानकारी के मुताबिक वित्त वर्ष 2018-19 में 52,713 करोड़ रुपये के 9,09,166 दावे, 2019-20 में 61,051 करोड़ रुपये के 9,39,160 दावे, 2020-21 में 70,722 करोड़ रुपये के 10,08,332 दावे, 2021-22 में 74,718 करोड़ रुपये के 10,39,323 दावे, 2022-23 में 80,455 करोड़ रुपये के 10,46,163 दावे थे। क्षेत्रीय स्तर की जानकारी के बारे में आईआरडीएआई ने कहा, मोटर थर्ड पार्टी दावों का जिला-वार और राज्य-वार विवरण आईआरडीएआई के पास उपलब्ध नहीं है, क्योंकि आईआरडीएआई ऐसी विस्तृत जानकारी एकत्र या बरकरार नहीं रखता है।

## पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर केंद्र से कोई जवाब नहीं: जी परमेश्वर

बेंगलुरु, एजेंसी

● महिलाओं के यौन शोषण मामले में बोले कर्नाटक के गृहमंत्री

कर्नाटक के गृहमंत्री जी. परमेश्वर ने रविवार को कहा कि महिलाओं के यौन शोषण के आरोपों का सामना कर रहे हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना का राजनयिक पासपोर्ट रद करने के अनुरोध पर राज्य को केंद्र से अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर के उस कथित बयान पर निशाना साधते हुए जिसमें कहा गया था कि प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद करने का राज्य सरकार का अनुरोध 21 मई को ही प्राप्त हुआ था, परमेश्वर ने जानना चाहा कि मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को एक मई लिखे गए पत्र का क्या हुआ।

परमेश्वर ने कहा-जहां तक मुझे पता है, हमें अब तक (केंद्र से) कोई सूचना या पत्र नहीं मिला है। मैंने देखा है कि विदेश मंत्री ने मीडिया से कहा है कि वे कार्रवाई कर रहे हैं और एक दो दिनों में वे इसे (राजनयिक पासपोर्ट) रद्द कर देंगे, लेकिन हमें इस पर कोई लिखित सूचना नहीं मिली है। उन्होंने यहां पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री ने एक मई को प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर प्रज्ज्वल का राजनयिक पासपोर्ट रद्द करने की मांग की थी और उसके बाद आरोपों की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा गठित विशेष जांच दल ने भी केंद्र को इसी अनुरोध के साथ पत्र लिखा था।

# कारोबार/कृषि

### एक नजर

#### भारतपे, फोनपे ने पे पर लंबे समय से चल रहे विवादों को निपटाया

**नई दिल्ली।** वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनियों... भारतपे ग्रुप और फोनपे समूह ने प्रत्यय 'पे' के साथ ट्रेडमार्क के उपयोग से संबंधित लंबे समय से चले आ रहे सभी कानूनी विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया है। दोनों कंपनियों ने संयुक्त बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, भारतपे और फोनपे पिछले पांच वर्षों के दौरान कई अदालतों में लंबे समय से चले आ रहे कानूनी विवादों में रही हैं। यह समझौता सभी खुली न्यायिक कार्यवाही को समाप्त कर देगा। बयान में कहा गया कि भारतपे और फोनपे ने लंबे समय से चले आ रहे सभी ट्रेडमार्क विवादों को सौहार्दपूर्ण ढंग से सुलझा लिया। बयान के अनुसार, अगले कदम के रूप में पार्टियों ने ट्रेडमार्क रजिस्ट्री में एक-दूसरे के खिलाफ सभी विरोधों को वापस लेने के लिए पहले ही कदम उठा लिया है, जिससे उन्हें अपने संबंधित ट्रेडमार्क के पंजीकरण के साथ बढ़ने में मदद मिलेगी।

#### गड़बड़ी से स्पाइसजेट का विमान वापस लौटा

**नई दिल्ली।** लेह जा रहा स्पाइसजेट का एक विमान रविवार सुबह कुछ गड़बड़ी की वजह से दिल्ली वापस लौट आया। एक सूत्र ने यह जानकारी दी। सूत्र ने बताया कि करीब 135 लोगों को लेकर लेह जा रहा यह विमान दिल्ली हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतर गया। हवाई अड्डे पर पूर्ण आपातकालीन स्थिति घोषित कर दी गई। यह उड़ान एसजी 123 10:30 बजे रवाना हुई थी और करीब 11 बजे वापस लौट आई। सूत्र ने कहा कि इंजन में कंपन के कारण विमान वापस लौटा। उड़ान निगरानी वेबसाइट फ्लाइटरडार-24 पर उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बोइंग 737-7 विमान उड़ान भरने के कुछ समय बाद राजधानी लौट आया।

## चौथी तिमाही में 6.1-6.7% रहेगी आर्थिक वृद्धि दर

### विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने जताई उम्मीद, 31 को जारी होगा वृद्धि दर का अनुमान

नई दिल्ली, एजेंसी

बीते वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी (जनवरी-मार्च) तिमाही में भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर 6.1 से 6.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। यह इससे पिछली तिमाहियों में दर्ज आठ प्रतिशत की वृद्धि दर से कम है। विभिन्न अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान लगाया है। सरकार चौथी तिमाही के जीडीपी आंकड़े और पूरे वित्त वर्ष के लिए अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर का अनुमान 31 मई को जारी करेगी।

अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में वृद्धि दर 7.6-7.8 प्रतिशत के बीच रहने का अनुमान है। भारतीय अर्थव्यवस्था 2023-24 की जून तिमाही में 8.2 प्रतिशत, सितंबर तिमाही में 8.1 प्रतिशत और दिसंबर तिमाही में 8.4 प्रतिशत की दर से बढ़ी है। कोटक महिंद्रा बैंक की मुख्य अर्थशास्त्री उपासना भारद्वाज ने कहा कि मुख्य आंकड़े व्यापक रूप से मजबूत वृद्धि का संकेत देते हैं। उन्होंने कहा-विनिर्माण गतिविधियां भी अच्छी रही हैं, और निर्माण से जुड़े और निवेश क्षेत्रों का प्रदर्शन भी बेहतर रहना चाहिए। हालांकि, कृषि क्षेत्र की वृद्धि धीमी पड़ सकती है। हमारा अनुमान है कि चौथी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहेगी और पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.6 प्रतिशत के करीब रहेगा। 31 मई, 2023 को जारी अनुमान के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 की मार्च तिमाही में भारत की आर्थिक वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रही थी। पूरे वित्त वर्ष 2022-23 के लिए यह आंकड़ा सात प्रतिशत था। भारद्वाज ने कहा-हम सेवा क्षेत्र और औद्योगिक क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों में कुछ नरमी देख रहे हैं। यही कारण है कि चौथी तिमाही में सकल मूल्य वर्धन (जीवीए) 5.7 प्रतिशत और जीडीपी वृद्धि दर 6.1 प्रतिशत रहने की उम्मीद है। जीडीपी एक निश्चित अवधि में उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का कुल मूल्य होता है।

### घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान जता रहे सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान




ईवाई इंडिया के मुख्य नीति सलाहकार डी के श्रीवास्तव ने कहा कि घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय संस्थान दोनों 2024-25 में भारत के लिए सात प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान जता रहे हैं। श्रीवास्तव ने कहा-बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में जीडीपी की वृद्धि दर संभवतः 6.5 प्रतिशत से अधिक रहेगी। ऐसे में पूरे वित्त वर्ष के लिए यह आंकड़ा 7.8 प्रतिशत रहेगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) का अनुमान भी यही है। एक अन्य रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च का अनुमान है कि 2023-24 की चौथी तिमाही में देश की आर्थिक वृद्धि दर 6.2 प्रतिशत रहेगी। घरेलू रेटिंग एजेंसी इक्रा ने मंगलवार को कहा था कि बीते वित्त वर्ष की चौथी तिमाही में भारत की जीडीपी की वृद्धि दर चार तिमाहियों के निचले स्तर 6.7 प्रतिशत पर आ जाएगी।

## वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे एजेंट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**नई व्यवस्था**

● प्रदेश में खरीफ से होगी शुरुआत एआईडीई एप से होगा बीमा

● कंपनियां बनाएंगी ब्लॉकों पर एजेंट, किसानों को मिलेगी सुविधा

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसलों का बीमा गांव-गांव जाकर एजेंट करेंगे। नई व्यवस्था के तहत बीमा कंपनियां ब्लॉकों पर अपने एजेंट बनाएंगी। जो गैरऋणी किसानों से संपर्क कर एडवांस्ड इंट्रूजन डिटेक्शन एनवायरनमेंट (एआईडीई) एप पर वाहनों की तरह फसलों का बीमा करेंगे। एजेंटों को 30 से 32 रुपये कमीशन कंपनियां देंगी।

केंद्र सरकार ने 2023 में एआईडीई एप लांच किया था और शुरुआत मध्य प्रदेश व राजस्थान ने की थी लेकिन, पूरी तरह से एप का संचालन नहीं हो पाया था। नतीजा पुरानी व्यवस्था के तहत फसलें बीमित हुईं। लेकिन, इस वर्ष केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में एजेंट बनाकर बीमा कराने पर



जोर दिया है। इससे की ज्यादा से ज्यादा फसलें बीमित की जा सके। उत्तर प्रदेश में इस खरीफ सीजन में यह प्रक्रिया शुरू होगी। इसके लिए केंद्र ने अनुबंधित कंपनियों के प्रतिनिधियों को वर्चअुल प्रशिक्षण दिया है।

**कॉमन सर्विस सेंटर लेते ज्यादा शुल्क:** गैरऋणी किसान यानी जो किसान क्रेडिट कार्ड धारक नहीं है वह कॉमन सर्विस सेंटर से सीधे फसलों का बीमा कराते हैं। इसमें किसानों को भागदौड़ करना होता है। कभी पोर्टल नहीं चला तो कहीं ओटीपी की समस्या भी झेलते हैं। बीमा करने पर संचालक सुविधा शुल्क लेते हैं। जबकि प्रक्रिया निशुल्क है और बीमा कंपनी पॉलिसी होने पर खुद शुल्क अदा करती है। हालांकि सेंटरों पर पहले की तरह बीमा किए जाएंगे। इसके अलावा किसान क्रेडिट कार्ड धारकों की फसलों का बीमा बैंकें ही करेंगी।

> खरीफ में एजेंटों के माध्यम से फसलों का बीमा कंपनियां करेंगी। जबकि पुरानी प्रक्रिया भी चलेगी। किसान सुविधानुसार बीमा करा सकते हैं। कॉमन सर्विस सेंटरों पर सुविधा शुल्क लेने पर कार्रवाई करेंगे।
>
> **-उमा शंकर सिंह,** उपनिदेशक फसल बीमा एवं सांख्यिकी, कृषि निदेशालय।

## आरबीआई को संभवतः हुआ है तीन लाख करोड़ का लाभ : सुभाष चंद्र गर्ग

नई दिल्ली, एजेंसी

● पूर्व वित्त सचिव बोले-सरकार को रिकॉर्ड लाभांश देने का है कारण



पूर्व वित्त सचिव सुभाष चंद्र गर्ग ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) का सरकार को रिकॉर्ड 2.11 लाख करोड़ करोड़ रुपये का लाभांश देने का कारण संभवतः अधिक लाभ का होना है। हालांकि, इसका अर्थव्यवस्था पर प्रभाव इस बात पर निर्भर करता है कि सरकार इसका उपयोग किस सीमा तक उधारी कम करने या व्यय बढ़ाने के लिए करती है।

उल्लेखनीय है कि आरबीआई के केंद्रीय निदेशक मंडल की पिछले सप्ताह 608वीं बैठक में वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को मंजूरी दी है। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा। यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है। अंतरिम बजट में सरकार ने आरबीआई और सार्वजनिक क्षेत्र के वित्तीय संस्थानों से कुल 1.02 लाख करोड़ रुपये की लाभांश आय का अनुमान जताया था। केंद्रीय बैंक ने वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये का लाभांश सरकार को दिया था। गर्ग ने कहा-आरबीआई के अत्यधिक लाभांश का सबसे स्पष्ट कारण बड़ा मुनाफा हो सकता है। हालांकि, अभी आरबीआई की बैलेंस शीट प्रकाशित नहीं हुई है, लेकिन इसके लगभग तीन लाख करोड़ रुपये होने का अनुमान है।

### एफपीआई ने अब तक शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये निकाले

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के नतीजों को लेकर अनिश्चितता और बाजारों के बेहतर प्रदर्शन के कारण विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अब तक भारतीय शेयरों से 22,000 करोड़ रुपये की भारी निकासी की है। इससे पहले मॉरीशस के साथ भारत की कर संधि में बदलाव और अमेरिका में बॉन्ड प्रतिफल में निरंतर वृद्धि को लेकर चिंता के बीच एफपीआई ने अप्रैल में शेयरों से 8,700 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की थी। वहीं एफपीआई ने मार्च में शेयरों में 35,098 करोड़ और फरवरी में 1,539 करोड़ का निवेश किया था।

## भारत के शीर्ष 10 साझेदारों में से नौ के साथ हुआ व्यापार घाटा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत को वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान चीन, रूस, सिंगापुर और दक्षिण कोरिया समेत शीर्ष 10 व्यापारिक साझेदारों में नौ के साथ व्यापार घाटे का सामना करना पड़ा है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई है।

व्यापार घाटा, आयात और निर्यात के बीच का अंतर है। आंकड़ों से यह भी पता चलता है कि बीते वित्त वर्ष में 2022-23 की तुलना में चीन, रूस, दक्षिण कोरिया और हांगकांग के साथ घाटा बढ़ गया। दूसरी ओर संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, रूस, इंडोनेशिया और इराक के साथ व्यापार घाटे में कमी हुई। वित्त वर्ष 2023-24 में चीन के साथ व्यापार घाटा बढ़कर 85 अरब डॉलर, रूस के साथ 57.2 अरब डॉलर, दक्षिण कोरिया के साथ 14.71 अरब डॉलर और हांगकांग के साथ 12.2 अरब डॉलर हो गया। चीन के साथ दोतरफा व्यापार 2023-24 में 118.4 अरब डॉलर रहा, और वह अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार बन गया। भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2023-24 में 118.28 अरब डॉलर रहा।

### नियुक्ति में विफल रहने पर आईओसी, गेल व ओएनजीसी पर जुर्माना

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल, ओएनजीसी और गेल (इंडिया) लिमिटेड सहित सार्वजनिक क्षेत्र की कई तेल एवं गैस कंपनियों पर सूचीबद्धता अनिवार्यता को पूरा करने के लिए निदेशक मंडल में जरूरी संख्या में निदेशकों की नियुक्ति में विफल रहने को लेकर 34 लाख का जुर्माना लगाया गया है। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी), हिंदुस्तान पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचपीसीएल), भारत पे. कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल), ऑयल एंड नैचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी), ऑयल इंडिया लि. आदि पर जुर्माना लगाया है।

पुणे कार हादसा

# निंदा के लिए दुर्घटनास्थल पर 100 लोगों ने लिखा निबंध

पुणे, एजेंसी

● निबंध प्रतियोगिता का विषय था मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव



पुणे में कांग्रेस की युवा शाखा ने विरोध प्रकट करने और हादसे की निंदा के लिए रविवार को उस स्थान पर एक निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जहां 19 मई को पोर्श कार दुर्घटना में दो इंजीनियरों की मौत हो गई थी।

निबंध प्रतियोगिता में लगभग 100 लोगों ने भाग लिया, जिनमें अधिकतर युवा थे। उन्हें मेरी पसंदीदा कार, यदि मेरे पिता एक बिल्डर हों और शराब के दुष्प्रभाव जैसे विषय पर निबंध लिखने को कहा गया। प्रतियोगिता में विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक रवींद्र धांगेकर ने भी भाग लिया। इस दौरान बड़ी संख्या में पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। यह प्रतियोगिता कल्याणी नगर इलाके में दुर्घटना स्थल पर आयोजित की गई। इस कार को कथित तौर पर एक नाबालिग चला रहा था। पुलिस का दावा है कि जब यह हादसा हुआ उस समय किशोर शराब के नशे में था। किशोर को शुरू में किशोर न्याय बोर्ड ने जमानत दे दी थी और उसे सड़क दुर्घटनाओं पर एक निबंध लिखने के लिए भी कहा था।

## पाक में आतंकवादियों ने बस जलायी, यात्रियों को किया प्रताड़ित

**पेशावर।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में तहरीक-ए तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकवादियों ने एक बस को जला दिया और उसके यात्रियों को प्रताड़ित किया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी।

यह घटना शनिवार को उस समय हुई जब द्राजिंदा से डेरा इस्माइल खान जा रही बस को दराबान तहसील में टीटीपी आतंकवादियों ने रोक लिया और यात्रियों को जबरन उतार दिया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा घटना के दौरान टीटीपी आतंकवादियों ने यात्रियों को उतारने के बाद बस को जला दिया। उन्होंने सबसे पहले यात्रियों को प्रताड़ित किया और बाद में सरकार का समर्थन करने की वजह से उन्हें धमकी दी। बाद में भागने से पहले आतंकियों ने बस को जला दिया। हालात पर काबू पाने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस घटनास्थल पर पहुंची।

# सस्ते में मिले कार पॉलिसी तो सावधान इंश्योरेंस लेने से पहले चेक करें ये चीजें



एक मिडिल क्लास व्यक्ति के लिए कार खरीदना एक बड़ी उपलब्धि है। जब भी हम कोई कार खरीदते हैं तो अगला कदम उसका इंश्योरेंस करवाना होता है। इंश्योरेंस आपको कार के क्षतिग्रस्त होने, चोरी होने, एक्सीडेंट होने या किसी अन्य तरह के नुकसान पर आर्थिक सुरक्षा देता है। इंश्योरेंस सेक्टर इन दिनों बूम पर है। इसमें कई छोटी और मंझोली कंपनियों ने भी इंवेस्ट किया है। इस भीड़ का फायदा उठाकर कुछ सेल (खरीदने-बेचने वाली) कंपनियां भी इस सेक्टर में घुस गई हैं। यही वजह है कि इंश्योरेंस स्कैम का खतरा भी काफी बढ़ गया है। कार इंश्योरेंस स्कैम के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। हर साल सैकड़ों की संख्या में लोग इस स्कैम का शिकार हो रहे हैं। लोग सस्ता इंश्योरेंस लेने के चक्कर में इन स्कैमर्स के जाल में फंस जाते हैं। जब उस इंश्योरेंस के जरिए गाड़ी ठीक कराने की बारी आती है, तब पता चलता है कि उनके साथ फ्रॉड हो गया है। लोग कार खरीदते समय मॉडल से लेकर कलर तक खूब जांच-पड़ताल करते हैं, लेकिन कार इंश्योरेंस पर इतना ध्यान नहीं देते क्योंकि ज्यादातर लोगों लगता है कि वाहन का इंश्योरेंस एक अनावश्यक खर्च है।

### इस तरह चैक करें इंश्योरेंस असली है या नकली

ज्यादातर कार इंश्योरेंस स्कैम ऑनलाइन किए जाते हैं, जिसमें लोगों को हैवी डिस्काउंट का लालच दिया जाता है। लोगों को लगता है कि शॉपिंग वेबसाइट्स की तरह यहां भी कोई डिस्काउंट सेल चल रही है। ध्यान रहे कि सही इंश्योरेंस कंपनी द्वारा ऑनलाइन या ऑफलाइन ऑफर वाली प्रीमियम प्राइसिंग में कोई अंतर नहीं आता है। ऑनलाइन बस आप यह आसानी से देख सकते हैं कि आपको यह पर्टिकुलर सर्विस चाहिए या नहीं। इसलिए प्राइसिंग में अंतर होने पर सतर्क हो जाएं।

### इस तरह बचें स्कैम से, बरतें यह सावधानियां

बीमा कंपनी और एजेंट के बारे में रिसर्च जरूर करें। इंश्योरेंस से जुड़ी सभी शर्तों को बहुत ध्यान से पढ़ें। इसके अलावा पॉलिसी से जुड़ी जानकारी को कंपनी की वेबसाइट पर ऑनलाइन जरूर चेक करें। बीमा कंपनी द्वारा दी जा रही कार पॉलिसी का नंबर जरूर चेक करें। जिस कंपनी से आप बीमा करा रहे हैं, उस नाम की कोई कंपनी है या नहीं, यह जानने के लिए इंश्योरेंस रेगुलेटरी एंड डेवलपमेंट अथॉरिटी ऑफ इंडिया (आईआरडीएआई) के पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन चेक जरूर करें। हर बीमा कंपनी को एक यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर दिया जाता है। यह नंबर इंश्योरेंस पॉलिसी में भी रहता है। अगर आपकी इंश्योरेंस पॉलिसी में यूआईडी नंबर नहीं है तो पॉलिसी नकली है।

### कार इंश्योरेंस स्कैम क्या है

कार इंश्योरेंस स्कैम फर्जी बीमा कंपनियों, धोखाधड़ी करने वाले एजेंट या बिचौलियों के द्वारा किया जाता है। स्कैमर मार्केट रेट से काफी कम रूपये में कार का इंश्योरेंस करने का लालच देते हैं। इसलिए लोग आसानी से उनके झांसे में आ जाते हैं और इंश्योरेंस करवा लेते हैं। इस स्कैम को इतनी सफाई से अंजाम दिया जाता है कि धोखाधड़ी का शिकार लोगों को इसकी भनक तक नहीं लगती। वे लगातार अपने इंश्योरेंस की सालाना किस्त भरते रहते हैं। धोखे का पता तब चलता है, जब कभी गाड़ी चोरी हो जाए या एक्सीडेंट हो जाए और मुआवजा लेने की नौबत आए।

### कार इंश्योरेंस के प्रकार

कार इंश्योरेंस मुख्य रूप से तीन तरह के होते हैं। थर्ड पार्टी इंश्योरेंस- मोटर व्हीकल एक्ट ऑफ इंडिया, 1988 के मुताबिक सभी वाहनों के लिए थर्ड पार्टी इंश्योरेंस लेना अनिवार्य है। यानी अगर आपकी कार से किसी को कोई चोट या नुकसान पहुंचता है तो इंश्योरेंस कंपनी उसके लिए मुआवजे का भुगतान करेगी। ऑन डैमेज इंश्योरेंस- इसमें सड़क दुर्घटना होने पर वाहन को होने वाले नुकसान को कवर किया जाता है। यह इंश्योरेंस शारीरिक चोट या मृत्यु के लिए भी कवरेज देता है। कॉम्प्रेहेंसिव इंश्योरेंस- इस पॉलिसी में हादसा होने, वाहन चोरी होने और प्राकृतिक आपदा होने पर भी क्लेम मिलता है।

## एक नजर

### वानुआतू में भूकंप के तेज झटके, कोई हताहत नहीं

**मेलबर्न।** दक्षिण प्रशांत द्वीप देश वानुआतू में रविवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए लेकिन इससे सुनामी का कोई खतरा नहीं है। भूकंप से किसी प्रकार की क्षति होने की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण विभाग के अनुसार, भूकंप के झटके स्थानीय समयानुसार सुबह 9:23 बजे महसूस किए गए और इसकी प्रारंभिक तीव्रता 6.3 थी। भूकंप का केंद्र राजधानी पोर्ट विला से 83 किलोमीटर उत्तर पश्चिम में 29 किलोमीटर की गहराई पर था।

### फिलीपींस में संदिग्ध आतंकी को मार गिराया

**मनीला।** फिलीपींस की सेना ने दक्षिणी फिलीपींस के मागुइंदानाओ डेल सुर प्रांत में मुठभेड़ में एक संदिग्ध आतंकवादी को मार गिराया है। सेना ने कहा कि कथित बंगसामोरो इस्लामिक फ्रीडम फाइटर्स आतंकवादी को ग्रामीणों की ओर से इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में मिली। सूचना के बाद दातु सालिबो शहर के गांव में पांच मिनट की मुठभेड़ के बाद शनिवार सुबह मार दिया गया। रिपोर्ट में कहा गया है कि सैनिकों ने मुठभेड़ वाली जगह से 45 कैलिबर की पिस्तौल और विस्फोटक जब्त किए।

### ब्रिटेन में विमान दुर्घटना आरएएफ पायलट की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के लिंकनशायर में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) बेस के पास स्पिटफायर के दुर्घटनाग्रस्त होने से आरएएफ के एक पायलट की मौत हो गयी। आरएएफ के एक प्रवक्ता ने शनिवार को यह जानकारी दी। ब्रिटिश मीडिया ने बताया कि विमान अंतरराष्ट्रीय समय के मुताबिक 12.20 बजे से कुछ समय पहले दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटनाग्रस्त स्पिटफ़ायर ब्रिटेन के युद्ध स्मारक कार्यक्रम में भाग ले रहा था।

### जम्मू-कश्मीर के रियासी में पुलिस कांस्टेबल बर्खास्त

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में मादक पदार्थ की तस्करी के मामले में उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। पिछले साल उसके खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने कहा कि अनधिकृत रूप से लंबे समय तक बिना बताए अनुपस्थिति रहने और मादक पदार्थों की तस्करी में कथित संलिप्तता के आरोप में यहां के एसएसपी ने कांस्टेबल तारिक हुसैन शाह को बर्खास्त किया है।

### पूर्वी चीन में मकान ढहने से दो की मौत, एक घायल

**बीजिंग।** पूर्वी चीन के झेजियांग प्रांत में एक घर के आंशिक रूप से ढहने से दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया, जिसका इलाज चल रहा है। स्थानीय अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। वेनचेंग काउंटी सरकार के सूचना कार्यालय के अनुसार दुर्घटना शनिवार को शाम करीब 7:20 बजे हुई और इस हादसे में तीन लोग मलबे में दब गए। बचावकर्मी लगभग 20 मिनट बाद उनमें से एक को बाहर निकालने में कामयाब रहे, जिसे जल्द ही अस्पताल ले जाया गया।

### सूडान में संघर्ष में 100 से अधिक लोगों की मौत

**काहिरा।** सूडान के पश्चिम में स्थित दारफुर क्षेत्र में सेना और एक विद्रोही अर्धसैनिक बल के बीच पिछले दो सप्ताह से जारी संघर्ष में कम से कम 123 लोग मारे गए हैं। एक अंतरराष्ट्रीय सहायता समूह ने रविवार को यह जानकारी दी। डॉक्टर्स विदआउट बॉर्डर्स ने कहा कि अल-फसर शहर में हुए इस संघर्ष के दौरान 930 से अधिक लोग घायल हुए हैं। समूह ने कहा कि यह संख्या संघर्ष की भयावहता को दर्शाती है।

# इजराइल में नेतन्याहू का विरोध

## प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प, गाजा में बंधक बनाए गए लोगों की वापसी की मांग

यरूशलम, एजेंसी

गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइल के लोगों को वापस लाने की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ तेल अवीव में प्रदर्शन कर रहे लोगों और इजराइली पुलिस के बीच झड़प हुई। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने नेतन्याहू के इस्तीफे की मांग की। प्रदर्शनकारी हमास द्वारा बंधक बनाए गए इजराइलियों को छुड़ाने की मांग कर रहे थे। हमास ने इजराइल पर पिछले साल सात अक्टूबर को हमला कर 1,200 लोगों की हत्या की थी और 250 को बंधक बना लिया था।

प्रदर्शनकारियों ने अब भी बंधक बनाकर रखे गए दर्जनों लोगों को वापस लाने के लिए सरकार से कोई समझौता करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के इस्तीफे और चुनाव कराए जाने की भी मांग की। सभी बंधकों की वापसी के लिए महिला विरोध प्रदर्शन समूह की सदस्य हिलिट सागी ने कहा सरकार द्वारा बंधकों को अपने हाल पर छोड़ दिए जाने के बाद हम चुप नहीं बैठ सकते। इजराइल के हमले के कारण गाजा मानवीय संकट से जूझ रहा है और वहां सहायता सामग्री पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। इजराइल ने कहा कि सहायता सामग्री उत्तरी गाजा और अमेरिका द्वारा निर्मित पोतघाट के माध्यम से फलस्तीनी क्षेत्र में पहुंचाई जा रही है।



तेल अवीव में प्रदर्शन करते लोग।

### सैन्य नौका समुद्र में बही

इस बीच एक छोटी अमेरिकी सैन्य नौका और संभवतः डॉक क्षेत्र की एक पट्टी दक्षिणी इजराइली शहर अशदोद के पास एक समुद्र तट पर बह गई। यूएस सेंट्रल कमांड ने कहा कि मानवीय सहायता मिशन में शामिल उसके चार पोत अशांत समुद्र के कारण प्रभावित हुए थे, जिनमें से दो गाजा तट पर घाट के पास और दो अन्य इजराइल में थे। सेंट्रल कमांड के अनुसार, अमेरिकी अधिकारियों ने कहा कि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है और अमेरिका पोतों को बरामद करने के लिए इजराइली सेना के साथ मिलकर काम कर रहा है।

### गाजा से हमास ने फिर दागे रॉकेट, तेल अवीव में बजे सायरन

**गाजा पट्टी।** हमास ने पिछले कुछ महीनों में पहली बार रविवार को गाजा से रॉकेट दागे जिसके बाद इजराइल के तेल अवीव में हमले के सायरन बज उठे। जनवरी के बाद गाजा से किए गए पहले लंबी दूरी के रॉकेट हमले में किसी के हताहत होने या क्षति की तत्काल कोई सूचना नहीं है। फिलिस्तीनी चरमपंथियों ने तब से गाजा सीमा के पास समुदायों को निशाना बनाकर छिटपुट तरीके से रॉकेट और मोर्टार दागना जारी रखा है। हमले का दावा हमास की सैन्य शाखा ने किया। इजराइली सेना ने कहा कि दक्षिणी गाजा शहर रफह के क्षेत्र से दागे गए आठ रॉकेट इजराइल में गिरे। उसने कहा गया कि कई रॉकेट को बीच में ही रोक दिया गया। इससे पहले रविवार को राहत सहायता के साथ ट्रकों ने दक्षिणी इजराइल से गाजा में प्रवेश किया, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या मानवीय सहायता समूह इलाके में जारी लड़ाई के कारण सहायता पहुंचा सकेंगे। मिस्र ने रफह क्रॉसिंग के अपनी ओर के हिस्से को फिर से खोलने से इनकार कर दिया है, जब तक कि गाजा की ओर के हिस्से का नियंत्रण फिलिस्तीनियों को वापस नहीं सौंप दिया जाता। हमास ने उत्तरी गाजा में लड़ाई के दौरान एक इजराइली सैनिक को पकड़ने का दावा किया और शनिवार देर रात एक वीडियो जारी किया जिसमें एक घायल व्यक्ति को सुरंग के माध्यम से घसीटते हुए दिखाया गया है।

## 1.75 लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी पर मामला दर्ज

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे जिले के 33 वर्षीय व्यक्ति से एक जालसाज ने कथित तौर पर 1.75 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। अंबरनाथ पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि व्यक्ति की शिकायत के आधार पर शनिवार को संबंधित प्रावधानों के तहत एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

पीड़ित को 21 मई को एक व्यक्ति का फोन आया जिसने उसे सूचित किया कि जो पार्सल उसने ईरान भेजा था उसे सीमा शुल्क अधिकारियों ने जब्त कर लिया है क्योंकि इसमें लैपटॉप, पेन ड्राइव, कपड़े और चार ईरानी पासपोर्ट के अलावा मादक पदार्थ भी था। पुलिस ने शिकायत के हवाले से बताया कि फोन करने वाले ने उस व्यक्ति को यह भी बताया कि इसके लिए 96,000 रुपये का भुगतान पहले ही किया जा चुका है और पार्सल कुरियर कंपनी को वापस कर दिया गया है।

जब उस व्यक्ति ने कॉल करने वाले को बताया कि उसने ऐसा कोई पार्सल नहीं भेजा है तो उसने उसे मुंबई साइबर पुलिस से संपर्क करने और अपनी आईडी के दुरुपयोग की शिकायत दर्ज करने के लिए कहा। फोन करने वाले ने उस व्यक्ति से यह भी कहा कि अगर वह उनके पास आने में देर करेगा तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

# रूस का खार्किव पर हवाई हमला, 14 लोगों की मौत

कीव, एजेंसी

● यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर आक्रमण तेज कर सकता है रूस: जेलेंस्की

● खार्किव में हुए हमले में 43 लोग घायल, 16 लापता



रूसी सेना के खार्किव में एक बड़े निर्माण आपूर्ति स्टोर पर हवाई हमला किया। हमले में 14 लोगों की मौत हो गई। खार्किव के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि शनिवार दोपहर को खार्किव हमले में 43 लोग घायल भी हुए और 16 लापता हैं। जेलेंस्की ने खार्किव से एक वीडियो जारी कर कहा कि यूक्रेन की उत्तरी सीमा पर रूस अपना आक्रमण तेज करने की तैयारी कर रहा है। रूस हमारी सीमा के पास सैनिकों का एक और समूह इकट्ठा कर रहा है। उन्होंने यह नहीं बताया कि सैनिकों को कहां इकट्ठा किया जा रहा है, लेकिन यूक्रेन के अधिकारियों ने सुमी क्षेत्र के बारे में कड़ी चिंता व्यक्त की है।

खार्किव शहर और लगभग 250,000 आबादी वाला सुमी, दोनों रूसी सीमा से लगभग 25 किलोमीटर की दूरी पर स्थित हैं। मॉस्को की सेना ने हाल के सप्ताहों में एक व्यापक अभियान के तहत खार्किव क्षेत्र के गांवों पर कब्जा कर लिया है। 10 मई को आक्रमण शुरू होने के बाद से क्षेत्र से 11,000 से अधिक लोगों को निकाला है। यूक्रेन के जनरल स्टाफ के अनुसार, रूसी सेनाएं अग्रिम मोर्चे पर आक्रामक हमले कर रही हैं, जिसमें दोनेत्स्क क्षेत्र की चासिव यार दिशा में भीषण लड़ाई हो रही है।

### 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे

यूक्रेनी अधिकारियों ने कहा कि वायु रक्षा इकाइयों ने मायकोलाइव, ओडेसा, निप्रॉपेट्रोस, पोल्टावा, जापोरिजिया, खमेलनित्सकी, किरोवोह्रद, विनित्सिया और चेर्निहाइव क्षेत्रों में रूस द्वारा दागे गए 31 ड्रोन और 12 क्रूज मिसाइलों को रोक दिया। यूक्रेन की वायुसेना के एक बयान के अनुसार, कुल मिलाकर रूस ने 14 मिसाइल और तीन दर्जन से अधिक ड्रोन दागे। यह स्पष्ट नहीं है कि जो मिसाइल और ड्रोन मार गिराये गए, उनसे कितना नुकसान हुआ होगा।

## अफगानिस्तान में अचानक आई बाढ़ से 15 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

● बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ

अफगानिस्तान के उत्तर-पूर्व क्षेत्र में भारी बारिश के कारण अचानक आई बाढ़ से एक ही परिवार के 10 सदस्यों समेत कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई।

असामान्य रूप से भारी मौसमी बारिश देश के कई हिस्सों में कहर बरपा रही है। शनिवार रात आई बाढ़ के कारण उत्तर-पूर्व स्थित बदख्शां और उत्तरी बगलान प्रांत प्रभावित हुए हैं। इस महीने की शुरुआत में भारी बारिश के कारण बगलान प्रांत में जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। बदख्शां में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन विभाग के निदेशक मोहम्मद अकरम अकबरी ने कहा कि प्रांत की राजधानी फैजाबाद में बाढ़ की चपेट में आकर एक दंपति और उनके आठ बच्चों की मौत हो गई।

बगलान प्रांत में प्राकृतिक आपदा प्रबंधन के प्रांतीय निदेशक इदायतुल्ला हमदर्द ने कहा कि बाढ़ के कारण दोशी जिले में कम से कम 40 घर क्षतिग्रस्त हो गए और कई लोग मारे गए हैं। हालांकि, उन्होंने मृतकों की संख्या के संबंध में अधिक विवरण नहीं दिया। हालांकि, एक स्थानीय अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रांत में बचाव दलों को अब तक पांच शव मिले हैं।

### बाइक रैली



रूस के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय की प्रसिद्ध इमारत के पास पारंपरिक स्प्रिंग्स मोटरसाइकिल उत्सव पर मोटरसाइकिल रैली में भाग लेते युवा।

# युवाओं को देंगे अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा

लंदन, एजेंसी

● ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने पहली बड़ी चुनावी घोषणा की



ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने अपनी पहली बड़ी चुनावी घोषणा करते हुए कहा कि यदि कंजर्वेटिव पार्टी 4 जुलाई के चुनाव में जीत दर्ज करती है तो वह युवाओं के लिए अनिवार्य राष्ट्रीय सेवा का एक साहसिक नया रूप पेश करेंगे।

भारतीय मूल के नेता सुनक ने कहा कि उनकी योजना में 18 साल के युवाओं को 12 महीने के लिए पूर्णकालिक सैन्य नियुक्ति का विकल्प दिया जाएगा या एक साल के लिए महीने में एक सप्ताहांत के वास्ते स्वैच्छिक सेवा की योजना दी जाएगी। सैन्य नियुक्ति चयनात्मक होगी, जिसमें पात्रता तय करने के लिए परीक्षा ली जाएगी और इसमें सशस्त्र बल या साइबर रक्षा में काम करना शामिल होगा।

सुनक ने अपनी पार्टी की यह घोषणा करने के लिए एक प्रचार वीडियो में कहा ब्रिटेन में हमारे पास गर्व करने के लिए बहुत कुछ है लेकिन हमारे समाज में एक समस्या यह है कि हमारे पास युवाओं की ऐसी पीढ़ियां हैं जिनके पास वे अवसर नहीं हैं जिनके वे हकदार हैं।

### अब तक 122 नेताओं का चुनाव लड़ने से इनकार

**लंदन।** ब्रिटेन में आम चुनाव की घोषणा के साथ ही पीएम ऋषि सुनक को एक नई समस्या से जूझना पड़ रहा है। सत्ताधारी कंजर्वेटिव पार्टी में लगातार सासंदों का इस्तीफा जारी है। हाल ही में टोरी पार्टी के पुराने नेता माइकल गोव और आंद्रे लिडसम ने राजनीति को अलविदा कह दिया है। इसके साथ ही सुनक की पार्टी में राजनीति से संन्यास लेने वाले कुल सांसदों की संख्या 78 हो गई है। माइकल गोव से पहले रक्षा मंत्री बेन वालेस, पूर्व पीएम थेरेसा मे, साजिद जाविद, डोमिनिक राब, मैट हैनकॉक, नदीम जहावी जैसे दिग्गजों ने भी अगला आम चुनाव लड़ने से मना कर चुके हैं।

गर्व के पल — भारतीय फिल्मकारों के लिए शानदार रहा यह साल

# कान महोत्सव में भारत के नाम तीन पुरस्कार

कान, एजेंसी

भारत के लिए इस साल का कान फिल्म महोत्सव शानदार रहा और पायल कपाड़िया की ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट एफटीआईआई के छात्र चिदानंद एस. नाइक की सनफ्लावर वेयर द फर्स्ट वन्स टू नो, और द शेमलेस की अनसूया सेनगुप्ता को अलग-अलग श्रेणी में प्रमुख पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

शनिवार को संपन्न हुआ 77वां संस्करण निस्संदेह देश के लिए सबसे अच्छा रहा, इस दौरान आठ भारतीय या भारत पर आधारित फिल्मों को पुरस्कार प्रतिस्पर्धाओं में जगह मिली। भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) की पूर्व छात्रा कपाड़िया ने ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट के लिए ग्रां प्री पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय फिल्म निर्माता बनकर इतिहास रच दिया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा हमारी फिल्म को यहां तक लाने के लिए कान फिल्म महोत्सव का शुक्रिया। एक और भारतीय फिल्म के लिए कृपया 30 साल तक इंतजार न करें। फिल्म को पाम डि''ओर के बाद महोत्सव के दूसरे सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ग्रां प्री से सम्मानित किया गया है। अमेरिकी निर्देशक सीन बेकर को अनोरा के लिए सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार पाम डि''ओर से सम्मानित किया गया। कनी कुसरुति, दिव्या प्रभा और छाया कदम अभिनीत मलयाली-हिंदी फिल्म ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट मुंबई में सड़क यात्रा पर निकलीं तीन महिलाओं के इर्द-गिर्द घूमती है। कपाड़िया की फिल्म 30 वर्षों में मुख्य प्रतियोगिता में दिखाई गई पहली भारतीय फिल्म और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है। इससे पहले आखिरी बार शाजी एन करुण की फिल्म स्वाहम (1994) प्रदर्शित की गई थी।

बुल्गारियन निर्देशक कॉन्स्टेंटिन बोजानोव की द शेमलेस में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली प्रोडक्शन डिजाइनर सेनगुप्ता अन सर्टेन रिगार्ड श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले, कान महोत्सव के लिए चुनी गईं भारतीय फिल्मों में मृणाल सेन की खारिज (1983), एम एस सथ्यू की गर्म हवा (1974), सत्यजीत रे की पारस पत्थर (1958), राज कपूर की "आवारा" (1953) वी शांताराम की अमर भूपाली (1952) और चेतन आनंद की नीचा नगर (1946) शामिल हैं।



पुरस्कार के साथ पायल कपाड़िया व अन्य। ● एजेंसी

## पापुआ न्यू गिनी में भूस्खलन से 670 की मौत का अनुमान

**मेलबर्न।** अंतरराष्ट्रीय प्रवासन संगठन (आईओएम) ने रविवार को अनुमान जताया कि पापुआ न्यू गिनी में बड़े पैमाने पर हुए भूस्खलन से 670 लोगों की मौत होने की आशंका है।


दक्षिण प्रशांत द्वीप राष्ट्र में संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी के मिशन के प्रमुख सेरहान एक्टोप्राक ने कहा कि मौत का संशोधित आंकड़ा यमबली गांव और एंगा प्रांतीय अधिकारियों की इस गणना पर आधारित है कि शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 150 से अधिक मकान दब गए हैं, जबकि पहले 60 मकान दबने का अनुमान जताया गया था। एक्टोप्राक ने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) से कहा वे अनुमान लगा रहे हैं कि 670 से अधिक लोग मिट्टी के नीचे दबे हैं। स्थानीय अधिकारियों ने शुक्रवार को भूस्खलन के कारण 100 लोगों की मौत होने की आशंका जताई थी।

# सीमा निगरानी पर अमेरिका और द. कोरिया को चेतावनी

सोल, एजेंसी

● उ. कोरिया ने कहा- देश की संप्रभुता व सुरक्षा का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं

उत्तरी कोरिया ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया पर अंतर कोरियाई सीमा पर निगरानी गतिविधियों को बढ़ाने का आरोप लगाया है।



इसी के साथ उत्तर कोरिया ने चेतावनी भी दी कि देश की संप्रभुता और सुरक्षा का उल्लंघन होने पर वह इसके खिलाफ जवाबी कार्रवाई जरूर करेगा।

उत्तर कोरिया के रक्षा मंत्री किम गैंग ने कहा कि अमेरिका और दक्षिण कोरिया की कठपुतली वायुसेना पूरे दिन बहुत ही कम समय के अंतराल पर हवाई जासूसी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। किम ने आगे कहा जब देश की संप्रभुता और सुरक्षा को खतरा होगा, तो हम तुरंत कार्रवाई करेंगे।

### दक्षिण कोरिया ने मिसाइल की विकसित

दक्षिण कोरिया ने लंबी दूरी तक सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल (एल-एसएएम) प्रणाली का विकास पूरा कर लिया है, जो 50 से 60 किलोमीटर की ऊंचाई पर लक्ष्य को मार गिराने में सक्षम है। योनहाप समाचार एजेंसी ने दक्षिण कोरियाई रक्षा अधिग्रहण कार्यक्रम प्रशासन (डीएपीए) के हवाले से अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में शनिवार को कहा गया कि एल-एसएएम का उत्पादन अगले साल शुरू होने की उम्मीद है और सशस्त्र बलों को यह प्रणाली 2028 में प्राप्त होगी।